■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

वर्ष : 35, अंक : 280
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, बुधवार
12 मार्च 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1365 :** ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में विश्वविद्यालय की स्थापना।

**1496 :** यहूदियों को सीरिया से बाहर निकाला गया।

**1609 :** अटलांटिक महासागर में स्थित बरमुडा द्वीप अंग्रेजों का उपनिवेश बना।

**1930 :** महात्मा गांधी ने साबरमती आश्रम से दांडी मार्च की शुरुआत की।

**1954 :** भारत सरकार ने साहित्य अकादमी का उद्घाटन किया।

**आप पानी जैसे बनो जो अपना रास्ता खुद बनाता है, पत्थर जैसा ना बनो जो दूसरों का भी रास्ता रोक लेता है।**

## बिहार के युवा बेरोजगारों के लिए बड़ी खुशखबरी

# 19 हजार 838 सिपाहियों की होगी भर्ती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 12 लाख सरकारी नौकरी देने के संकल्प को पूरा करने का काम बहुत तेजी से पूरा किया जा रहा है। सूबे के पुलिस महकमे में अब 19 हजार 838 सिपाही की बहाली होने जा रही है। इसकी जानकारी केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन में मंगलवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता में दी। इसके साथ ही बिहार पुलिस एवं बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस में सिपाही के पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। सिपाही के 19 हजार 838 पदों पर महिला उम्मीदवारों के लिए 6 हजार 717 पद खासतौर से आरक्षित किए गए हैं। इस सिपाही बहाली में 50 फीसदी पद बिहार के गृहरक्षकों के लिए आरक्षित हैं।

### इस तरह कर सकते हैं आवेदन

इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 18 मार्च 2025 से शुरू होगी। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 18 अप्रैल 2025 निर्धारित




की गई है। इसकी तमाम प्रक्रियाओं में सफल होने वाले अभ्यर्थियों को सफल उम्मीदवारों को 21,700 से 69,100 रुपये तक का मासिक वेतन मिलेगा।

### इस श्रेणी के इतने उम्मीदवारों के लिए सीटें हैं आरक्षित

सिपाही बहाली के लिए 19 हजार 838 पद की भर्ती प्रक्रिया में गैर-आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए 7 हजार 935 पद, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 1983, अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के लिए 3174, अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के लिए 199, अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) के 3571, पिछड़ा वर्ग (बीसी) (53 ट्रांसजेंडर सहित) के लिए 2381 तथा पिछड़े वर्गों की महिलाओं के लिए (बीसीडब्ल्यू) वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 595 पद शामिल हैं। इसके अलावा स्वतंत्रता सेनानी के लिए आश्रित के लिए क्षैतिज आरक्षण व्यवस्था के तहत 397 पद चिन्हित किए गए हैं।

## 50 लाख की ड्रग्स जब्त, दो गिरफ्तार

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** पटना के बिहटा में पुलिस ने वाहन जांच के दौरान 50 लाख की स्मैक जब्त की है। मंगलवार को पुलिस ने दो स्मैक तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 438 ग्राम स्मैक पाउडर बरामद किया है। आरा में तनिष्क शॉ रूम में 25 करोड़ की लूट के बाद सीमा पर पुलिस की जांच तेज है। इस दौरान जांच के दौरान ही दोनों पकड़े गए। गिरफ्तार तस्करों की पहचान पटना के मसौढ़ी निवासी शैलेन्द्र कुमार और दुल्हिनबाजार थानाक्षेत्र निवासी राहुल कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से एक लग्जरी बाइक, दो मोबाइल फोन और एक बैग भी जब्त किया है।

## संदेहास्पद परिस्थिति में भाई-बहन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सीवान।** जिले के रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर बाजार में 24 घण्टे में भाई-बहनों की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। दो मासूमों की मौत से गांव में सन्नाटा पसर गया है। पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच में जुट गई है। मृतक अंकुर कुमार गांगुली का पांच वर्षीय पुत्र अर्पण गांगुली और तीन वर्षीय पुत्री सरेया गांगुली हैं। परिजनों ने बताया कि सोमवार को सरेया गांगुली को बाहर का दूध पिलाई गई। दूध पीने के साथ बच्ची सो गई। शरीर में हरकत नही होने पर मां ज्योति कुमारी चीखने लगी तो परिवार के लोगों ने बच्ची को रघुनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए ही उसका दाह संस्कार कर दिया। ठीक उसी प्रकार मंगलवार को भी अर्पण गांगुली की मां द्वारा दूध पिलाने के साथ मासूम अचेत की स्थिति में हो गया। परिजनों ने बच्चे को रघुनाथपुर रेफरल स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही रघुनाथपुर रेफरल अस्पताल से मेडिकल टीम एवं स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची एवं जांच में जुट गई। मृतकों को जो दूध पिलाई गई थी, शेष दूध को स्थानीय पुलिस एंव स्वास्थ्य विभाग द्वारा फ्रिज में सुरक्षित रखा गया है। लोगों को आशंका है कि घटना के पीछे कोई साजिश हो सकती है।






# नालंदा : सड़क हादसों में सात की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार के नालंदा में हुए तीन अलग अलग सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई है। ये तीनों घटनाएं एकंगरसराय, हिलसा और हरनौत थाना क्षेत्र की है। सभी मृतक शादी समारोह से जुड़े हैं। कोई शादी में शामिल होने जा रहे थे तो कोई वहां से लौट रहा थे। पहली घटना बिहार के नालंदा जिला के एकंगरसराय थाना क्षेत्र की है। जहां तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक वृद्ध को कुचल दिया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान एकंगरसराय निवासी स्व. गनौरी राम के 75 वर्षीय पुत्र विनोद राम के रूप में हुई है। दूसरी घटना हिलसा थाना क्षेत्र के पश्चिमी बाईपास की है। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो और बाइक में हुई टक्कर में चार युवकों की मौत हो गई है। टक्कर में मोटरसाइकिल कई मीटर तक घसीटते चली गई। जिससे इस हादसे में तीन युवकों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि एक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। तीसरी घटना हरनौत थाना क्षेत्र के गोनावां पुल के पास हुई। सीएनजी ऑटो और कार की टक्कर के बाद दोनों वाहन करीब 25 फीट गहरी खाई गिर पड़े। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान नूरसराय थाना क्षेत्र के रामप्रवेश पासवान (58) और पटना जिले के सकसोहरा थाना क्षेत्र के विवेक कुमार (50) के रूप में हुई है। मृतक दोनों रिश्ते में साढ़ू लगते हैं और हरनौत के बलवापर गांव में अपनी मौसेरी साली की शादी में शामिल होकर ऑटो से लौट रहे थे।

# बिहार में जल्द ही बालू मित्र पोर्टल की होगी शुरुआत : खनन मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा में मंगलवार को उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि राज्य में जल्द ही बालू मित्र पोर्टल की शुरुआत की जाएगी। विजय कुमार सिन्हा ने बतौर खनन मंत्री एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि इससे लोगों को घरों तक सही दर पर बालू की आपूर्ति सुनिश्चित करने की व्यवस्था होगी। इसका उद्देश्य बालू के अवैध खनन और कालाबाजारी पर रोक लगाना भी है। प्रश्नोत्तर काल में जब खनन मंत्री सवालों का जवाब दे रहे थे उस दौरान उनके बगल में बैठे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दर्शक दीर्घा की ओर किसी को



इशारा कर रहे थे। यह देख कर सभी चौंक गए। जबकि मुख्यमंत्री संकेतों में अपनी बात किसी तक पहुंचा रहे थे। नीतीश कुमार आंखों और हाथों से किसी से इशारों में हाल-चाल ले रहे थे। उधर विजय कुमार सिन्हा बता रहे थे कि बालू मित्र पोर्टल के माध्यम से उपयोगकर्ता सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर बालू खरीद सकते हैं और ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं। इसके पहले विधानसभा में शिक्षा मंत्री सुनील सिंह ने कहा कि बिहार की विभिन्न अकादमी को एकीकृत किया जाएगा। इनमें एसएससी से नियुक्ति होगी। भाजपा के अमरेंद्र प्रताप सिंह के सवाल पर उन्होंने कहा कि बिहार हिंदी ग्रन्थ अकादमी, मैथिली, मगही, भोजपुरी, संस्कृत सहित अन्य अकादमी को पुनर्जीवित किया जाएगा। वहीं नैक मान्यता पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि अप्रैल 2025 से नई नियमावली के तहत मान्यता दी जाएगी। एफिलिएटेड और नन एफिलेटेड यूनिवर्सिटी की मान्यता मिलेगी।

# मारा गया झारखंड का कुख्यात गैंगस्टर अमन साव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर अमन साव के साथ पुलिस की मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में गैंगस्टर अमन साव मारा गया है। मुठभेड़ उस वक्त हुई जब अमन साव को रायपुर जेल से लाया जा रहा था। जानकारी के मुताबिक, अमन साव को झारखंड एटीएस छत्तीसगढ़ के रायपुर से वापस लेकर लौट रही थी। इसी क्रम में पलामू के चैनपुर और रामगढ़ थाना के बीच अन्धारी ढोढा में अमन साव के गिरोह ने पुलिस वाहन पर बम से हमला कर दिया। इस दौरान अमन साव जवान का राइफल छीनकर भाग रहा था, जिसके बाद पुलिस ने उसका पीछा किया। इस दौरान पुलिस पर अमन साव ने फायरिंग की, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की। पुलिस के जवाबी कार्रवाई में अमन साव को गोली लगी और उसकी मौत हो गई है। फायरिंग में एक जवान के पैर में भी गोली लगी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पलामू पुलिस के बड़े अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और पूरे मामले की छानबीन कर रहे हैं। दरअसल, अमन साव पूरे झारखंड के लिए सिर दर्द बना हुआ था और पूरे झारखंड में 100 से भी अधिक आपराधिक घटनाएं के मामले दर्ज हैं। पलामू पुलिस की एक बड़ी टीम इलाके में कैंप कर रही है और हालात का जायजा ले रही है। सिर्फ पलामू में एक दर्जन




से भी अधिक बड़े आपराधिक घटनाओं के मामले अमन साव पर दर्ज थे। अमन साव पर पलामू में रेलवे कंस्ट्रक्शन साइट, नेशनल हाईवे पर फोरलेन कार्य पर रंगदारी के लिए फायरिंग करवाने का आरोप है। इसके अलावा अमन साव पर लातेहार के बालूमाथ के इलाके में कई बड़े आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने का आरोप है।

● **पटना।** बिहार में बर्ड फ्लू के मामले बढ़ रहे हैं। इसको देखते हुए शिक्षा विभाग सतर्क हो गया है। मंगलवार को शिक्षा विभाग के मध्याह्न भोजन योजना निदेशक साहिला ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश जारी करते हुए अगले आदेश तक शुक्रवार को एमडीएम (मिड डे मील) का अंडा बंद रखने का निर्देश दिया है। मध्याह्न भोजन योजना के निदेशक साहिला ने बतायी कि बर्ड फ्लू के बढ़ते प्रकोप के मद्देनजर अगले आदेश तक मध्याह्न भोजन योजना में बच्चों को अंडे नहीं दिए जाएंगे।




# कन्हैया कुमार की बिहार की सियासत में बढ़ी गतिविधियों से राजद के अंदर बेचैनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बढ़ती गहमागहमी के बीच कांग्रेस सूबे की सियासत में फिर से अपना जनाधार बढ़ाने की कोशिश में जुट गई है। बिहार की सियासत में कन्हैया कुमार की बढ़ती भूमिका तो इसी उसी ओर संकेत दे रहा है। कन्हैया कुमार को मैदान में उतार कर कांग्रेस ने युवाओं को साधने के साथ ही तेजस्वी यादव को भी सीधी चुनौती देने की कोशिश की है। कन्हैया कुमार की बिहार की सियासत में बढ़ी गतिविधियों से राजद के अंदर बेचैनी की स्थिति बताई जा रही है। दरअसल, राजद नहीं चाहता है कि तेजस्वी यादव के साथ कन्हैया कुमार को सियासी मैदान में उतारा जाए। सूत्रों की मानें तो कांग्रेस जिस तरह बिहार में पप्पू यादव और कन्हैया कुमार को आगे बढ़ा रही है, उससे राजद नाखुश है। तेजस्वी यादव राज्य में इन दोनों नेताओं के बढ़ते कद से परेशान हैं। दरअसल कांग्रेस ने बिहार में 'नौकरी दो, पलायन रोको' पदयात्रा की घोषणा की है जिसमें कन्हैया कुमार प्रमुख भूमिका में होंगे। उधर, पप्पू यादव लगातार राजद के खिलाफ बयानबाजी करते रहते हैं, इसके बावजूद कांग्रेस उन्हें आगे बढ़ा रही है। ऐसे फैसले राजद को असहज कर रहे हैं। कई बार वह खुलकर भी विरोध जता चुके हैं। सूत्रों की मानें तो राजद ने कांग्रेस को इस बारे में स्पष्ट मैसेज भी भेजा है। बावजूद इसके कांग्रेस जिस तरह बिहार में पप्पू यादव और कन्हैया कुमार को आगे बढ़ा रही है, उससे राजद नाखुश है। तेजस्वी यादव राज्य में इन दोनों नेताओं के बढ़ते कद से परेशान हैं। राजद चाहती है कि कांग्रेस उसका पूरा समर्थन करे। इसमें तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार प्रोजेक्ट करके चुनाव में उतरा जाए। लेकिन कांग्रेस अभी अटक रही है। सूत्रों की मानें तो तेजस्वी यादव कांग्रेस के कुछ फैसलों से नाराज हैं। नाराजगी इतनी बढ़ गई है कि कांग्रेस को भी राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ 12 मार्च को तेजस्वी के साथ की होने वाली बैठक टालनी पड़ी है। हालांकि इसकी बड़ी वजह होली बताई जा रही है। बिहार चुनाव की रणनीति पर काम शुरू करने के लिए कांग्रेस ने ये बैठक बुलाई थी। बैठक में बिहार के नए प्रभारी कृष्णा अल्लावारु और राहुल गांधी के साथ पार्टी के 30-35 सीनियर लीडर के मौजूद रहने की बात कही गई थी। बिहार चुनाव को लेकर ये बैठक काफी अहम मानी जा रही थी। उल्लेखनीय है कि महागठबंधन में सबसे बड़ी चुनौती मुख्यमंत्री पद का चेहरा है।

# नौकरी के बदले जमीन मामले में तेजप्रताप और हेमा को जमानत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले में लालू परिवार को मंगलवार को राहत मिली। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में इस मामले में हुई सुनवाई के दौरान राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव और उनकी बेटी हेमा यादव वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने हेमा यादव, तेज प्रताप यादव व एक अन्य को 50-50 हजार रुपए के निजी मुचलके पर जमानत दे दी। इस मामले में लालू यादव, तेजस्वी यादव, राबड़ी देवी, मीसा भारती, हेमा यादव समेत 8 आरोपियों को पहले ही कोर्ट जमानत दे चुकी है। सुनवाई के दौरान आज भोला यादव कोर्ट में मौजूद थे। भोला यादव को नियमित जमानत मिली है। वहीं, कोर्ट से राहत मिलने पर पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने कहा कि राहत तो मिलना ही है, हम लोगों ने कोई गुनाह थोड़े किए हैं। जान बूझकर हमारे परिवार को परेशान किया जा रहा है। भारत सरकार और राज्य सरकार मिलकर हमलोगों को फंसाने की कोशिश कर रही है जब भी चुनाव आता है तो ये लोग यही काम करते हैं। कोर्ट के आदेश का हम लोग सम्मान करते हैं जो भी कोर्ट का आदेश होगा हम लोग करेंगे। न्यायालय पर हमलोगों को पूरा भरोसा है। बता दें कि इस मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने पिछली सुनवाई में मामले पर संज्ञान लेते हुए तेजप्रताप यादव और हेमा यादव समेत अन्य को समन भेजकर 11 मार्च को कोर्ट में हाजिर होने का आदेश जारी किया था। कोर्ट के आदेश पर आज हेमा यादव और तेज प्रताप यादव कोर्ट के समक्ष पेश हुए। इससे पहले इस मामले में 25 फरवरी को सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने सीबीआई की तरफ से दाखिल फाइनल चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए सभी आरोपियों को समन भेजा था। इस मामले में सीबीआई ने लालू यादव समेत 78 अन्य लोगों के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी।

# 58 प्रतिशत की युवा आबादी बिहार के लिए महत्वपूर्ण अवसर : मंत्री संतोष कुमार सुमन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बाल रक्षा भारत द्वारा 'कोई भी युवा पीछे न छूटे' विषय पर आयोजित युवा इंटरफेस बैठक में राज्य स्तरीय युवा मंच की मांग को जोरदार समर्थन मिला। लघु जल संसाधन मंत्री संतोष कुमार सुमन ने इस मांग से सहमति व्यक्त करते हुए इस दिशा में प्रयास करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि युवा हमारे देश का भविष्य हैं। बिहार की कुल जनसंख्या में 58 प्रतिशत युवा आबादी है जो राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने युवा नेतृत्व को आजीविका से संबंधित कार्यक्रमों से जुड़ने और नीतिगत कठिनाइयों को सरकार तक पहुंचाने की अपील की ताकि आवश्यक सुधार किए जा सकें। विधायक ज्योति मांझी ने भी युवाओं से अपनी समस्याओं को अपने पंचायत / वार्ड प्रतिनिधि या विधायक के साथ साझा करने का आग्रह किया जिससे समाधान निकाला जा सके। बाल रक्षा भारत के प्रतिनिधि प्रदीप कुमार मिश्रा ने कहा कि बिहार की 58 प्रतिशत जनसंख्या युवाओं की है, इसलिए नेतृत्व भी उनके हाथों में होना चाहिए। उन्होंने युवा नेताओं के लिए मार्गदर्शन और मॉनिटरिंग की आवश्यकता पर बल दिया। इग्नू, पटना के प्रोफेसर विवेक कुमार सिन्हा ने राज्य के हर प्रखंड में कौशल केंद्र स्थापित करने का सुझाव दिया ताकि दूर-दराज के इलाकों के युवाओं को भी अवसर मिल सके। यूएनएफपीए के प्रतिनिधि अब्दुल जब्बार ने युवाओं से अपनी चुनौतियों को पहचानने और उन पर कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया। यूनिसेफ की बाल संरक्षण अधिकारी गार्गी शाह ने कहा कि खेती युवाओं के लिए आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत हो सकता है और इसे एक बेहतर रोजगार विकल्प के रूप में अपनाया जा सकता है।

# जलज कुमार अनुपम बने संस्कार भारती, उत्तर बिहार प्रान्त के कार्यकारिणी सदस्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** संस्कार भारती, बिहार प्रदेश की साधारण सभा का आयोजन, विजय निकेतन, राजेन्द्र नगर पटना में हुआ। इसमें पूरे प्रदेश से संस्था के सदस्यों और सैकड़ों कलाकारों ने भाग लिया। बिहार के दोनों प्रान्तों में दक्षिण बिहार के अध्यक्ष का दायित्व सुप्रसिद्ध लोक गायक भरत शर्मा 'व्यास' को दिया गया वहीं उत्तर बिहार की अध्यक्षा रंजना झा को बनाया गया। पूर्वी चम्पारण के जलज कुमार अनुपम को उत्तर बिहार प्रान्त के कार्यकारणी का सदस्य नियुक्त किया गया और इसके साथ-साथ भोजपुरी कला उत्सव के सह संयोजक का भी दायित्व दिया गया।

# पटना के बी. डी. कॉलेज में अंतर महाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का समापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के तत्वावधान में बी. डी. कॉलेज, पटना में आयोजित अंतर-महाविद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता भव्यता और उत्साह के साथ संपन्न हुई। यह आयोजन कला, संस्कृति और संगीत की अभिव्यक्ति का अनुपम संगम बना जिसमें विश्वविद्यालय से जुड़े विभिन्न महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियों से मंच को संगीतमय कर दिया।

**दीप प्रज्ज्वलन से हुआ शुभारंभ**

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विवेका नंद सिंह ने सभी सम्मानित आगन्तुक निर्णायक मंडलों एवं महाविद्यालय की शिक्षिकायें डॉ. लाडली कुमारी, डॉ. रेखा रानी और डॉ. ममता शर्मा के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयका डॉ. विनीता तिवारी ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया और प्रतियोगिता के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात छात्रा रिया द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत ने पूरे सभागार को संगीतमय कर दिया। मंच संचालन का दायित्व डॉ. राहुल अमृतराज और डॉ. विनीता तिवारी ने बखूबी से निभाया जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को सुव्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाया। सांस्कृतिक प्रतियोगिता के अंतर्गत सबसे पहले लोकगीत (सोलो) प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें प्रतिभागियों ने पारंपरिक लोकधुनों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद भजन गायन प्रतियोगिता ने आध्यात्मिक वातावरण सृजित किया जबकि शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता ने भारतीय संगीत की गरिमा को सजीव किया। लोकगीत (ग्रुप) प्रतियोगिता ने संगीतमय समां बांध दिया जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने पारंपरिक धुनों के साथ लोकसंस्कृति को जीवंत किया। निर्णायक मंडल के विद्वानों ने सभी प्रस्तुतियों का गहन मूल्यांकन कर सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं का चयन किया। सभी प्रतियोगिताओं के सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद महाविद्यालय बर्सर डॉ. अमित कुमार ने कार्यक्रम की सफलता को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समापन समारोह में विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर डॉ. दिवाकर कुमार पांडे (दर्शनशास्त्र विभाग) ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# होली में किया हुड़दंग तो सख्ती से निपटेगी पुलिस, 58 जगहों पर 14 दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** रंगों का त्योहार होली को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण संपन्न कराने के लिए मंगलवार को एसडीएम अमित कुमार पटेल की अध्यक्षता में विधि व्यवस्था की समीक्षा समेत शांति समिति की बैठक संपन्न हुयी। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम ने कहा कि सभी के सहयोग से हर पर्व, त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने की परम्परा रही है। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम ने कहा कि इस वर्ष होली का त्योहार 14 एवं 15 मार्च को मनाये जाने की सूचना है जबकि 13 मार्च की रात्रि में होलिका दहन किये जाने की सूचना है। साथ ही वर्तमान समय में पवित्र रमजान माह चल रहा है। ऐसे में सभी आपसी सौहार्द बनाए रखें। उन्होंने कहा कि होली त्योहार के अवसर पर संवेदनशील स्थलों को चिन्हित किया गया है। अनुमंडल मुख्यालयों में नियंत्रण कक्ष कार्यरत है। ऐसे में पूरे मसौढ़ी अनुमंडल के तीनों प्रखंड मिलाकर कुल 58 जगहों पर 14 दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। अनुमंडल में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है जो तीन पालियों में यह कार्यरत रहेगा। अनुमंडल नियंत्रण कक्ष का प्रभार कार्यपालक दंडाधिकारी इंद्राणी देवी एवं प्रशासक पदाधिकारी प्रभु सिंह को दायित्व सौंपी गई है। इसके अलावा सभी वरीय प्रभार में वरीय उपसमाहर्ता कोमल किरण रहेंगे। मसौढ़ी प्रखंड में कुल 25, धनरूआ प्रखंड में 18 और पुनपुन प्रखंड में 15 जगहों पर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके साथ ही अश्लील गानों के बजाने पर भी रोक लगायी गयी है। होली के मद्देनजर अफवाह फैलाने वाली, विधि-व्यवस्था को प्रभावित करने वालों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। आयोजित बैठक में डीएसपी-1 नभ वैभव, डीएसपी - 2 कन्हैया कुमार, अंचलाधिकारी मसौढ़ी प्रभात रंजन, अंचलाधिकारी धनरूआ श्वेता कुमारी, पुनपुन अंचलाधिकारी के साथ सभी थानों के पुलिस पदाधिकारी एवं आमजन उपस्थित रहे।

# आयुध निर्माणी में इएसआइसी द्वारा जागरूकता सत्र का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** इएसआइसी क्षेत्रीय कार्यालय, पटना द्वारा मेसर्स आयुध निर्माणी राजगीर के परिसर में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। संस्थान के मुख्य महाप्रबंधक अनिल कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ईएसआईसी के बीमा आयुक्त (पूर्वी क्षेत्र) प्रणय सिन्हा एवं क्षेत्रीय निदेशक बिहार सीए निरंजन कुमार का सम्यक स्वागत किया। सत्र के दौरान संस्थान में काम करने वाले श्रमिक एवं कर्मचारियों को इएसआईसी द्वारा प्रदान किए जाने वाले नकद व चिकित्सा हितलाभों, ऑनलाइन दावों के प्राप्त करने के तरीकों, आधार सीडिंग आदि विषय पर विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया गया। बीमा आयुक्त एवं क्षेत्रीय निदेशक दोनों ने संगठित क्षेत्र के अधिक से अधिक श्रमिकों तक इएसआइ योजना के बारे में जागरूकता पर बल दिया और आने वाले दिनों में लाभार्थियों तक चिकित्सा सुविधा की आसान पहुंच संबंधित कार्ययोजना के विषय में भी बताया। इस अवसर पर इएसआइसी से केशव कुमार झा (उप निदेशक), विजय केशरी (राज्य चिकित्सा अधिकारी), जयंत कुमार (सहायक निदेशक), राजेश कुमार (सहायक निदेशक) एवं आयुध निर्माणी (ऑर्डनन्स फैक्ट्री) के अन्य सहयोगी अधिकारी- कर्मचारी और श्रमिक सम्मिलित रहे।

# स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेकर पटना की रैंकिंग को बेहतर करने में करें मदद : नीतू कुमारी नवगीत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्वच्छता सर्वेक्षण रैंकिंग में पटना शहर को बेहतर पोजीशन पर रखने के लिए जन भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से पटना नगर स्वच्छता जागरूकता टीम द्वारा पटना सिटी के बजरंग पुरी स्थित कारण सम्राट कम्युनिटी हॉल में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बिहार के प्रसिद्ध लोक गायिका नीतू कुमारी नवगीत ने बिहार के पारंपरिक लोकगीतों और होली गीतों के माध्यम से लोगों को स्वच्छ पटना के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से उन्होंने अपील की कि स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेकर पटना की रैंकिंग को बेहतर करने में मदद करें। उन्होंने कहा कि होली रंगों का त्योहार है। होली स्वच्छता, समता और भाईचारे का भी त्योहार है। होली के त्योहार पर भी हम सभी स्वच्छता का संकल्प लें, अपने शहर को साफ रखें और साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेकर पटना की रैंकिंग को ऊपर ले जाएं। सब मिलकर काम करेंगे तो स्वच्छ पटना का सपना साकार होगा। इस अवसर पर पटना सिटी के सर्किल हेड सुधांशु रंजन कुमार, मधु मंजरी, नरेश कुशवाहा, प्रोफेसर सुबोध कुमार मेहता, राजेश यादव, चंदन उगना, राजू, दिव्याश्री, धीरज पांडे, आशीष पंडित, अमर कुमार आदि मौजूद रहे।

# प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा राज्य के 12 जिलों में चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** होलिका दहन की सामग्री के साथ अति-प्रदूषणकारी पदार्थों यथा- टायर, रबर, मोबिल, प्लास्टिक आदि जलाने से उत्पन्न हानिकारक प्रदूषक उत्पन्न होते हैं। जन-सामान्य में ऐसे वायु प्रदूषण के प्रति चेतना अभिवर्धित करने के उद्देश्य से बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा राज्य के 12 जिलों में प्रतिदिन 4 भिन्न स्थलों पर चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के दूसरे दिन भी आज कुल 48 भिन्न स्थलों पर नुक्कड़-नाटक का प्रदर्शन कराया गया। जागरूकता अभियान के दूसरे चरण में राजधानी पटना में कुल 5 नाट्य मंडलियां द्वारा 12 एवं 13 मार्च को प्रतिदिन 4 भिन्न स्थलों पर नुक्कड़-नाटक का प्रदर्शन कराया जायेगा। दो दिवसीय अभियान के दौरान पटना शहर में कुल 40 स्थलों पर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन कराया जायेगा। इस प्रकार दो चरणों में चलाये जा रहे इस जागरूकता अभियान के दौरान राज्य के 13 जिलों में नाट्य प्रदर्शन के माध्यम से जन-सामान्य में हानिकारक प्रदूषकों के उत्सर्जन के प्रति सचेत किया जा रहा है।

# प्रभु आहार एवं आधार फाउंडेशन ने होली पर जरूरतमंदों के बीच खुशियां बांटी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** होली, रंगों और खुशियों का त्योहार, समाज के हर वर्ग के लिए विशेष होता है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए प्रभु आहार ने इस वर्ष भी जरूरतमंदों के बीच खुशियां बांटने का संकल्प लिया। मौके पर महासचिव मुकेश जैन ने कहा कि संस्था ने होली के शुभ अवसर पर जरूरतमंद लोगों को रंग, अबीर, मिठाइयां, टी-शर्ट और अन्य आवश्यक वस्तुएं वितरित कीं। यह आयोजन विशेष रूप से उन लोगों के लिए था, जो आर्थिक तंगी के कारण त्योहार की खुशियों से वंचित रह जाते हैं। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष राकेश कुमार ने कहा होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, सौहार्द और सहयोग का प्रतीक है। हमारा उद्देश्य समाज के हर वर्ग के साथ इस खुशी को साझा करना है, ताकि कोई भी इस उत्सव से वंचित न रहे। आधार के अध्यक्ष एम पी जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम में काफी अधिक संख्या में जरूरतमंदों को लाभान्वित किया गया। संस्था के सदस्यों और स्वयंसेवकों ने सक्रिय रूप से भाग लेकर इसे सफल बनाया। प्रभु आहार लंबे समय से जरूरतमंदों की सहायता में सक्रिय है और समाजसेवा के कार्यों में अग्रसर है। संस्था आगे भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से जरूरतमंदों की मदद करती रहेगी। कार्यक्रम में राकेश कुमार, मुकेश जैन, मुकेश नंदन, डॉ गीता जैन, एम.पी. जैन, संजय राय, धर्मराज केशरी, प्रेम कुमार, रवींद्र कुमार, आदित्य राज अन्य लोग मौजूद थे।

# नवीन गुप्ता एफएआईओटीए के अध्यक्ष निर्वाचित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पंजाबी ब्रादरी के अध्यक्ष दिलजीत खन्ना ने कृष्णा एजेंसीज, पटना के प्रबंध निदेशक नवीन गुप्ता को फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया आईटी एसोसिएशंस के अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई दी है। खन्ना ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि नवीन गुप्ता बिहार के सबसे प्रतिष्ठित आईटी उद्यमियों में से एक हैं जो पिछले तीन दशकों से अपनी नैतिक व्यावसायिक नीतियों के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि पंजाबी ब्रादरी सार्वजनिक समारोह में नवीन गुप्ता को सम्मानित करेगी क्योंकि यह बिहार के लिए गर्व की बात है कि उन्होंने एफएआईओटीए के अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया है। यह चुनाव 9 मार्च 2025 को लखनऊ में हुआ, जो भारत के आईटी उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। एफएआईओटीए एक राष्ट्रीय संगठन है, जो देश भर के आईटी संघों का प्रतिनिधित्व करता है और उद्योग हितधारकों के लिए नीति निर्माण एवं प्रौद्योगिकी विकास में अहम भूमिका निभाता है।

# अन्तर्जालीय दशदिवसात्मक संस्कृत व्याकरण शिविर का सफल समापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** संस्कृत भाषा और व्याकरण के संवर्धन हेतु आयोजित छत्रपति शिवाजी महाराज स्मृति अन्तर्जालीय दशदिवसात्मक संस्कृत व्याकरण शिविर का समापन समारोह सफलता और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता डॉ. मुकेश कुमार ओझा (राष्ट्रीय अध्यक्ष, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान एवं महासचिव, बिहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना) ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने संस्कृतव्याकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्कृत केवल एक प्राचीन भाषा नहीं, बल्कि ज्ञान-विज्ञान की अमूल्य धरोहर है जिसे जीवंत बनाए रखने की आवश्यकता है। इस अवसर पर शिविर का उद्घाटन पिंटू कुमार (राष्ट्रीय संयोजक, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान एवं शोधार्थी, संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय) ने किया। उन्होंने इस आयोजन की उपयोगिता पर चर्चा करते हुए बताया कि यह शिविर संस्कृत व्याकरण को सरल और सुलभ रूप में समझाने हेतु आयोजित किया गया जिससे अधिक से अधिक लोग संस्कृत के प्रति आकर्षित हों। साथ ही संस्कृत सम्बन्धित विविध परीक्षाओं यथा जेआरफ आदि के तैयारी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्कृत शिक्षक सदानन्द प्रसाद उपस्थित रहे जिन्होंने संस्कृत भाषा शिक्षण के आधुनिक और प्रभावी तरीकों पर चर्चा की। समापन सत्र में सुजाता घोष ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया तथा ऐक्य मंत्रोच्चारण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। साथ ही प्रथम पुरस्कार ललन तथा द्वितीय पुरस्कार संयुक्त रूप से सुजाता घोष, विद्या एवं डॉ रम्भा कुमारी को प्राप्त हुआ।

# महिला सशक्तिकरण की नई पहल: नवाचार और कौशल विकास से आत्मनिर्भरता की ओर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना द्वारा संचालित 7-दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन 11 मार्च 2025 को दुल्हिन बाजार, पटना में हुआ। यह निरंतर आय और कृषि स्थिरता के लिए सहभागी अनुसंधान अनुप्रयोग कार्यक्रम के अंतर्गत अनुसूचित जाति उप-योजना के तहत किया गया था जिसका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना था। विदित हो कि पिछले वर्ष इस कार्यक्रम के अंतर्गत महिला किसानों को सिलाई मशीनें वितरित की गई थीं और वैज्ञानिकों की एक टीम द्वारा समय-समय पर इसका मूल्यांकन और प्रभाव आकलन भी किया गया। इसके उपरांत इस वर्ष महिलाओं की सिलाई कौशल को और निखारने के दृष्टिकोण से 1 से 7 मार्च 2025 तक 7-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**महिला किसान गोष्ठी और कृषि संसाधन वितरण**

सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह के उपलक्ष्य में संस्थान की महिला वैज्ञानिकों की टीम द्वारा एक महिला किसान संगोष्ठी भी आयोजित की गई जिसमें उन्होंने कृषि तकनीकों, पशुपालन, उद्यमिता और स्थायी आजीविका रणनीतियों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। साथ ही महिला किसानों को सब्जियों के बीज और सिंचाई पाइप जैसे कृषि संसाधन वितरित किए गए जिससे उनकी आजीविका सुधारने एवं पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक महिला किसानों सहित लगभग 150 प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी की। संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास ने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि महिला किसानों की भागीदारी न केवल उनकी आजीविका को सुधारती है, बल्कि उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ाती है जिससे वे अपने कौशल, पोषण सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता को मजबूत कर सकें। उन्होंने यह भी बताया कि सिलाई मशीन प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को अतिरिक्त आय के भी अवसर मिलेंगे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. शिवानी, प्रधान वैज्ञानिक ने कहा कि यह सशक्तिकरण ग्रामीण समुदायों के लिए दीर्घकालिक सकारात्मक प्रभाव ला सकता है, जिससे टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा मिलेगा।

# श्याम फागुन महोत्सव के चौथे दिन रात्रि जागरण आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** श्याम फागुन महोत्सव के चौथे दिन रात्रि जागरण हुआ था। आज श्याम बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया था। श्री श्याम बाबा की मनोहारी छटा भक्तों को आनंदित कर रही थी। श्याम बाबा की अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित की गयी। यह रात्रि जागरण श्याम मंडल पटना के सौजन्य से किया गया। भक्तों ने पूरी रात्रि श्याम बाबा का गुणगान भजनों के द्वारा किया। पूरी रात भक्तजन श्याम बाबा का गुणगान करते रहे तथा सुबह पांच बजे जागरण समापन हुआ। श्याम फागुन महोत्सव के चौथे दिन श्री श्याम मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गयी। हवन किया गया एवं श्याम बाबा को भेंट चढ़ाई गयी। श्याम बाबा को छप्पन भोग लगाया गया। दोपहर में श्री श्याम के चरणों में सवामनी प्रसाद समर्पित कर भक्तगण अपने को धन्य मान रहे थे। आज खीर, पूरी एवं चूरमा विशेष भोग लगाया गया। मंदिर में आने वाले सभी भक्तजनो ने प्रसाद ग्रहण किया।

# आसनसोल से पटना एवं गोरखपुर के लिए होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** होली के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में और 02 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालित का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है - गाड़ी सं. 03511/03512 आसनसोल-पटना-आसनसोल अनारक्षित स्पेशल (झाझा-किउल-मोकामा के रास्ते) - गाड़ी सं. 03511 आसनसोल-पटना अनारक्षित स्पेशल 13 मार्च, 2025 को आसनसोल से 11.30 बजे खुलकर उसी दिन 18.45 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 03512 पटना-आसनसोल अनारक्षित स्पेशल 13 मार्च, 2025 को पटना से 19.45 बजे खुलकर अगले दिन 03.45 बजे आसनसोल पहुंचेगी। गाड़ी सं. 03513/03514 आसनसोल-गोरखपुर-आसनसोल अनारक्षित स्पेशल (झाझा- किउल-बरौनी-समस्तीपुर-हाजीपुर-सिवान के रास्ते) - गाड़ी सं. 03513 आसनसोल-गोरखपुर अनारक्षित स्पेशल 12 मार्च, 2025 को आसनसोल से 18.30 बजे खुलकर अगले दिन 10.15 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 03514 गोरखपुर-आसनसोल अनारक्षित स्पेशल 13 मार्च, 2025 को गोरखपुर से 13.00 बजे खुलकर अगले दिन 03.45 बजे आसनसोल पहुंचेगी। यात्रीगण रेल परिचालन से जुड़ी किसी भी प्रकार की अद्यतन जानकारी रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 डायल कर अथवा नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम (एन.टी.ई.एस.) वेब पोर्टल या मोबाइल एप से प्राप्त कर सकते हैं।

# होली और ईद पर शांति बनाए रखने के लिए रोहतास जिला प्रशासन सतर्क

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** आगामी होली और ईद-उल-फितर के मद्देनजर रोहतास जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। मंगलवार को जिला पदाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें पुलिस अधीक्षक, अन्य प्रशासनिक अधिकारी और शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे। बैठक में तय किया गया कि चूंकि इस वर्ष होली और रमजान के जुम्मे का दिन एक ही तिथि पर पड़ रहा है, इसलिए जिले में सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखा जाएगा। विशेष रूप से मस्जिदों और ईदगाहों के पास पुलिस गश्ती बढ़ाई जाएगी और रात में बाजार जाने वाले मुस्लिम समुदाय के लोगों की सुरक्षा



सुनिश्चित की जाएगी। शांति समिति के सदस्यों ने त्योहारों के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इसमें शराबबंदी को कड़ाई से लागू करने, सभी वार्डों में पार्षदों के साथ बैठक करने, होलिका दहन के दिन अग्निशामक दल को सतर्क रखने और सरकारी अस्पतालों में 24 घंटे चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति की व्यवस्था शामिल है। इसके अलावा, बिजली विभाग को निर्देश दिया गया है कि त्योहारों के दौरान कहीं भी विद्युत तार टूटने पर तत्काल मरम्मत कराई जाए ताकि अंधेरा न हो। साथ ही डीजे और अश्लील गानों पर सख्त प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया है। जिला पदाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कि वाहनों की नियमित चेकिंग की जाएगी, संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस गश्ती बढ़ेगी और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई। शांति समिति के सदस्यों से आग्रह किया गया कि वे अपने-अपने इलाकों में सतर्क रहें और किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत प्रशासन को दें।

## रोहतास डीएम ने दिए शराब माफिया पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिला प्रशासन की ओर से आज जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में मद्य निषेध से संबंधित एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें अवैध शराब के विनष्टीकरण और नीलामी प्रक्रियाओं को तेज करने पर जोर दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिले के तीनों अनुमंडलों में जब्त किए गए वाहनों की शीघ्र नीलामी सुनिश्चित की जाए। इसके लिए सहायक आयुक्त मद्य निषेध रोहतास की मदद से उचित मूल्यांकन की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने को कहा गया। सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि उनके थाना क्षेत्र में जब्त शराब के विनष्टीकरण का प्रस्ताव विधि शाखा रोहतास को शीघ्र भेजा जाए और कोर्ट से प्रमाण पत्र प्राप्त कर इसे तेजी से नष्ट करने की प्रक्रिया अपनाई जाए। होली पर्व को देखते हुए पुलिस एवं मद्य निषेध पदाधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया। सार्वजनिक स्थलों, खासकर बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध वाहनों की गहन जांच करने और अवैध शराब बनाने व बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के आदेश दिए गए हैं। इसके अलावा न्यायालय से जमानत पर रिहा किए गए शराब माफियाओं की गतिविधियों पर विशेष नजर रखने और उनके ठिकानों पर छापेमारी करने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि वे फिर से अवैध कारोबार में लिप्त न हो सके।

# जिला उद्योग केन्द्र में ऋण वितरण शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** जिला उद्योग केन्द्र सासाराम के सभागार में ऋण वितरण शिविर 'संकल्प' का आयोजन किया गया। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति बिहार के निर्देशानुसार 11 मार्च को एवं उद्योग विभाग बिहार सरकार के निर्देशानुसार 12 मार्च 2025 को बिहार के सभी जिले में ऋण वितरण शिविर आयोजित करना है। उपरोक्त निर्देश के तहत आज जिला उद्योग केन्द्र सासाराम में संयुक्त ऋण वितरण शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड एवं अन्य ऋण योजनाओं के लाभुकों के बीच ऋण स्वीकृति पत्र बांटे गये। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक आशीष रंजन ने ऋणधारकों से कहा कि पीएमएफएमई एक अति महत्वपूर्ण योजना है जिसमें खाद्य प्रसंस्करण के चालू या फिर नई यूनिट लगाने के लिए व्यवसायियों को 10 लाख की सीलिंग के साथ 35 प्रतिशत तक का अनुदान प्राप्त होता है। आगे उन्होंने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री खाद्य प्रसंस्करण उन्नयन योजना में जिले को 352 का लक्ष्य निर्धारित है जिसमें 244 आवेदनों की स्वीकृति हो चुकी है। शिविर में संबोधित करते हुए अग्रणी जिला प्रबंधक शैलेश कुमार ने ऋणधारकों से कहा कि जिस कार्य के लिए ऋण ले रहे हैं, इन पैसों का वहीं उपयोग करें और बैंकों द्वारा तय किये गये मासिक किस्त को समय पर अदायगी भी करें। ताकि बैंक पुनः आपको ऋण दे सके और बैंक और ऋणधारकों के बीच आपसी सामंजस्य बना रहे। सुनील कुमार, जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड ने नाबार्ड द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मौके पर बैंकों के जिला समन्वयक विकास रंजन, अभिनन्दन दास, विजय कुमार, अजय कुमार, इंद्रजीत कुमार, नवनीत कुमार उपस्थित थे।

# होली सद्भावना एवं प्रेम का पर्व : डॉ बीरेंद्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अनुमंडल क्षेत्र के बौलिया में गुरुसोत सीटी रोहित बिहार के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के अतिथि डॉ बीरेंद्र कुमार पैक्स अध्यक्ष कमलेश मोहन यादव, पूर्व मुखिया हरेराम यादव, डॉ ओ पी आनन्द, डॉ एस के निषाद, डॉ सी के सिंह, डॉ एस पी सिंह आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर होली मिलन समारोह का उद्घाटन किया। जिले के चर्चित सर्जन डॉ बिरेंद्र कुमार ने कहा कि होली सद्भावना एवं प्रेम का पर्व है इसमें दुश्मन भी गले मिलते हैं। होली बसंत ऋतु में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण भारतीय लोगों का त्यौहार है यह पर्व हिंदू पंचांग के अनुसार



फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। होली रंगों का तथा हंसी-खुशी का त्यौहार है यह भारत का एक प्रमुख और प्रसिद्ध त्यौहार है जो आज विश्व धर्म में मनाया जाने लगा है। प्रमुख आयोजक जिले के चर्चित सर्जन डॉ वीरेंद्र कुमार और राजबली यादव ने सभी अतिथियों को गुलाल लगाकर एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया। मौके पर काफी संख्या में गणमान्य लोग तथा कई पंचायत प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# अनियंत्रित ट्रक ने महिला को रौंदा, दर्दनाक मौत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** शहर के आरओबी के पास मंगलवार के दोपहर में अनियंत्रित ट्रक ने महिला को रौंद दिया जिसमें उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई जबकि महिला के साथ सड़क पार कर रहा उसका बारह वर्षीय पुत्र बाल-बाल बच गया। हालांकि मां के शव को देख लड़का बेहोश हो गया। महिला अपने मायके रोहतास जिला के आलमपुर गांव से वापस अपने ससुराल जा रही थी। उक्त घटना फोरलेन सड़क पार करने के दौरान हुआ। घटना के बाद कुछ देर तक सड़क पर जाम लग गया। घटना के बाद सड़क पर आसपास लोगों की भीड़ उमड़ गई। सूचना पर पहुंची एनएचएआई व स्थानीय पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया। महिला चंद्रावती देवी पति रोहतास जिला के करहगर थाना के खरहरी गांव की निवासी थी। घटना के सम्बंध में बताया जाता है कि महिला कुदरा से अपने गांव जाने के लिए फोरलेन सड़क पार कर थी। महिला फोरलेन सड़क के बीच में लगे डिवाइडर को पार कर सड़क पार करने वाली ही थी कि मोहनियां से सासाराम की तरफ तेज गति में जा रहे ट्रक ने महिला को रौंद दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को देने के बाद पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया।

## घटना के बाद ट्रक लेकर भागा चालक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** थाना क्षेत्र के कुदरा आरओबी के पास सड़क दुर्घटना आम बात हो गई है। मंगलवार को अनियंत्रित ट्रक ने एक महिला को रौंद दिया जिसमें उसकी दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर भाग गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि ट्रक की गति काफी तेज थी। घटना के बाद भी ट्रक चालक उसी गति से ट्रक लेकर भाग गया।

## ट्रैफिक पुलिस के अभाव में डिवाडर लांघकर सड़क पार करते हैं ग्रामीण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** शहर के आरओबी के पास जान जोखिम में डालकर हजारों की संख्या में प्रतिदिन ग्रामीण डिवाइडर को लांघकर फोरलेन सड़क पार करते हैं जिसके चलते उक्त स्थान पर हमेशा सड़क दुर्घटना होती रहती है। दुर्घटना में कईयों ने जान गवां दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हमेशा व्यस्त रहने वाली सड़क पर हमेशा सड़क पार करते हैं जिनको रोकने वाला कोई नहीं है। उक्त स्थान पर शनिवार को एक महिला की मौत के बाद लोगों में प्रशासन के खिलाफ आक्रोश दिखा। लोगों का कहना था कि स्थानीय लोग वर्षों से उक्त स्थान पर ट्रैफिक पुलिस तैनात करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है जिसके चलते वहां अक्सर दुर्घटनाएं हो रही है।

# जन अधिकार फाउंडेशन का कार्य सराहनीय : ओम प्रकाश पाल

### कुशल नारी सशक्त समाज की अवधारणा पर कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** जन अधिकार फाउंडेशन सह कुशल युवा कार्यक्रम पशिक्षण केन्द्र अकोढ़ी गोला में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कुशल नारी सशक्त समाज के अवधारणा पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पूर्व एडीएम एवं हाई कोर्ट के अधिवक्ता ओमप्रकाश पाल एवं कुशल युवा कार्यक्रम की छात्राओं एवं जन अधिकार फाउंडेशन के सचिव सुजीत कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि ओमप्रकाश पाल ने कहा कि जन अधिकार फाउंडेशन का कार्य सराहनीय है। उन्होंने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि एक कुशल नेतृत्वकर्ता हर दिन अपनी गलतियों से सीखता है तथा उसे सुधारने की कोशिश करता है। सफलता की राह में कई तरह की समस्याएं एवं चुनौतिया आती हैं जिसका




सामना करने में धैर्य एवं दृढ संकल्प महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। युवाओं में कुशल संवाद एवं आत्मविश्वास बढ़ाने सरकार द्वारा कई निशुल्क प्रशिक्षण केन्द्र चलाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब महिलाओं के अन्दर कुशलता आ जाती है तो वह स्वयं सशक्त हो जाती हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मस्वावलंबन बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री महिला उधमी योजना, कन्या उत्थान योजना सहित कई योजनाएं चल रही हैं। जन अधिकार फाउंडेशन के सचिव सुजीत कुमार ने बिहार स्टूडेंट केडिट कार्ड योजना पर विस्तार से बताया। महिला आधारित योजनाओं के प्रचार-प्रसार के पचीस बालिकाओं को संस्था द्वारा बैग देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता विजय शंकर तिवारी, राघो पाल, अभिषेक कुमार, बिरेन्द्र सागर, अनुज कुमार पासवान, बसावन पासवान, प्रमोद कुमार सहित दर्जनों छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका रीतिका राज ने की।

# जिला अधिवक्ता संघ ने किया होली मिलन समारोह आयोजित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** जिला अधिवक्ता संघ भभुआ (कैमूर) के सभागार में मंगलवार को होली मिलन समारोह का कार्यक्रम किया गया जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष रविंद्र नाथ चौबे एवं संचालन महासचिव मंटू पाण्डेय ने किया। होली मिलन समारोह में गायक सुरेश प्रसाद अधिवक्ता, दुर्गा कुमारी, हरमोनिया पर प्रोफेसर पंकज सिंह, तबला पर अर्जुन सिंह ने अपने कल के माध्यम कार्यक्रम में समा बांध दिया। कार्यक्रम में एडीजे अनिल कुमार ठाकुर, धर्मेंद्र कुमार तिवारी, प्रमोद कुमार पाण्डेय, मुंसिफ पुष्पेंद्र शर्मा, अधिवक्ता अजीत कुमार सिंह, प्रसून कुमार मिश्रा, सच्चिदानंद राय, छोटे शुक्ला, मधुबन चौबे उपाध्यक्ष अनिल कुमार, कोषाध्यक्ष अजीत कुमार गिरीश कुमार श्रीवास्तव, सुनील उपाध्याय, वीरेंद्र कुमार सिन्हा, अतुल कुमार तिवारी, अरविंद कुमार श्रीवास्तव, सीताराम यादव, मनोज कुमार मिश्रा, शशिकांत पाण्डेय, ऋषभ कुमार मौर्य, गोपाल तिवारी, रजनीकांत शुक्ला, गोपाल सिंह, मुन्ना सिंह, राकेश तिवारी, अमित दुबे, मंगल उपाध्याय, प्रभाकर दुबे, ओम प्रकाश मिश्रा, शशिकांत मिश्रा, सुनील सिंह, प्रदीप कुमार सहित काफी संख्या में अधिवक्ता एवं संघ के कर्मी सुनील कुमार, उमा कुमार, मनोज कुमार, उज्ज्वल कुमार पांडे वगैरह उपस्थित थे।

# होली और रमजान को लेकर मुखिया और थानाध्यक्ष ने जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड क्षेत्र के मझिआंव पंचायत के नेचर विलेज गांव टंडवा गांव के पंचायत भवन पर मंगलवार को होली एवं रमजान पर्व शांतिपूर्वक मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता मझिआंव पंचायत के मुखिया अनिल कुमार ने की। बैठक में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी रोहित कुमार, अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी मुकेश कुमार, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अशोक कुमार सहकारिता प्रसार पदाधिकारी मनोहर गुप्ता सब इंस्पेक्टर उपेन्द्र पासवान की उपस्थिति में होली पर्व शांतिपूर्वक एवं आपसी भाईचारा के साथ मनाने की अपील की। श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी रोहित कुमार ने उपस्थित ग्रामीणों व



जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्व के दौरान डीजे पर प्रतिबंध रहेगा। होली के दौरान असामाजिक तत्वों की ओर से सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने पर कार्रवाई की बात कही गयी। मुखिया अनिल कुमार ने भी अपने पंचायत वासियों से कौमी एकता का परिचय देते हुए आपसी सौहार्द को कायम रखते हुए शांति सद्भावना सह नशा मुक्त होली पर्व मनाने की अपील की। आयर कोठा थाना के सब इंस्पेक्टर उपेंद्र पासवान ने कहा कि डीजे पर प्रतिबंध रहेगा इसके जगह पर चोगा बजा सकते हैं। इसके अलावा होली पर हुड़दंग मचानेवालों पर कार्रवाई की जायेगी। बाद में लोगों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी और अबीर-गुलाल लगाये। बैठक में सरपंच मुन्नालाल साह, डा विवेक सिंह, इफ्जी रहमान, शंकर सिंह, निलेश कुमार, उस्मान अंसारी, महबूब आलम, द्रौपदी देवी, जयप्रकाश सिंह, दिलकिशोर अंबूज, मुबारक हुसैन सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## मिलावटी मिठाइयों पर कानूनी कार्रवाई करें अधिकारी : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** होली त्योहार मनाए जाने से संबंधित समाहरणालय स्थित मुंडेश्वरी सभागार में जिला पदाधिकारी सावन कुमार की अध्यक्षता में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कई निर्देश जारी हुए। होली के अवसर पर डीजे साउंड सिस्टम के उपयोग पर पूर्णरूपेण प्रतिबंध रहेगा। जिला पदाधिकारी ने जिला स्तरीय शांति समिति के सभी सदस्यों से अनुरोध किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत भ्रमणशील रहे। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद भभुआ, नगर पंचायत मोहनियां को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत साफ- सफाई की व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगे।

# डीएम ने चापाकल रिपेयरिंग टीम को किया रवाना



**नवबिहार टाइम्स, ब्यूरो**

**भभुआ।** डीएम सावन कुमार ने चापाकल रिपेयरिंग टीम को हरी झंडी दिखाकर मंगलवार को रवाना किया। भीषण गर्मी में ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या से निपटने के लिए लोक स्वास्थ्य प्रमंडल द्वारा चलंत चापाकल मरम्मति दल का गठन किया गया है। मरम्मति कार्य दो सहायक अभियंता व ग्यारह कनीय अभियंता की देखरेख में होगी। ग्रामीणों की सहूलियत के लिए प्रमंडलीय कार्यालय लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, भभुआ में एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है जिसमें ग्रामीण सुबह नौ बजे से शाम छह बजे शाम तक चापाकल मरम्मति की शिकायत कर सकेंगे। भभुआ अनुमंडल में सहायक अभियंता सौरभ कुमार झा के नेतृत्व में भभुआ प्रखंड में चापाकल मरम्मति के लिए जेई निरंजन पासवान, चैनपुर के लिए नेहा कुमारी, चांद के लिए पूजा कुमारी, अधौरा के लिए विभाष कुमार, भगवानपुर के लिए अवनिश कुमार राय, रामपुर के लिए नीरज कुमार तथा मोहनियां अनुमंडल में सहायक अभियंता अतुल अभिषेक के नेतृत्व में मोहनियां प्रखंड में जेई कुमार राजीव रंजन, दुर्गावती में श्वेता कुमारी, कुदरा में ओमप्रकाश कुमार, रामगढ़ में सीताराम यादव व नुआंव में रीना सिंह देख रेख करेंगे।

## सासाराम में ब्लड सेपरेटर यूनिट की स्थापना की विधान परिषद सदस्य की मांग

**सासाराम (नबिटा सं.)।** विधान परिषद सदस्य निवेदिता सिंह ने सदन में रोहतास जिले के लोगों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण सवाल उठाया है। शाहाबाद क्षेत्र की आन-बान-शान निवेदिता सिंह ने न सिर्फ रोहतास, बल्कि कैमूर, भोजपुरी और औरंगाबाद क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी चिंता जताई। उन्होंने सासाराम सदर अस्पताल में ब्लड बैंक के लिए ब्लड सेपरेटर यूनिट की स्थापना की मांग की है। ब्लड सेपरेटर यूनिट के सासाराम में स्थापित होने से क्षेत्रवासियों को बहुत बड़ा लाभ मिलेगा।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा सं.: पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीएन–33–24–25, कार्य का नाम: मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/नि/महेन्द्रूघाट पटना के कार्यालय भवन मुख्य प्रवेश द्वार एवं निर्माण भवन (जी 7) के लिए 9 नं प्राईवेट सिक्युरिटी कार्य हेतु निविदा। अंकलित मूल्य (रु०): ₹67,29,256.80/–; निविदा प्रपत्र का लागत (रु०): ₹0.00/–; अग्रधन राशि: ₹1,34,600/–, कार्य पूर्ण करने की अवधि: 24 (चौबीस) माह। निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 01.04.2025 at 15.30 बजे अपराह्न।

ऐसी ई– निविदाओं के तहत डाक/ कोरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। द्रष्टव्य: निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट http://www.ireps.gov.in का अवलोकन करें। कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ IREPS वेबसाईट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/ दक्षिण/पूमरे/महेन्द्रूघाट, पटना

पीआर/02272/सीओएनएस/अभि./टी/24–25/44


# अधिकारियों के पहुंचने पर सरकार भवन का निर्माण कार्य शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** थाना क्षेत्र के बजरकोना गांव में मंगलवार को अधिकारियों के पहुंचने पर सरकार भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ। उक्त स्थान पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति लगाने को लेकर भाकपा माले ने भवन निर्माण कार्य रोकवा दिया था। पुलिस ने मामले में मौके पर मौजूद आधा दर्जन लोगों को हिरासत में ले लिया। मौके पर पहुंचे एसडीएम राकेश कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिली कि कुछ लोगों ने उक्त स्थान पर बन रहे सरकार भवन का निर्माण कार्य रोकवा दिया है। सूचना पर एसडीएम के नेतृत्व में डीएसपी प्रदीप कुमार, बीडीओ धर्मेंद्र कुमार, सीओ अंकिता सिंह, थानाध्यक्ष विकास कुमार समेत काफी संख्या में पुलिस बल घटनास्थल पहुंचे और निर्माण



कार्य को शुरू कराया। हालांकि अधिकारियों के पहुंचने पर वहां आधा दर्जन ही लोग मौजूद थे जिसे प्रशासन ने हिरासत में ले लिया। एसडीएम ने बताया कि सरकार भवन का निर्माण कार्य शांतिपूर्ण व सुचारू रूप से चल रहा है। घटनास्थल पर किसी तरह का तनाव नहीं है। मालूम हो कि उक्त स्थान पर भाकपा-माले कार्यकर्ता सरकार भवन निर्माण का विरोध कर रहे थे जिसको लेकर कई दिनों से धरना पर बैठे थे।


**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।**

**सैरात बन्दोबस्ती सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम मेदिनीनगर क्षेत्रान्तर्गत निम्नांकित सैरातों की बन्दोवस्ती वर्श 2025–26 (01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक) के लिए खुली डाक बोली द्वारा दिनांक 25.03.2025 को 12.30 बजे अपराह्न को होगी। जिस सैरात की डाक उक्त तिथि को नहीं होगी वह डाक दिनांक 27.03.2025 को 12.30 बजे अपराह्न को होगी। डाक से संबंधित सभी कागजात दिनांक 24.03.2025 को कार्यालय में राजस्व शाखा में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। सैरातो की डाक मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय सभा कक्ष में की जाएगी।

| क्र0 सं0 | सैरातों का नाम | वर्ष 2025–26 के लिए सरकारी डाक राशि | जमानत की राशि (सरकारी डाक राशि का 5%) | रूट |
|---|---|---|---|---|
| A. सब्जी बाजार सैरात | | | | |
| 1 | मुख्य सब्जी बाजार क्षेत्र (मुख्य सब्जी बाजार, सदीक मंजिल चौक, गल्ला बाजार) | 4984100 | 249205 | कन्नी राम चौक भाया हॉस्पीटल चौक भाया जेलहाता भाया कचहरी भाया कॉपरेटिभ मोट भाया के0जी0 स्कूल रोड़ भाया संदीक मंजिल चौक, भाया गिरिवर स्कूल भाया शिवाला रोड़, भाया कन्नी राम चौक तक |
| 2 | सब्जी बाजार पाँकी रोड़ रेड़मा, एवं सब्जी बाजार जी0एल0ए0 कॉलेज गेट के निकट। | 770700 | 38535 | दुर्गा पेट्रोल पम्प भाया राँची रोड़, रेड़मा। एवं रेड़मा चौक भाया जांनकी मंदिर भाया जी0एल0ए0 कॉलेज गेट तक। |
| 3 | सब्जी बाजार, स्टेशन/गाँधी मैदान रोड़ | 795110 | 39755 | बिरसा मुण्डा चौक से बेलवाटीकर चौक सम्पुर्ण सब्जी मार्केट। |
| 4 | सब्जी बाजार, चैनपुर | 503700 | 25185 | चैनपुर सम्पूर्ण सब्जी बाजार। |
| 5 | बकरी बाजार | 500000 | 25000 | गिरिवर स्कूल के निकट एवं सम्पूर्ण शहर में मांस– मछली दुकान से वसुली। |
| 6 | सब्जी बाजार, बैरिया | 200000 | 10000 | बैरिया सब्जी बाजार। |
| B. वाहन पार्किंग सैरात | | | | |
| 7 | हॉस्पिटल चौक के समीप आई0एम0ए0 हॉल के सामने एवं ( छोटी गाड़ियों के लिए ) – गीता भवन से थाना तक। | 764175 | 38208 | छःमुहान चौक भाया थाना भाया अम्बेदकर पार्क भाया गीता भवन भाया आई0एम0 ए0 हॉल भाया हॉस्पीटल चौक क्षेत्र तक। |
| 8 | वाहन स्टैण्ड (टैक्सी/टैम्पु/मीनी बस स्टैण्ड इत्यादि) – संदीक मंजिल चौक, कोयल पुल के निकट (संद्दिक मंजिल चौक से कॉपरेटीभ चौक, नामधारी गुरूद्वारा चौक, तीनकोनिया मोड़ एवं पलामू क्लब रोड़ तक) | 800000 | 40000 | सदीक मंजिल चौक से कोयल ब्रिज तक, सदीक मंजिल चौक से कॉपरेटिभ चौक तक तथा सदीक मंजिल चौक भाया नामधारी गुरूद्वारा भाया होटल निरवाना चौक तक। |
| 9 | छःमुहान से सेवा सदन तक | 250000 | 12500 | छःमुहान चौक भाया जिला स्कूल छाया महिन्द्रा आक्रेट भाया पोस्ट ऑफिस भाया सेवा सदन एवं पोस्ट ऑफस चौक भाया तीनकोणिया चौक भाया साईबर क्राईम कार्यालय तक। |
| 10 | स्टैण्ड रिहर्सल मोड़ रतन लाल पेट्रोल पम्प के सामने। | 327175 | 16358 | टैक्सी स्टेण्ड क्षेत्र। |
| 11 | रेड़मा चौक से जी0एल0ए0 कॉलेज रजवाडीह टैम्पु स्टेण्ड तक एवं बैरिया टेम्पु स्टेण्ड। | 1000000 | 50000 | रेड़मा चौक भाया रांची रोड़ भाया चियांकी। रेड़मा चौक भाया बाईपास रोड़ भाया बैरिया चौक। बैरिया चौक भाया बिसफुटा चौक क्षेत्र एरिया। रेड़मा चौक भाया रजवाडीह टेम्पु स्टेण्ड। |
| 12 | चैनपुर स्टेण्ड | 193200 | 9660 | चैनपुर टेम्पु स्टेण्ड |
| 13 | गांधी मैदान पार्किंग | 500000 | 50000 | गांधी मैदान गेट के सामने तथा नगर निगम दुकान के सामने का क्षेत्र। |
| 14 | सरकारी बस स्टेण्ड एवं कचहरी कैम्पस पार्किंग | 1000000 | 50000 | सरकारी बस स्टेण्ड एवं कचहरी कैम्पस पार्किंग |
| | कुल राशि | 12588160 | 654406 | |

नोट :– न्यूनतम सुरक्षित राशि पूर्व की बन्दोवस्ती राशि में 15% की वृद्धि के पश्चात् निर्धारित की गयी है। डाक की नियम एवं शर्ते कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 348337 District(24-25)D

# चापाकल मरम्मती दल को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** आगामी भीषण गर्मी की संभावना को ध्यान में रखते हुए नवादा जिलान्तर्गत खराब पड़े चापाकलों की मरम्मति हेतु आज जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा चापाकल मरम्मति दल को सभी 14 प्रखंडों के लिए हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। सभी प्रखण्डों में मरम्मति दल कार्यरत रहेगा, जिसके लिए रोस्टर तैयार कर कार्यालय आदेश निर्गत किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी गर्मी के मौसम में पीक टाईम में भीषण गर्मी पड़ने की संभावना रहती है। भू-गर्भ जल-स्तर भी नीचे चला जाता है। पेयजल की समस्या भी आ सकती है। इन सबके मद्देनजर पहले से ही तैयारी शुरू कर दी गयी है ताकि आम जनता को कोई समस्या न हो। कुल 14 चलंत चापाकल मरम्मति दलों को आज रवाना किया गया जो सभी 187 पंचायतों में घूम-घूमकर खराब चापाकलों को ठीक करेगा। उन्होंने कहा कि आम जनता भी टॉल-फ्री नं एवं नियत्रंण कक्षों पर सूचना प्रदान कर सकती है। प्राप्त सूचना के आलोक में खराब चापाकलों को तुरंत ठीक किया जाएगा। नवादा जिला में कुल चापाकल की संख्या-32109 है, पीएचईडी के अधीन चापाकलों की कुल संख्या 22880 है। अन्य विभागों के द्वारा चापाकलों की संख्या-9229 है। विभाग के द्वारा 24-25 से अबतक मरम्मति किये गए चापाकलों की संख्या-3744 अदद है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में नये निर्माण कराये गए चापाकलों का लक्ष्य 228 है जिसमें उपलब्धि शत प्रतिशत है। पीएचईडी नवादा में कुल 16 वाटर टैंकर उपलब्ध है, जिसे आवश्यकता होने पर चलाया जाता है। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को भी निदेशित किया गया है कि जन-प्रतिनिधियों से संपर्क कर खराब चापाकलों की सूची प्राप्त कर मरम्मति कराएं। जिला प्रशासन का प्रयास है कि जिला में एक भी चापाकल खराब नहीं रहे। चापाकल मरम्मति दल द्वारा प्रखंडों के सभी पंचायतों में घूम-घूमकर खराब चापाकलों की मरम्मति की जायगी। पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, नवादा के कार्यालय में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष नम्बर-06324-210036 है। इसके अतिरिक्त प्रखंड स्तर पर कनीय अभियंता/सहायक अभियंता के मोबाईल नम्बर पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।



# राजगीर में सम्राट जरासंध स्मारक का लोकार्पण होने से चंद्रवंशियों में हर्ष



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** अखंड भारत के प्रथम चक्रवर्ती मगध सम्राट महाराज जरासंध धाम की नगरी राजगीर में सम्राट जरासंध स्मारक का लोकार्पण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा किए जाने पर चंद्रवंशियों में हर्ष की लहर दौड़ पड़ी है। अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि जरासंध धाम राजगीर में सम्राट जरासंध स्मारक में महाभारत काल के महान सम्राट जरासंध जी की 21 फीट ऊंची प्रतीकात्मक प्रतिमा, जरासंध की जीवनी पर भित्ति चित्र, जरासंध जानकारी केंद्र, जल संरक्षण संरचना तथा पार्क का निर्माण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार सरकार के मंत्री डॉ.प्रेम कुमार की पहल पर साकार हो सकी है। इससे राजगीर आने वाले पर्यटकों को उनके व्यक्तित्व और कृतित्व की जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि डॉ. प्रेम कुमार के नेतृत्व में इसके लिए लंबे समय से संघर्ष जारी था। पर्यावरण मंत्रालय में रहते हुए विभागीय औपचारिकताएं पूरी करने, केंद्र सरकार और राज्य सरकार के पर्यावरण मंत्रालय से एनओसी प्राप्त करने में अपनी महती योगदान देकर समाज का गौरव बढ़ाने का कार्य किया है। सरकार के प्रति आभार व्यक्त करने वालों में अजय कुमार बिगन, बनियाबिगहा के पंकज मुखिया, गोविंदपुर के अनुज मुखिया, लवकुश कुमार, मोहन सिंह, उपेन्द्र चंद्रवंशी, डॉ.परमानन्द चंद्रवंशी, प्रिंस कुमार, चंदन कुमार आदि शामिल हैं।

## शीतला तालाब के जीर्णोद्धार का बीड़ा समाजसेवी अरविंद कुमार सिन्हा ने उठाया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिला मुख्यालय के मघड़ा गांव में स्थित शीतला मंदिर के निकट लगे प्रसिद्ध शीतलाष्टमी मेला के मद्देनज़र, शीतला तालाब के जीर्णोद्धार एवं सफाई का कार्य समाजसेवी अरविंद कुमार सिन्हा ने स्वयं शुरू किया है। परविंदर इंटरप्राइजेज के निदेशक सिन्हा ने पहले चरण में तालाब के पानी को स्वच्छ बनाने हेतु 40 किलो लाल पोटाश का छिड़काव कराया है। सिन्हा ने बताया कि शीतलाष्टमी मेला के पश्चात तालाब में रौशनी, फव्वारे और सीढ़ियों की मरम्मत एवं साफ-सफाई का कार्य चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जाएगा। इन्जीकॉम के चन्द्रशेखर कुमार ने कहा कि सिन्हा ने समाजसेवा के क्षेत्र में कई जनकल्याणकारी कार्य किए हैं, जिनकी प्रशंसा के लिए शब्द कम पड़ेंगे। पंचायत समिति सदस्य एवं भाजपा नेता निरज कुमार (उर्फ सिट्टु) ने कहा कि सिन्हा ने पहले भी कई मंदिरों के निर्माण और तालाब के जीर्णोद्धार में सक्रिय भूमिका निभाई है। मघड़ा वार्ड पार्षद प्रतिनिधि जयंत कुमार ने इस कदम से तालाब के जीर्णोद्धार में एक मिसाल कायम हुई बताई।



## दो दिनों तक बंद रहेगा जू और नेचर सफारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** होली पर्व को देखते हुए अगले दो दिनों तक वाइल्ड लाइफ जू सफारी और ग्लास स्काई वॉक ब्रिज से लैस नेचर सफारी का संचालन बंद रहेगा। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के निर्देशानुसार, नालंदा वन प्रमंडल अधिकारी राजकुमार एम और वाइल्ड लाइफ जू सफारी के निदेशक रामकुमार एम द्वारा संयुक्त आदेश जारी किया गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि 14 मार्च (शुक्रवार) और 15 मार्च (शनिवार) को जू सफारी एवं नेचर सफारी का संचालन पूरी तरह बंद रहेगा।

## 440 लीटर शराब के साथ एक गिरफ्तार, तीन मोटरसाइकिल जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेसकौर (नवादा )।** प्रखंड अंतर्गत मेसकौर थाना के पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी की ग्राम पथरा चिमनी भट्ठा के पास तीन मोटरसाइकिल पर सवार शराब कारोबारी शराब लेकर आ रहा था, तभी मेसकौर पुलिस की गाड़ी देखकर तीनों व्यक्ति मोटरसाइकिल सड़क पर खड़ा कर दिया और भागने लगा। मौजूद मेसकौर थाना के पुलिस ने पकड़ने का बहुत कोशिश किया लेकिन दो व्यक्ति नदी के रास्ते फरार हो गए और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, मेसकौर थाना अध्यक्ष रूपेश कुमार ने बताया कि जिसका पहचान प्रिंस कुमार पिता मनोज राजवंशी घर पकड़ी थाना अकबरपुर जिला नवादा का निवासी है, तीनों मोटरसाइकिल पर शराब से लदे बोरे में 440 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया एवं दो व्यक्ति मोटरसाइकिल छोड़कर नदी के रास्ते भागने में सफल रहे।अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार व्यक्ति को न्याय के हिरासत में नवादा भेज दिया गया है, तथा मोटरसाइकिल को थाने में सुरक्षित स्थान पर रखा गया है।

## भंडारा के साथ समाप्त हुआ शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड के रानीबाजार गणेश मंदिर में शुरू हुए श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का मंगलवार की शाम समापन हो गया। यज्ञ समापन के अंतिम दिन विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पूड़ी,सब्जी एवं बुंदिया प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। यज्ञ में यजमान की भूमिका निभा रहे दिलीप साव एवं उनकी पत्नी के द्वारा यज्ञ मंडप परिसर में नवकन्याओं एवं ब्राह्मणों का पूजन कर भोजन कराया गया। इसके पूर्व यज्ञ के दूसरे दिन सोमवार को नगर भ्रमण के बाद भगवान शिव परिवार सहित अन्य देवताओं को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रतिष्ठित किया गया। जिसके बाद 24 घण्टे का अखंड कीर्तन शुरू हुआ। तीन दिवसीय यज्ञ को सफल बनाने में रानीबाजार गांव के रंजीत, दिनेश, जितेंद्र, मनोज, सूरज, लाली, संजीव, शैलेन्द्र सहित दर्जनों ग्रामीण जोर-शोर से लगें रहे।

## गांजा व नकद राशि समेत पांच कारोबारी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** कतरीसराय थाना क्षेत्र के छाछु बिगहा मोड़ पर मादक पदार्थ के विरुद्ध चलाए गए छापेमारी अभियान में पुलिस ने सात किलो तीन सौ ग्राम गांजा और 86,950 रुपये नकद जब्त करते हुए पांच आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी में एक विधि विरुद्ध बालक भी शामिल है, जिन पर गांजा बेचने का आरोप लगाया गया है। गुप्त सूचना प्राप्त होने के बाद राजगीर डीएसपी और गिरियक पुलिस निरीक्षक मनीष भरद्वाज के निर्देशन में थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी ने छाछु बिगहा मोड़ के विभिन्न गुमटी और दुकानों में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान विजय सिंह के गुमटी से 806.32 ग्राम गांजा एवं 86,950 रुपये नकद, विनोद सिंह के गुमटी से 745 ग्राम गांजा, सुबोध सिंह के किराना दुकान से 1 किलो 775 ग्राम गांजा, एक विधि विरुद्ध बालक सौरभ कुमार के गुमटी से 460 ग्राम गांजा, रंजीत सिंह के गुमटी से 3,406.45 ग्राम गांजा बरामद किए गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि छापेमारी में जब्त की गई गांजा और नकद राशि के आधार पर आरोपी को हिरासत में लेकर आवश्यक कागजी कार्रवाई जारी की जा रही है।



## जल संचय से जलछाजन यात्रा का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (जलछाजन विकास घटक) 2.0 के तहत नालंदा जिले के सिलाव प्रखंड अंतर्गत बड़ाकर ग्राम में जलछाजन (वाटरशेड) यात्रा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जल संचयन से संबंधित शपथ दिलाई गई। यात्रा के दौरान परियोजना क्षेत्र के ग्राम बड़ाकर में जिला कृषि पदाधिकारी, उपनिदेशक कृषि अभियंत्रण, सहायक निदेशक (शस्य) सह-पी.आई.ए., उप परियोजना निदेशक (आत्मा), अनुमंडल कृषि पदाधिकारी (राजगीर), तकनीकी विशेषज्ञ एवं जलछाजन विकास दल ने संयुक्त रूप से आहर का भूमिपूजन किया। साथ ही, डांगरा आहर का लोकार्पण भी किया गया, जिसमें किसानों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर श्रमदान के माध्यम से पौधरोपण भी किया गया। सहायक निदेशक (शस्य)-सह-पी.आई.ए. ने किसानों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी, जिसमें प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के तहत निर्मित संरचनाओं के महत्व को समझाया गया।

## कम मानदेय से नाराज जीविका सफाई कर्मियों का विरोध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नाराज सदर अस्पताल के जीविका सफाई कर्मियों ने कम मानदेय मिलने के कारण मंगलवार को कार्य का बहिष्कार करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। दो घंटे तक शिकायत सुनाई न देने पर कर्मी डीएम आवास पहुंचे और दरवाजे पर धरना दिया। डीएम के निर्देश पर जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक (डीपीएम) संजय कुमार पासवान मौके पर पहुंचकर दोपहर तक कर्मियों को समझाने का प्रयास करते रहे। सफाई कर्मियों ने आरोप लगाया कि उन्हें 9,000 रुपये मानदेय देने का वादा किया गया था, जबकि सोमवार को केवल 5,000 रुपये ही प्राप्त हुए। पासवान ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि मानदेय उपस्थिति के आधार पर दिया गया है और किसी का वेतन काटा नहीं गया है। उन्होंने यह भी बताया कि सफाई कार्य की जिम्मेदारी जीविका को पायलट प्रोजेक्ट के तहत सौंपी गई है; अगले तीन महीनों तक पूर्ववत मानदेय मिलेगा और तत्पश्चात सीएलएफ की बैठक में वेतन वृद्धि पर विचार किया जाएगा।



## दवा विक्रेता संघ ने धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले के रजौली नगर पंचायत क्षेत्र के बजरंबली चौक स्थित एक दवा दुकान में प्रखंड क्षेत्र के दवा विक्रेता संघ के लोगों ने सोमवार की शाम बड़े धूमधाम से होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया। जिसमें मगध जोन के संयुक्त सचिव बृजेश राय एवं जिला से आए अनिल कुमार पप्पू जीतू भाई, भोला प्रसाद एवं रजौली प्रखंड क्षेत्र के तारगीर, अमावा, मुरहेना, रजौली के दर्जनों दवा विक्रेता मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान दवा विक्रेताओं ने एक दूसरे को गले लगाकर अबीर गुलाल लगाते हुए धूमधाम से होली मिलन समारोह मनाया। वही कार्यक्रम के दौरान संयुक्त सचिव बृजेश राय ने एक दूसरे को गले लगा कर अबीर गुलाल लगाते हुए होली की बधाई दी, साथ ही उन्होंने लोगो से कहा कि होली एक भाईचारे का पर्व है खुशी खुशी एक दूसरे के गले मिलकर रंग व गुलाल लगाएं। साथ ही एक दूसरे को मिठाई खिलाते हुए। खुशी मनाई वही सभी दवा विक्रेताओं को अगाह करते हुए कहा कि दवा विक्रेता दवा खरीदते वक्त पक्का बिल पर ही दवा ले नहीं तो अगर आप पक्का बिल पर दवा नहीं लेते हैं तो दवा डुप्लीकेट हो सकता है। इसलिए सभी दवा विक्रेताओं से अनुरोध किया गया कि आप लोग जितने भी होलसेल दुकान एजेंसी से दवा लेते हैं तो आप लोग पक्का बिल जरूर मांगे अगर बिल नहीं तो, हो सकता है दवा डुप्लीकेट हो। वही जिले से आये अनिल कुमार ने बताया कि दवा खरीदते समय पक्का बिल पर ही दवा खरीदना चाहिए जिससे मरीजो को सही दवा मिले सके। होली मिलन समारोह के मौके पर रजौली प्रखंड दवा विजेता संघ के अध्यक्ष दिनेश कुमार, पिंकू, उपाध्यक्ष जनार्दन प्रसाद, सचिव ब्यास प्रसाद, कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, संयुक्त सचिव राजीव कुमार सहित दर्जनों लोग शामिल थे।



## नारदीगंज में स्वास्थ्य कर्मी हुए सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में मंगलवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 14 स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा.विमलेन्द्र कुमार सिन्हा ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में स्वास्थ्य प्रबंधक, आशा,परिचायिका समेत अन्य को सम्मानित किया गया।सम्मान पाने वाले में स्वास्थ्य प्रबंधक राहुल कुमार के अलावा प्रसव कक्ष में काम करने वाले में एएनएम पिंकी कुमारी, स्वर्णलता कुमारी, शोभा कुमारी, रेखा कुमारी, फील्ड में काम करने वाले एएनएम में मंजू कुमारी, शोभा देश पांडेय,रीना कुमारी, अनुपमा कुमारी, ममता कुमारी व डोहरा की एएनएम आशा कुमारी व आशा में सुधा कुमारी, रीता कुमारी और एकता रानी को सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम के पहले सभी एएनएम को एचएमआईएस का प्रशिक्षण दिया गया।वही एनसीडी का समीक्षा की गई। कार्यक्रम के उपरांत होली पर्व को लेकर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दी गई। मौके डा. इरशाद हसन, डा. इंद्रदेव कुमार, प्रधान लिपिक सत्यप्रकाश शर्मा, लेखापाल जयप्रकाश कुमार, फार्मासिस्ट संजीव रंजन, लैब टेक्नीशियन जितेंद्र कुमार, आशुतोष कुमार, डाटा आपरेटर जितेन्द्र कुमार, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक कुमार ऋषभ समेत अन्य शामिल हुए।

## डुप्लीकेट प्रमोद कन्फेक्शनरी एंड फूड प्रोडक्ट्स दुकान संचालक पर प्राथमिकी

**सुनील कुमार / नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** नवादा में संचालित डुप्लीकेट प्रमोद कन्फेक्शनरी एंड फूड प्रोडक्ट्स के दुकान संचालक पर एश्योर आईपी प्रोटेक्शन एजेंसी का अधिकृत प्रतिनिधि सैय्यद मुमताज हुसैन द्वारा हिसुआ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग किया गया है। इनके द्वारा दिए लिखित आवेदन पर हिसुआ थाना में कांड संख्या 143/25 दर्ज कर संचालक मोहम्मद अफजल पर प्राथमिकी दर्ज कराया गया है, जिसमें कहा गया कि इनके द्वारा मेसर्स प्रमोद कन्फेक्शनरी एंड फूड प्रोडक्ट्स के नाम पर पंजीकृत ट्रेडमार्क के कॉपीराइट उल्लंघन, अनधिकृत उपयोग और जालसाजी किया जा रहा है। सैयद मुमताज हुसैन ने कहा कि फर्म 'प्रमोद' ब्रांड नाम के तहत विभिन्न स्नैक्स, नमकीन, मिठाइयों और इसके प्रकारों की बिक्री, विपणन, निर्माण और वितरण का काम करती है। सर्वेक्षण/जांच के दौरान, मुझे पता चला कि अफजल स्टेशन रोड, कंचन बाग, डीपीएस स्कूल के सामने, हिसुआ क्षेत्र में मेसर्स प्रमोद स्वीट्स एंड स्नैक्स के नाम से अपना व्यवसाय चला रहे हैं। मेसर्स प्रमोद स्वीट्स एंड स्नैक्स के अफजल शिकायतकर्ता के कलात्मक लेबल और ट्रेडमार्क की नकल करके घटिया उत्पाद बेच रहे हैं। यह भी बताया जा रहा है कि शिकायतकर्ता ने अफजल की दुकान से कुछ मिठाइयाँ और नमकीन भी खरीदी थीं, और भुगतान करते समय शिकायतकर्ता यह देखकर हैरान रह गया कि अफजल का बैंक खाता प्रमोद स्वीट्स एंड स्नैक्स के नाम पर है। उन्होंने कहा दुकानदार ने अपनी अवैध और दुर्भावनापूर्ण गतिविधि को आगे बढ़ाते हुए अपनी दुकान का नाम 'प्रमोद स्वीट्स एंड स्नैक्स' भी रखा है और अंकित किया है। अफजल ने 12.08.2024 को पहली शिकायत दर्ज करने के बाद अपने घटिया उत्पाद को बेचने के लिए भ्रामक रूप से समान ट्रेडमार्क/लेबल 'रामोड स्वीट्स एंड स्नैक्स' अपनाया है। बताया गया है कि अफजल अभी भी 'प्रमोद स्वीट्स एंड स्नैक्स' नाम से जोमैटो और गूगल पर अपना संदिग्ध व्यवसाय कर रहे हैं। अफजल 'रामोद स्वीट्स एंड स्नैक्स' मार्क/लेबल के पंजीकृत स्वामी नहीं हैं।

## मनरेगा कार्य में नवादा को मिला पहला स्थान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** उप विकास आयुक्त द्वारा बताया गया कि मनरेगा योजना के क्रियान्वयन में शान्दार प्रदर्शन करते हुए नवादा जिला को राज्य में पहला स्थान प्राप्त हुआ है। राज्य सरकार द्वारा जनवरी माह की जारी रैंकिंग के मुताबिक बांका और सिवान क्रमशः दुसरे एवं तीसरे स्थान पर काबिज हुए हैं। उल्लेखनीय है कि जिले का शानदार प्रदर्शन वर्त्तमान जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश एवं उप विकास आयुक्त के पदस्थापन के बाद जारी है। नवादा जिले को समेकित रूप से 84.94 अंक प्राप्त हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार रैंकिंग के लिए निर्धारित 14 विभिन्न अव्यवों यथा खेल मैदान निर्माण, मानव दिवस सृजन, अनुसूचित जाति/जनजाति की भागीदारी, महिलाओं की भागीदारी, वृक्षारोपण निरीक्षण, पौधों की उत्तरजीविता, कार्य पूर्णता, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अन्तर्गत लाभुकों को अनुमान्य मानव दिवस सृजन, ससमय मजदूरी भुगतान, छडडै, प्राकृतिक संसाधन आधारित कार्य, कृषि आधारित कार्य, आधार आधारित भुगतान एवं एरिया ऑफिसर इन्सपेक्शन में बेहतर प्रदर्शन करते हुए जिले को यह उपलब्धि हासिल हुई है। जिले में मनरेगा के तहत कुल 182 खेल मैदान क्रियानवित हैं जिसमें से 26 खेल मैदान को पूर्ण कर लिया गया है। चालू वित्तीय वर्ष में अब तक जिले में 82.11 लाख मानव दिवस का सृजन किया गया है, जिसमें से 28 प्रतिशत अनुसूचित जाति एवं 56 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी है। जिला पदाधिकारी, ने इस उपलब्धि हेतु सभी मनरेगा कर्मियों को बधाई दी और सतर्क भी किया कि इस सम्मानजनक स्थान को बनाये रखने के लिए कड़ी मेहनत एवं पारदर्शिता के साथ कार्य किये जाने की आवश्यकता है। उप विकास आयुक्त, डीडीसी ने बताया कि मनरेगा की टीम बेहतर कार्य कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने उम्मीद जतायी कि भविष्य में भी नवादा जिला रैंकिंग के लिए निर्धारित मानकों में बेहतर प्रदर्शन करेगा।



## पेंशनर समाज से जुड़े लोगों ने मनाया होली मिलन समारोह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पेंशनर समाज भवन में मंगलवार को पेंशनर समाज से जुड़े बुजुर्गों ने आपस में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस होली मिलन में विभिन्न प्रकार के पकवानों के साथ-साथ ढोल मंजीरा पर होली गीत का भी आनंद लिया गया। इस दौरान पेंशनर समाज से जुड़े बीके सिंह और ओकार निराला ने बताया कि सभी साथियों के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। हम पेंशनर समाज के लिए यही भवन ही होली मिलन का बेहतर साधन है। कई भक्ति पूर्ण होली गीत भी पेंशन समाज के सदस्यों की ओर से गया गया। होली मिलन समारोह में लगभग तीन दर्जन से अधिक पेंशनधारी बुजुर्गों ने भाग लेकर कार्यक्रम का शोभा बढ़ाया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेसकौर में 94 गर्भवती महिलाओ की हुई जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेसकौर (नवादा )।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेसकौर में सोमवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत मासिक जांच कैंप का आयोजन किया गया ताकि गर्भवती महिलाओं को विशेष जांच सेवा व उचित परामर्श प्रदान किया जा सकें। जच्चा-बच्चा के सुरक्षा के लिए गर्भावस्था के दौरान प्रसव पूर्व जांच कराना आवश्यक है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में हरेक महीने के 9 तारीख को शिविर लगाया जाता है। शिविर लगाकर चिकित्सक द्वारा गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गयी। साथ ही उच्च जोखिम गर्भधारण महिलाओं की पहचान कर उचित प्रबंधन सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया। इस मौके पर गर्भवती महिलाओं को फल व पौष्टिक आहार का भी वितरण किया गया। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा सुबीर कुमार व स्वास्थ्य प्रबंधक मनोज कुमार सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ उन्हें बेहतर परामर्श देना है। चिकित्सा प्रभारी सुबीर कुमार ने जानकारी देते बताया कि अत्यधिक रक्तस्त्राव से महिला की जान जाने की संभावना सबसे अधिक होती है। प्रसव पूर्व जांच में यदि खून की कमी होती है तब ऐसी महिलाओं को आयरन की गोली के साथ पोषक पदार्थों के सेवन के विषय में सलाह भी दी जाती है। सभी लाभुकों को आयरन की गोली दी गई। मौके पर डॉ. शैलेन्द्र चौधरी , ए एन एम स्वाति राज, संजीत कुमार, लक्ष्मण कुमार मौजूद थी।



## सेवानिवृत्त सहायक शिक्षिका का निधन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** प्रखण्ड मुख्यालय निवासी एवं राजकीय कन्या मध्य विद्यालय पकरीबरावां के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक सीताराम चौधरी की पत्नी चन्द्रलता देवी सेवानिवृत्त सहायक शिक्षिका राजकीय कन्या मध्य विद्यालय पकरीबरावां के निधन पर विद्यालय में शोकसभा आयोजित की गई। इस दौरान शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना ईश्वर से की।

## एकात्म मानववाद और सतत विकास 21वीं सदी की आवश्यकता : कुलपति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के आईकेएस प्रभाग के सहयोग से इंडियन नॉलेज सिस्टम पर आयोजित कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम के तहत एकात्म मानववाद पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। एकात्म मानववाद और सतत विकास 21वीं सदी की आवश्यकता विषय पर अपने संबोधन में कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने 21वीं सदी की चुनौतियों का समाधान करने में भारतीय विचार, परंपरा और शैली की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने जोर देकर कहा कि शांति, सतत विकास और नैतिक उपभोक्तावाद का मार्ग एकात्म मानववाद के सिद्धांतों को अपनाने में निहित है। प्रो. सिंह ने इस बात पर बल दिया कि भारतीय दर्शन विकास-केंद्रित विकास के बजाय मानव-केंद्रित विकास को बढ़ावा देता है। पूंजीवाद और साम्यवाद के विपरीत, जो सामाजिक परिणामों की परवाह किए बिना लाभ वितरण तंत्र पर ध्यान केंद्रित करते हैं, भारतीय विचार शुभ-लाभ की अवधारणा को रेखांकित करता है- नैतिक साधनों के माध्यम से अर्जित लाभ। कुलपति ने कहा कि यह दृष्टिकोण आधुनिक युग में संतुलित और सतत विकास की अति आवश्यक आवश्यकता के अनुरूप है। व्याख्यान ने आधुनिक उच्च शिक्षा पाठ्यक्रम में भारत के दार्शनिक ज्ञान और वैदिक अनुसंधान पद्धतियों को एकीकृत करने के महत्व को रेखांकित किया। प्रो. सिंह ने एक सामंजस्यपूर्ण और टिकाऊ भविष्य बनाने के लिए भारत की ज्ञान विरासत पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने मंगलवार को बताया कि विवेकानंद सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में देश भर के 25 उच्च शिक्षा संस्थानों के संकाय सदस्यों के साथ सीयूएसबी के प्राध्यापकों ने भाग लिया है। प्रो. अशोक कुमार, निदेशक, यूजीसी-आईकेएस क्षमता निर्माण कार्यक्रम, सीयूएसबी, ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा के महत्व को उजागर करना और इसे आधुनिक शिक्षा में समाहित करना है। हमारा लक्ष्य एक ऐसी ज्ञान आधारित समाज का निर्माण करना है जो सतत विकास को बढ़ावा दे और 'विकसित भारत' के स्वप्न को साकार करे। भारतीय ज्ञान परंपरा में वह क्षमता है जो हमें वर्तमान चुनौतियों का समाधान प्रदान कर सकती है और एक संतुलित और टिकाऊ भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। सत्र का समापन एक आकर्षक संवादात्मक चर्चा के साथ हुआ जहां संकाय सदस्यों ने समकालीन शिक्षा में भारतीय ज्ञान प्रणालियों को शामिल करने पर अपने दृष्टिकोण साझा किए।

## होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इमामगंज।** थाना परिसर में होली व रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। वहीं बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ अमित ने की। वहीं इस दौरान एसडीपीओ अमित कुमार, प्रखंड बीडीओ संजय कुमार और थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने मुखिया और जनप्रतिनिधि से पंचायत की गतिविधियों के बारे में जानकारी ले शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाने पर उनकी राय ली। वहीं एसडीपीओ ने कहा कि मुस्लिम समाज के लोगों का रमजान का महीना चल रहा है, इस क्रम में शुक्रवार(जुम्मा) के दिन होली है जिससे नमाज के दौरान रंग लगने की संभावना रहती है। इसलिए हम दोनों समुदाय के लोगों से अपील करेंगे कि आप लोग इस पर्व को आपसी भाईचारा के साथ प्रेमपूर्वक होली और रमजान का पर्व को मनाएंगे। उन्होंने कहा कि रंग खेलना खुशी का प्रतीक है, लेकिन किसी के साथ जबरदस्ती न किया जाए, सभी को स्वेच्छा से होली मनानी चाहिए। वहीं शुक्रवार के दिन नमाज पढ़ने वाले सतर्क रहे, ताकि विवाद नहीं हो। इसको लेकर होली के दिन हर मस्जिद के पास पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। अगर कहीं से किसी प्रकार की कोई भ्रांतियां फैलाने की कोशिश की जाती है तो वह तत्काल पुलिस को इसकी सूचना करें। ऐसे में तुरंत पुलिस उन पर कारवाई करेंगी। वहीं एसडीपीओ ने कहा कि होली के दिन डीजे पर प्रतिबंध है। अगर डीजे बजाते पकड़ाता है तो उस पर कारवाई की जायेगी। दोनों समुदाय के लोग मिलजुल कर पर्व मनाएं। अगर कहीं परेशानी समझ में आती हो तो पुलिस को तुरंत सूचना दें। होली के पहले शराब को लेकर जगह-जगह पर छापेमारी की जा रही है। शराब बेचने व पीने वालों को चिह्नित कर के होली के पहले कार्रवाई कर दी जायेगी ताकि होली में विवाद पैदा न हो सके। वहीं थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर किसी अफवाह सूचना को फैलाने से हम सभी को बचना है, ताकि शांतिपूर्ण त्योहार मनाने में कोई आंच नहीं आए।

## विधायक ने किया स्वास्थ्य उपकेंद्र में स्वास्थ्य कार्य का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के परसावां पंचायत अंतर्गत मुंडेरा गांव में नवनिर्मित स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन में स्वास्थ्य कार्य का पूर्व मंत्री सह विधायक डॉ अनिल कुमार ने मंगलवार को सुबह 11 बजे शुभारंभ किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को कहा कि सरकार स्वास्थ्य के प्रति काफी सजग है। दूर दराज रहने वाले लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके, इसके लिए सरकार प्रयासरत और गंभीर है जिसका परिणाम है कि आज मुंडेरा में बेहतर भवन बनकर तैयार हुआ है। अब यहां बीमारियों के इलाज के साथ बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन सहित अन्य जांच की सुविधा लोगों को मिलेगी। उन्होंने कहा कि जल्द



ही इस स्वास्थ्य उपकेंद्र को तीन बेड की जगह छह बेड का अस्पताल बनाया जाएगा। ताकि मुंडेरा, काबर सहित अन्य आसपास गांव को लाभ मिल सके। मौके पर बीडीओ बिपुल भारद्वाज, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. नदीम अख्तर, स्वास्थ्य प्रबंधक मो.वसीमउद्दीन, हम नेता अजित कुमार, विवेक शर्मा, मुखिया निवास वर्मा, कमल रंजन, पैक्स अध्यक्ष विपिन कुमार, माधवेन्द्र शर्मा, भोला सिंह, मुकुल कुमार, बीईओ अभय कुमार रमण, बीएमसी एन.के अम्बष्ट, सीएचओ दीपक कुमार, एएनएम सरोज कुमारी, रंजू कुमारी, श्रीकांत कुमार, रामानुज कुमार, रिकेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## जिला छात्रवृत्ति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** मंगलवार को उप विकास आयुक्त कार्यालय में डीडीसी नवीन कुमार की अध्यक्षता में जिला छात्रवृत्ति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें पोस्ट मैट्रिक स्कॉलर शीप 2023-24 बीसी/ईबीसी के कुल 378 आवेदनों, वर्ष 2023-24 एससी, एसटी के कुल 82, वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-2024 एससी एसटी बीसी के कुल 746 आवेदनों का अंतिम रुप से सत्यापन किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त ने शेष आवेदन को समय सीमा के अंदर सत्यापन करने का निर्देश दिया। सदस्य डॉ जितेंद्र कुमार ने कहा कि आवेदनों में कोई त्रुटि पूर्ण है तो कॉलेज में कैंप लगाई जाए और सत्यापन कराकर छात्रों की छात्रवृत्ति समय पर भुगतान करने की आवश्यकता है।

## कब्रिस्तान विवाद को लेकर एसडीओ ने ग्रामीणों से की वार्ता, शिक्षकों पर कार्रवाई के आदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के जमालपुर का मामला दिन प्रतिदिन बढ़ता चला जा रहा है। कभी शिक्षक द्वारा केस दर्ज कराया जा रहा है तो कभी छात्रा के अभिभावक द्वारा शिक्षक पर प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। अब मंगलवार को पुनः कब्रिस्तान विवाद का मामला तुल पकड़ लिया है। वहीं, स्कूल विवाद में प्रभारी प्रधानाध्यापक व शिक्षक को विद्यालय से स्थानांतरण करने का आदेश अनुमंडल पदाधिकारी सुजित कुमार के द्वारा दिया गया है। जानकारी के अनुसार मंगवार के सुबह पूर्व से चले आ रहे कब्रिस्तान विवाद को लेकर ग्रामीणों



ने मजमा लगाया जिसकी भनक पुलिस को लगते ही मौके पर टिकारी एसडीओ सुजीत कुमार, बीडीओ बिपुल भारद्वाज, अंचलाधिकारी मुकेश कुमार, बी.ई.ओ अभय कुमार रमन, मध्यान भोजन के बी.आर. पी. ब्रजेश कुमार, आंती थानाध्यक्ष रंजीत कुमार, ए एस आई दशरथ सिंह पहुंचे और कब्रिस्तान का जांच पड़ताल किए। उसके बाद उक्त पदाधिकारियों ने दोनों पक्ष के ग्रामीणों को बुलाकर शांति व्यवस्था बनाए रखने और आपसी सौहार्द में होली और रमजान त्यौहार मनाने को लेकर वार्ता किया तथा दोनों पक्ष के आपसी सहमति से त्यौहार के बाद विवाद को हल करने की बात कही गई है। तत्पश्चात उक्त गांव में राजकीय मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित छात्रों में से अधिकांश बिना ड्रेस के पाए गए। बीते दिनों हुए विवाद को लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यापिका सबीहा खातून, शिक्षक अजय प्रसाद एवं मध्य विद्यालय आंती के शिक्षक सद्दाम हुसैन पर एस डी ओ सुजीत कुमार के निर्देश पर बी ई ओ अभय कुमार रमन ने तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण कर दिया है और विभागीय कार्रवाई करने की बात कही गई है। मौके पर मो.आकिब आलम, सामाजिक कार्यकर्ता पुण्यदेव यादव, मो.हसनैन, मो.ताजुद्दीन, प्रिंस सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## सरबहदा थाने में शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** सनातन धर्मालंबियों के महत्वपूर्ण त्योहार होली और इस्लामधर्म का पाक महीना माह-ए-रमजान का दूसरा जुमा एक साथ होने पर सरबहदा थाना में शांति समिति की बैठक की गई। ग्रामीणों ने होली पर्व से संबंधित कई समस्याएं सुनाई। नरौनी के लोग लुकबारी लेकर डेढ़ से दो किलोमीटर दूर आकर पत्थरकट्टी में फेंकते है जिस कारण पूर्व में विवाद भी हुआ था। नैली में शिवरात्रि के दिन के विवाद से लोग सशंकित है। सरबहदा में होलिका दहन स्थान संकीर्ण स्थान पर है जिसे बदलने की आवश्यकता है। सभा को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष अक्षय कुमार गुप्ता ने कहा कि सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं डीजे और अश्लील गाना न बजाएं। थाना क्षेत्र के सभी होलिका दहन कार्य सम्पन्न होने तक पुलिस आपकी सेवा में तत्पर रहेगी। थाना क्षेत्र के सरबहदा मिल्की सरबहदाडीह साईडीह खुशहालपुर हेमारा सतामस नैली खुखड़ी लक्षुविगहा आदि दर्जनों गांव के लोगों ने भाग लिए।

## रंगोत्सव होली के अवसर पर काव्य अनुष्ठान का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** राष्ट्रीय साहित्यिक-सह-सांस्कृतिक संस्था शब्दवीणा की हरियाणा प्रदेश समिति की फरीदाबाद जिला इकाई द्वारा रंगोत्सव होली के सुअवसर पर काव्य अनुष्ठान का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ शब्दवीणा की संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी द्वारा प्रस्तुत ओजमय शब्दवीणा गीत से हुआ। सरस्वती वंदना कवयित्री कीर्ति यादव ने प्रस्तुत की। काव्य अनुष्ठान की अध्यक्षता शब्दवीणा के राष्ट्रीय उपसचिव एवं पटना जिला समिति के संरक्षक राजमणि मिश्र ने की। कार्यक्रम का संयोजन शब्दवीणा हरियाणा प्रदेश सचिव एवं फरीदाबाद जिला संरक्षक सरोज कुमार, जिला उपाध्यक्ष वरिष्ठ कवि महेश चंद्र शर्मा राज सहित शब्दवीणा फरीदाबाद जिला समिति ने किया। संचालन फरीदाबाद जिला सचिव रिया अग्रवाल ने किया। काव्य अनुष्ठान के प्रथम सत्र में रचनाकारों ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नारी शक्ति को समर्पित रचनाएं पढ़ीं तथा दूसरे सत्र में काव्य रंगों की बौछार से शब्दवीणा का मंच रंगीन हो उठा। शब्दवीणा रंगोत्सव काव्य अनुष्ठान में जहां डॉ रश्मि प्रियदर्शनी ने रंग-बिरंगी खुशियां लेकर, आयी होली, आयी रे। सबके मन, आनन पर बन मुस्कान मधुर, लहरायी रे स्वरचित होली गीत सुमधुर स्वर में गाया, वहीं शब्दवीणा फरीदाबाद जिला उपाध्यक्ष महेश चंद्र शर्मा राज ने हो, हो, हो, हो, हो होरी है। होरी है, बरजोरी है होली गीत गाकर खूब वाहवाहियां पायीं। वहीं गया जिला अध्यक्ष जैनेन्द्र कुमार मालवीय ने सांस्कृतिक सद्भाव प्रेम का पावन पर्व यह होली है रचना पढ़ी। कवयित्री कविता वशिष्ठ की रचना कवियों का है संग यहां पर, शब्दवीणा की टोली, आओ खेलें होली को खूब सराहना मिली। झारखंड प्रदेश अध्यक्ष वरिष्ठ कवयित्री प्रतिभा प्रसाद ने मन के अंदर छंद बने हैं, रंगों से रास रचाने को।आ जाना तुम कृष्ण कन्हैया संग में ताल बजाने को 'गीत गाया, तो वहीं हरियाणा प्रदेश सचिव सरोज कुमार ने गाया खुशियों के तुम रंग बिखेरो, मिलेंगी खुशियां तुमको ढेरों।

## शेरघाटी थाना में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** होली पर्व के मद्देनजर मंगलवार शाम 5 बजे शेरघाटी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शैलेंद्र सिंह ने की। बैठक में नगर परिषद सभापति लीलावती देवी, कार्यपालक पदाधिकारी अजीत कुमार, बीडीओ स्नेहिल आनंद, थाना प्रभारी अजित कुमार, प्रमोद कुमार वर्मा, राजद नेता वासीम अकरम, समाजसेवी आबीद इमाम, जितेंद्र सिंह, राम-लखन पासवान, मो. तन्नु, दीनानाथ पांडे, रामकिशोर प्रसाद, मकबूल अहमद, शगुफ्ता प्रवीन, लालबहादुर शास्त्री समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। बैठक में शहर में शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने पर विशेष चर्चा की गई। पुलिस प्रशासन ने लोगों से आपसी भाईचारे और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। अधिकारियों ने त्योहार के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने की जानकारी दी। अधिकारियों ने लोगों से अफवाहों से बचने और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का आग्रह किया।

## रामनवमी शोभायात्रा में देश के विभिन्न राज्यों के कलाकार देंगे प्रस्तुति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** रामनवमी शोभायात्रा इस वर्ष भव्य और ऐतिहासिक रूप से आयोजित की जाएगी जिसमें देशभर के कोने-कोने से आए कलाकार अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभव कराएंगे। इस अवसर पर विशाल सांस्कृतिक झांकियां, भजन संध्या, अखाड़ा प्रदर्शन और शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा जिसमें लाखों श्रद्धालु भाग लेंगे। इस बार शोभायात्रा में राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, कर्नाटक और तमिलनाडु सहित कई राज्यों से आए कलाकार अपनी पारंपरिक प्रस्तुतियां देंगे। यह भक्ति संगीत, नृत्य, झांकियों और पारंपरिक कलाओं का एक अद्भुत संगम होगा। रामायण के प्रसंगों को दर्शाती जीवंत झांकियां श्रद्धालुओं को प्रभु श्रीराम के आदर्शों से जोड़ने का कार्य करेंगी। रामनवमी शोभायात्रा सेन्टर कमिटी की एक विशेष बैठक धर्म सभा भवन में आयोजित की गई जिसमें शोभायात्रा की तैयारियों की समीक्षा की गई और इसे ऐतिहासिक बनाने के लिए विचार-विमर्श किया गया। बैठक में केन्द्रीय समिति के महामंत्री मानीलाल बारीक ने कहा कि यह शोभायात्रा भारतीय संस्कृति और भक्ति भाव की अद्भुत मिसाल होगी। विभिन्न राज्यों के कलाकारों की प्रस्तुति इसे और भी भव्य बनाएगी। वहीं, संरक्षक सदस्य सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए इस बार विशेष भजन संध्या, अखाड़ा प्रदर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यवस्था की गई है। यह शोभायात्रा हमारी धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने का एक सुनहरा अवसर होगा। इस भव्य शोभायात्रा की शुरुआत कई स्थानों से होगी और यह विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। पूरे मार्ग को आकर्षक लाइटिंग, पुष्पवर्षा और तोरण द्वारों से सजाया जाएगा। जगह-जगह भव्य स्वागत द्वार बनाए जाएंगे जहां श्रद्धालु भगवान श्रीराम के दर्शन कर सकेंगे। विशेष रूप से इस बार शोभायात्रा में रथ यात्रा का आयोजन किया जाएगा जिसमें भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की प्रतिमाओं को सुंदर सजे हुए रथ पर विराजमान किया जाएगा।

## नीतीश कुमार के सुशासन में जवान सुरक्षित नहीं : कांग्रेस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** भारतीय सेना में हवलदार पद पर कार्यरत गया जिला टिकरी प्रखंड के पूरा गांव निवासी प्रवीण शर्मा जो छुट्टी पर अपने गांव आए हुए थे, बीते गुरुवार की रात्रि अपने घर से मोटरसाइकिल से टिकारी किसी काम से जाने के क्रम में रास्ते में श्मशान गांव के पास मामूली बात को लेकर अपराधियों द्वारा बेरहमी से पिटाई से बुरी तरह घायल हो जाने तथा गया के मिलिट्री अस्पताल में इलाज के दौरान रविवार की रात मौत होने की घटना की तीव्र भर्त्सना करते हुए कांग्रेस पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं ने गया टावर चौक पर प्रदर्शन कर सुशासन की सरकार एवं स्थानीय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर इस घटना में शामिल दोषियों को गिरफ्तार कर कठोर से कठोर सजा देने की मांग किया है। मांग करने वालों में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, अमित कुमार सिंह उर्फ रिंकू सिंह, दामोदर गोस्वामी, प्रद्युम्न दुबे, शिव



कुमार चौरसिया, टिंकू गिरी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, मोहम्मद समद, साधु शरण सिंह, प्रदीप शर्मा, विद्या शर्मा, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार आदि ने कहा कि नीतीश की सुशासन की सरकार में जब भारतीय सेना के जवान भी सुरक्षित नहीं है, तो आमजनों की हालात का कहना ही क्या है। नेताओं ने स्थानीय पुलिस एवं 112 पुलिस की ढुलमुल रवैया पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करते हुए कहा कि पुलिस को गुरुवार की रात्रि से ही घटना की सूचना देने के बाद भी सेना के हवलदार प्रवीण शर्मा की तीन दिनों के बाद हुई मृत्यु के बाद एक्शन में आना बेहद चिंतनीय बात है। नेताओं ने कहा कि बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने भी सेना के हवलदार प्रवीण शर्मा की मृत्यु पर गहरी सम्वेदना व्यक्त किया तथा गया जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ गगन कुमार मिश्रा एवं प्रखंड अध्यक्ष नाथून पासवान के नेतृत्व में पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को टिकारी प्रखंड के पूरा गांव का दौरा कर पूरा रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमिटी को सौंपने का दिशा निर्देश दिया है। नेताओं ने राज्य सरकार से शहीद प्रवीण शर्मा की आदमकद प्रतिमा टिकारी अनुमंडल कार्यालय परिसर में लगाने, उनकी पत्नी को सरकारी नौकरी तथा 01 करोड़ मुआवजा देने की मांग की है।


**Office of the Nagar Panchayat Chhatarpur**

**Very Short E-Procurement Notice**

**NIT No:- NPC-NIT-16/2023-24 (6th Call )**

| Sr. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 10 KLD at Chhatarpur town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years |
| 2 | Estimated Cost (INR) | Construction Cost: ₹ 2,38,31,558.00 Operation & Maintenance Cost: ₹ 1,26,22,393.00 Total: ₹ 3,64,53,951.00 |
| 3 | Bid Security (INR) | ₹ 3,64,540/- (Rupees Three Lakhs Sixty-Four Thousand Five Hundred Forty Only) |
| 4 | Cost of Bid Document (INR) | ₹ 10,000/- (Rupees Ten Thousand Only); non-refundable |
| 5 | Time of Completion | 1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP |
| 6 | Date of e-publication of tender | 10-03-2025 |
| 7 | Document downloading start Date | 17-03-2025 |
| 11 | Bid submission end date | 25-03-2025 |
| 12 | Last day for the submission of Bid Security, cost of bid document | 25-03-2025 |
| 13 | Bid opening date (online | 26-03-2025 |
| 14 | Mode of Submission of Bids | e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in) |
| 15 | Name &Address of office Inviting Tender | Executive Officer, Nagar Panchayat Chhatarpur |
| 16 | Helpline Number | 9471125404 |

**Note:** Only e-Tender will be accepted

Complete bid document is available on website http://jharkhandtenders.gov.in)

Executive Officer
Nagar Panchayat Chhatarpur

PR.NO.348298 District(24-25):D


## सामाजिक सुरक्षा मुद्दों पर तीन-दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** कोई भी व्यक्ति समाज के बिना नहीं रह सकता क्योंकि यह हमें नाम, पहचान और लोगों का समर्थन देता है। आजकल शिक्षा की समझ में काफी बदलाव आया है क्योंकि पहले इसका प्रयोग मुक्ति के लिए किया जाता था लेकिन आज इसका प्रयोग नियुक्ति के लिए किया जाता है। उक्त वक्तव्य मंगलवार को दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने सोशियोलॉजिकल स्टडीज विभाग द्वारा सामाजिक कार्य शिक्षकों के लिए सामाजिक सुरक्षा मुद्दों पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम, 2025 के उद्घाटन सत्र में कही। राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति ने इस तथ्य पर जोर दिया कि भारतीय समाज में संसाधनों की कमी नहीं है बल्कि ऐसे लोगों की आवश्यकता है जो बदलाव लाने के लिए काम कर सकें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय पवार, एनआईएसडी, नई दिल्ली ने कहा कि सरकार अकेले जमीनी स्तर पर काम नहीं कर सकती है, इसके लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं की तत्काल आवश्यकता है। उन्होंने महाभारत में पांडवों का पक्ष लेकर धर्मयुद्ध जीतने में ट्रांसजेंडरों के महत्व पर प्रकाश डाला जो पुरुष और महिला दोनों के दिमाग या दृष्टिकोण से सोचते और कार्य करते हैं। उन्होंने यह भी जानकारी साझा किया कि एनआईएसडी ने गया नगर निगम को एक भिक्षा गृह स्वीकृत किया है। कार्यक्रम के संसाधन व्यक्ति, उत्तर प्रदेश उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. रावेंद्र सिंह जादौन ने सामाजिक सुरक्षा के लिए व्यावहारिक ज्ञान की प्रासंगिकता के बारे में बात की और साथ ही भारत में बच्चों जैसे कमजोर वर्गों के बारे में बताया जो सबसे कमजोर हैं, उसके बाद तीसरे लिंग, बुजुर्ग व्यक्ति, महिलाएं और पुरुष हैं। जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि सोशियोलॉजिकल स्टडीज विभाग के अध्यक्ष प्रो. एम विजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन डॉ. हरेश नारायण पांडेय (संयोजक) ने किया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत विभागाध्यक्ष प्रो. एम विजय कुमार शर्मा के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने अतिथियों का स्वागत करने के पश्चात आगे कहा कि सामाजिक सुरक्षा एक व्यापक दृष्टिकोण है जिसका उद्देश्य बुजुर्गों, नशा करने वालों, ट्रांसजेंडर, भिखारियों आदि की सामाजिक कमजोरियों को दूर करके समाज की रक्षा करना है। इस अवसर पर प्रो. प्रणव कुमार, डीन, सोशल साइंस, प्रो. पवन कुमार मिश्रा, डीएसडब्ल्यू, प्रो. रवि कांत, डीन, स्कूल ऑफ एजुकेशन, अजय प्रताप सिंह, अध्यक्ष वृद्धा आश्रम, कोंच गया के साथ विभाग से डॉ. समापिका महापात्रा, डॉ. हरेश नारायण पांडेय, डॉ. जितेंद्र राम, डॉ. प्रिय रंजन, डॉ. पारिजात प्रधान, डॉ. कबीर एपी मौजूद थे।

## होली पर्व को शांति पूर्वक मनाने की बीडीओ ने की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गया)।** होली पर्व का सौहार्द वातावरण में मनाने के लिये मंगलवार को थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बीडीओ प्रभाकर सिंह एवं थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा ने कहा कि आप सबों के सुझावों पर ध्यान देते हुए कार्य किया जायेगा। इसके साथ ही होली पर्व के दरम्यान जारी गाइडलाइन के तहत अश्लील गानों पर कड़ी पाबंदी रहेगी, शराबी एवं शराब तस्कर तथा लहेरिया कट चलाने वालों पर विशेष स्तर से पुलिसिया कार्रवाई होगी। क्षेत्र में कहीं भी समस्या हो, तुरंत हमें सूचित करें, तत्काल समाधान किया जायगा। मौके पर समिति सदस्यों ने शराब तस्करों एवं शराबियों पर नकेल कसने, पक्की सड़क से अतिक्रमण हटाने, नगर एवं पंचायतों में विशेष गश्ती की मांग की है। मौके पर सीओ दिलीप कुमार, नगर सफाई पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं समाजसेवी मौजूद थे। बैठक के अंत में सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी।


**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj e-mail : gmtzdal@gmail.com

**e-TENDER NOTICE**

e-Tender in two parts i.e. technical (Part–I) and Financial (Part-II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound contractors for the under mentioned work:-

| Sl. No. | e-N.I.T. No. | Description of works | Completion Period | e-tender fee (Rs.) (non-refundable) including GST 18% | E. M. Deposit (Rs.) | Estimated Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 552/PR/JUSNL/ 2024-25 | Estimate for Repair & maintenance, Painting (inside and outside area), Sanitary work and Other Misc. work of E Type Quarter (Two Blocks) at colony campus of Transmission Zone-IV, Medininagar | 04 Months | 5900/- | 33,200/- | 16,55,117.00 |

| | |
|---|---|
| Availability of Tender Documents on e-Tender website | 11.03.2025 at 12:00 PM |
| Start Date & Time of upload of BID | 11.03.2025 at 12:00 PM |
| End date and time of upload of BID | 01.04.2025 Up to 04:00 PM |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | 02.04.2025 at 04:30 PM |
| BID Opening date for Price Part | Will be communicated later on |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar, Bypass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 9835768602 for any enquiry.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender/ last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनीशिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager,
Transmission Zone-IV Medininagar

PR 348360 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25)D

संपादकीय

# जयशंकर की दो टूक

भारतीय विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने ब्रिटेन में एक पाक पत्रकार के प्रायोजित सवाल पर जिस तरह दो टूक जवाब दिया, उससे पाक बौखला गया है। हालांकि जयशंकर के जवाब पर भारत में भी कुछ सवाल उठ रहे हैं। लंदन के चैथम हाउस में थिंक टैंक के एक कार्यक्रम में जयशंकर अपनी बात रख रहे थे। तभी एक पाक पत्रकार निसार ने उनसे पूछा कि क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अपने संबंधों का इस्तेमाल कश्मीर समस्या को हल करने के लिए कर सकते हैं? इस पर जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान ने भारत से जो हिस्सा (पीओके) चुराया है, अब उसकी वापसी का इंतजार है। उस हिस्से के भारत में शामिल होते ही जम्मू-कश्मीर में पूरी तरह से शांति स्थापित हो जाएगी। विदेश मंत्री ने कश्मीर घाटी में शांति का फॉर्मूला बताते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में शांति बहाल करने की पूरी प्रक्रिया तीन चरणों में अपनाई गई। सबसे पहले आर्टिकल 370 हटाया गया। इसके बाद दूसरा कदम कश्मीर में विकास और आर्थिक गतिविधि के साथ सामाजिक न्याय को बहाल करना था। वहीं, तीसरा कदम अच्छे वोटिंग प्रतिशत के साथ मतदान कराना था। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी विदेश नीति में बदलाव का भारत को फायदा मिलेगा। यह कई मायनों में भारत के अनुकूल है, क्योंकि ट्रम्प प्रशासन के ऐक्शन से दुनिया नई व्यवस्था की तरफ बढ़ रही है। जाहिर है कि विदेश मंत्री जयशंकर ने 'जैसे को तैसा' शैली में जवाब दिया। उन्होंने पाकिस्तान को यह संदेश दिया कि जिस कश्मीर को वह अंतरराष्ट्रीय मुद्दा बनाए हुए है, वह भारत की नजर में सिर्फ पाकिस्तान द्वारा जबरन कब्जाए गए हिस्से तक सीमित है। जिस दिन पाकिस्तान उसे खाली कर देगा, कश्मीर समस्या अपने आप हल हो जाएगी। जयशंकर के इस जवाब पर भारत में कुछ अलग तरह से भी प्रतिक्रिया हुई। जम्मू-कश्मीर ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने परोक्ष रूप से भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि 1999 में कारगिल के लड़ाई के समय ही पीओके को क्यों जीत लिया गया तो एक अन्य नेता ने सवाल किया कि जयशंकर केवल पीओके की बात क्यों कर रहे हैं? क्योंकि गिलगित और बाल्टीस्तान भी पूर्व कश्मीर रियासत का हिस्सा थे, जिनका विलय कश्मीर के तत्कालीन महाराजा हरिसिंह ने भारत में कर दिया था। इस पर सत्तापक्ष की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई, लेकिन यह सवाल जरूर उठा कि क्या भारत ने कश्मीर मुद्दे पर अपनी नीति को कुछ बदल दिया है? क्या उसने पीओके के अलावा क्या बाकी बचे उस कश्मीर पर अपना दावा छोड़ दिया है, जो पाक के कब्जे में है। यूं निकालने को जयशंकर के बयान के कई अर्थ निकाले जा सकते हैं, लेकिन विदेश मंत्री ने यह संदेश देने की कोशिश जरूर की कि पीओके वापस लेना सरकार के एजेंडे में है। इसे लड़कर लेना है या फिर अन्य तरीकों से, यह बाद की बात है। हालांकि जयशंकर के ब्रिटेन दौरे के समय लंदन में खालिस्तान समर्थकों ने जिस तरह से जयशंकर के काफिले को रोकने की कोशिश की और भारत का राष्ट्रध्वज तिरंगा फाड़ा, उससे ब्रिटेन की सरकार की मंशा और पुलिस पर सवालिया निशान जरूर लगे हैं। अलगावादियों द्वारा शांतिपूर्वक प्रदर्शन अलग बात है और किसी विदेशी राजनयिक के साथ अभद्र व्यवहार को हिंसा करने की कोशिश अंतरराष्ट्रीय शिष्टाचार का भी उल्लंघन है। पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के जमाने में खालिस्तानियों पर लगाम लगी थी, लेकिन लगता है कि कीर स्टार्मर की सरकार ऐसे तत्वों को शह दे रही है। अगर इन तत्वों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो ब्रिटेन भारत रिश्तों में खटास आ सकती है।

# युद्धों से सबक ले गरीब दुनिया

**इस समय दुनिया के पटल पर तीन घटनाएं मुख्य चर्चाओं के बिन्दु हैं। एक यूक्रेन और रूस का युद्ध, दो हमास-इजरायल का संघर्ष और तीसरा अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का सनकी परन्तु बेबाक व्यवहार। यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध के चलते कई लाख लोग मारे जा चुके हैं और बड़े पैमाने पर धन-सम्पत्ति की बर्बादी हुई है। हालांकि पिछले कई वर्षों से चल रहे युद्ध के बावजूद भी रूस अभी तक जीत नहीं सका है, केवल यूक्रेन के कुछ क्षेत्र पर कब्जा कर सका है। कई सूचनाओं के अनुसार अभी तक 20 कि.मी. क्षेत्र पर ही वास्तविक कब्जा कर सका है। यह तथ्य है कि, युद्ध रूस और यूक्रेन के बीच नहीं है, बल्कि रूस बनाम अमेरिका और यूरोप के बीच है। यूरोप तो नाटो में यूक्रेन को शामिल करने के लिए पूर्णतरू कटिबद्ध है पर अमेरिका दोहरा खेल खेल रहा है। युद्ध विराम कराने का दावा करता है और कभी रूस और कभी यूक्रेन की तरफ़्दारी करता है।**



**रघु ठाकुर**

शायद यूरोप और अमेरिका का सहारा है इसलिये यूक्रेन टिका हुआ है। यूरोप के देश चाहते हैं कि यूक्रेन जो वस्तुतरू यूरोप का ही एक हिस्सा है, नाटो में शामिल हो और उसकी सुरक्षा छतरी के बीच सुरक्षित हो। यूरोप के देश, व नाटो के सदस्य, यूक्रेन को आर्थिक सामरिक मदद कर रहे है।

पिछले 5 वर्षों से अमेरिकी प्रशासन भी यूक्रेन को भारी आर्थिक और सामरिक मदद देता रहा। डोनाल्ड ट्रम्प के मुताबिक अमेरिका यूक्रेन को 31 लाख करोड़ रुपया की मदद दे चुका है। यह राशि भारत के राष्ट्रीय बजट से लगभग आधा से ज्यादा होती है। रूस ऊपरी तौर पर तो यूक्रेन को नाटो की सदस्यता से रोकना चाहता है, परन्तु उसकी वास्तविक इच्छा यूक्रेन को हड़पने और रूस में वापिस मिलाने की है। यूक्रेन का खनिज अमेरिका-रूस-यूरोप तीनों को ललचाता है। इस मामले में चीन रूस के साथ है। शायद चीन का सोचना है कि अगर रूस यूक्रेन को हड़प सका तो फिर चीन के लिए तालिबान को हड़पने के लिये एक मजबूत तर्क मिल जायेगा।

वैसे तो डोनाल्ड ट्रम्प की भाषा एक तानाशाह जैसी लगती है, जो तीखा और कठोर बोलने के अभ्यस्त है। शायद अमेरिकी इतिहास में ऐसा राष्ट्रपति कोई और नहीं हुआ होगा, परन्तु मुझे डोनाल्ड ट्रम्प तानाशाह नजर नहीं आते. क्योंकि तानाशाह कभी भी लोकतंत्र व संवाद पसंद नहीं करता। जबकि ट्रम्प हर दिन बहस मुबाहसे में अपने नस्ली भाईयों, मित्रों, सहयोगियों से सार्वजनिक रूप से उलझते हैं। परन्तु कुछ समय बाद पूर्ववत मित्र-शुभचिंतक बन जाते हैं। फ्रांस के राष्ट्रपति की अमेरिकी यात्रा में जो संयुक्त पत्रकार वार्ता अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ हुई उसमें ट्रम्प यूक्रेन को मदद देने के बारे में अमेरिकी मदद की चर्चा कर रहे थे और उत्साह में आकर बोले कि श्केवल अमेरिका ने ही यूक्रेन की मदद की है। इस पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रो ने उन्हें बीच में ही रोक दिया और कहा कि आप गलत हैं। फ्रांस और यूरोप के देशों ने भी मदद की है। 28 फरवरी को व्हाइट हाउस में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और ट्रम्प के बीच बातचीत में नोंक झोंक हुई। यहां तक कि पत्रकार वार्ता में भी तीखी बहस हो गई। ट्रम्प ने यह भी कहा कि जेलेंस्की ने व्हाइट हाउस में ऊँची आवाज में बात कर अमेरिका का अपमान किया है। परन्तु एक चतुर व्यापारी की तरह ट्रम्प ने यह तय करा लिया कि युक्रेन 44 लाख करोड़ के खनिज अमेरिका को देगा और ट्रम्प ने प्रश्न बदलकर कहा कि हम युद्ध नहीं चाहते परन्तु यूक्रेन को मदद देते रहेंगे और जेलेंस्की ने भी कहा कि हम अपने देश की सुरक्षा की गारंटी चाहते हैं। जेलेंस्कि, के ट्रंप को उत्तर देने व दृढ़ता ने, उन्हें दुनिया में बहादुर सिद्ध किया हैं।हालांकि ट्रम्प और जेलेंस्की या मक्रो के सार्वजनिक विवाद ने भी वांछित निर्णयों पर कोई प्रभाव नही डाला और सबने अपने-अपने हित साध लिये। तानाशाह अवज्ञा नहीं सहता, परन्तु लोकतांत्रिक मानस का व्यक्ति उस अवज्ञा को अपमान नही मानता तथा उसे मन में भी नहीं रखता। ट्रम्प का स्वभाव कुछ कुछ भारत के एक नेता स्व. बीजू पटनायक या पुराने सोशलिस्टों जैसा है, जो लड़ते हैं, वाद विवाद करते हैं, बिगड़ते हैं और फिर साथ हो जाते हैं। इसलिये ट्रम्प भले ही दुनिया को विश्व युद्ध के खतरे से डरायें परन्तु मैं महसूस करता हूँ कि फिलहाल विश्व युद्ध नहीं होगा। यूरोप और नाटो के देशों ने तो जेलेंस्की के अमेरिका से लौटने के बाद उनका स्वागत किया तथा यूक्रेन को पूरा समर्थन देने की घोषणा की है। यूरोप और अमेरिका में भी आर्थिक स्वार्थों और डॉलर के प्रयोग को लेकर तनाव है। इसलिए विश्व तानाशाही का कोई खतरा या विश्वयुद्ध की गंभीर चिंता अगर कभी भविष्य में हो तो यह स्वाभाविक है। पर मुझे वह रुसी राष्ट्रपति पुतिन और चीनी राष्ट्रपति सी जिनपिंग से ज्यादा नजर आती है, जिनका विश्वास अपने देश में या विदेश में लोकतांत्रिक संवाद में नहीं है।जेलेंस्की और ट्रम्प के सार्वजनिक विवाद संवाद ने यह भी सिद्ध कर दिया है कि आज की दुनिया में कोई भी देश किसी दूसरे देश को न्याय और अन्याय के आधार पर समर्थन नहीं करता, बल्कि अपने हितों को ही सर्वोपरि मानता है। इजरायल और हमास के बीच के संघर्ष में तो ट्रम्प ने एक अलग ही लाइन ली है। निसंदेह हमले की शुरुआत, हमास ने की थी। अब उसका अन्त दुखदरू है। इजरायल के 1200 लोग हमास के हमलों में मारे गये और अभी तक अधिकृत सूचना के अनुसार फिलिस्तीन के 42 हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। वैसे भी युद्ध में मरने वालों की सही संख्या की गणना कठिन होती है। गाजा पट्टी का अधिकांश हिस्सा हमास के कब्जे से निकल चुका है और अब ट्रम्प ने तो फिलिस्तीनी आबादी को वहाँ से हटाकर अन्यत्र समीपी देशों में बसाने की न केवल कोशिश रूपी घोषणा कर दी है, बल्कि इस योजना पर अमल भी शुरू कर दिया हैं। चर्चा शुरू हुई है कि अब अरब देश भी इस्लामिक आधार पर फिलिस्तीन के साथ एकजुट होने के लिए सक्रिय हो रहे हैं। अगर यह हुआ तो फिर तीसरा विश्व युद्ध हो सकता है।

अमेरिकी यूरोप और इजरायल तथा ईसाई और यहूदी के बीच के संबंध बहुत गहरे हैं। दरअसल यही धुरी है जो दुनिया की अर्थ सत्ता,सामरिक सत्ता, राजनीति सत्ता, और कुछ हद तक वैश्विक राजनीति को नियंत्रित कर रही है। ट्रम्प का चातुर्य यहाँ भी प्रकट होता है कि उन्होंने यूएस एड (SýID) के द्वारा भारत में मतदान बढ़ाने के नाम पर दिये गये 182 करोड़ के अनुदान को उन्होंने न केवल सार्वजनिक किया बल्कि उसके राजनैतिक लक्ष्य की ओर इशारा किया तथा श्री नरेन्द्र मोदी को मित्र भी बता दिया।

कई बार ऐसा लगता है कि ट्रम्प की शक्ल और बातें ऊपर से भले ही विदूषक जैसी लगती हों, परन्तु वह भीतर से वे बहुत चतुर और अमेरिकी हितों को सामने रख कर काम करते हैं। उन्होने बंग्लादेश को भी 250 करोड़ रु. दिये जाने का खुलासा किया है। यद्यपि बंगलादेश के तख्तापलट में इस राशि का कितना इस्तेमाल हुआ है, वह शोध का विषय है। पर जिस प्रकार से बंगलादेश में शेख हसीना का अचानक सत्ता पलट हुआ, उन्हें भागना पड़ा, मोहम्मद युनुस की वापिसी हुई तथा अब इस तख्ता पलट के छिपे किरदार अपना राजनैतिक दल बना रहे हैं, उसमें एक जुड़ी हुई कड़ी देखी जा सकती है।

बंगलादेश की घटनाएं भारत के लिये विशेष चिंता का विषय होना चाहिए। बंग्लादेश और पाकिस्तान के बीच उभर रहे रिश्ते कुछ नई दिशाओं के संकेत दे रहे हैं। पाकिस्तान में सैन्य तानाशाही है और अब बंगलादेश भी अघोषित सैन्य नियंत्रण में है। हालांकि मेरी समझ तो यह है कि पाक सैन्य अधिकारी और बांग्लादेश के सैन्य अधिकारियों की कई बैठकें हो चुकी हैं। ये दोनों देश फिलहाल मिल तो नहीं सकते पर सामरिक, विदेश नीति और व्यापारिक समझौता कर सकते हैं।

पाकिस्तान की शक्कर की मिठास बंगलादेश को भाने लगी है। इसकी भावी संभावनाओं और उसके परिणामों के बारे में भारत को सोचना चाहिये। बंगलादेश चीन से सटा हुआ है और चीनी प्रभाव से अगर पूर्णतः प्रभावित नहीं है तो पूर्णतरू मुक्त भी नहीं है। म्यांमार की सैन्य सत्ता पहले ही चीन के नजदीक है। आंग सान सूकी अब दोनों ही धड़ों याने अमेरिका यूरोप व रूस के लिये ही अनुकूल और नहीं है। श्रीलंका में वामपंथी विचारों के श्री अनुरा कुमार सत्ता में वापिस होकर आये हैं। अभी तो वे भारत के प्रति तटस्थ नजर आते है वैसे भी वह कोई वैश्विक प्रभाव डालने की स्थिति में नहीं है। पर यह दृष्टिकोण कब तक रहेगा कहना कठिन है। नेपाल भी मार्क्सवादियों की सत्ता नियंत्रण में है जो चीन के प्रभाव में है और अपनी भौगोलिक स्थिति के चलते वे वैसे भी चीन से मधुर रिश्ते रखने को बाध्य हैं। हमारे देश के स्वयंभू विश्व गुरु इन वैश्विक घटनाओं में कहीं भी नजर नहीं आते और वैश्विक राजनीति से लगभग अलग से नजर आते हैं। विश्व की आर्थिक शक्तियों का कर्ज कैसी कीमत वसूलता है यह भारत को यूक्रेन की घटना से सीखना चाहिये। जिसे अपने देश की रक्षा के लिये लड़े जाने वाले युद्ध के लिये, दी गई मदद के बदले में अमेरिका को 44 लाख करोड़ का खनिज देना पड़ रहा है।

अध्यात्म

## जब भगवन ने मुझे गोदी उठाया

जन्म से ठीक पहले एक बालक भगवान से कहता है- प्रभु आप मुझे नया जन्म मत दीजिये, मुझे पता है पृथ्वी पर बहुत बुरे लोग रहते है, मैं वहाँ नहीं जाना चाहता। और ऐसा कह कर वह उदास होकर बैठ जाता है। भगवान् स्नेह पूर्वक उसके सर पर हाथ फेरते हैं और सृष्टि के नियमानुसार उसे जन्म लेने की महत्ता समझाते हैं, बालक कुछ देर हठ करता है पर भगवान् के बहुत मनाने पर वह नया जन्म लेने को तैयार हो जाता है। ठीक है प्रभु, अगर आपकी यही इच्छा है कि मैं मृत लोक में जाऊं तो वही सही, पर जाने से पहले आपको मुझे एक वचन देना होगा। -बालक भगवान् से कहता है। भगवान्– बोलो पुत्र तुम क्या चाहते हो? बालक- आप वचन दीजिये कि जब तक मैं पृथ्वी पर हूँ तब तक हर एक क्षण आप भी मेरे साथ होंगे। भगवान्– अवश्य ऐसा ही होगा। बालक- पर पृथ्वी पर तो आप अदृश्य हो जाते हैं, भला मैं कैसे जानूंगा कि आप मेरे साथ हैं कि नहीं?

पैरों के निशान, भगवान्– जब भी तुम आँखें बंद करोगे तो तुम्हे दो जोड़ी पैरों के चिन्ह दिखाइये देंगे, उन्हें देखकर समझ जाना कि मैं तुम्हारे साथ हूँ। फिर कुछ ही क्षणो में बालक का जन्म हो जाता है। जन्म के बाद वह संसारिक बातों में पड़कर भगवान् से हुए वार्तालाप को भूल जाता है7 पर मरते समय उसे इस बात की याद आती है तो वह भगवान के वचन की पुष्टि करना चाहता है। वह आखें बंद कर अपना जीवन याद करने लगता है। वह देखता है कि उसे जन्म के समय से ही दो जोड़ी पैरों के निशान दिख रहे हैं7 परंतु जिस समय वह अपने सबसे बुरे वक़्त से गुजर रहा था उस समय केवल एक जोड़ी पैरों के निशान ही दिखाइये दे रहे थे, यह देख वह बहुत दुखी हो जाता है कि भगवान ने अपना वचन नही निभाया और उसे तब अकेला छोड़ दिया जब उनकी सबसे अधिक ज़रुरत थी। मरने के बाद वह भगवान् के समक्ष पहुंचा और रूठते हुए बोला- प्रभु ! आपने तो कहा था कि आप हर समय मेरे साथ रहेंगे, पर मुसीबत के समय मुझे दो की जगह एक जोड़ी ही पैर दिखाई दिए, बताइये आपने उस समय मेरा साथ क्यों छोड़ दिया? भगवान् मुस्कुराये और बोले- पुत्र! जब तुम घोर विपत्ति से गुजर रहे थे तब मेरा ह्रदय द्रवित हो उठा और मैंने तुम्हे अपनी गोद में उठा लिया, इसलिए उस समय तुम्हे सिर्फ मेरे पैरों के चिन्ह दिखायी पड़ रहे थे। बहुत बार हमारे जीवन में बुरा वक़्त आता है, कई बार लगता है कि हमारे साथ बहुत बुरा होने वाला है, पर जब बाद में हम पीछे मुड़ कर देखते हैं तो पाते हैं कि हमने जितना सोचा था उतना बुरा नहीं हुआ, क्योंकि शायद यही वो समय होता है जब ईश्वर हम पर सबसे ज्यादा कृपा करता है।

# सामूहिक कर्ज कंपनियों के कुचक्र में फंसता समाज

**हमारी सरकार बाजार और खरीददारी देखकर देश के विकास का आकलन करती हैं। आज 300 की दिहाड़ी करने वाला अपनी बेटी की शादी में पांच लाख खर्च कर रहा है, उसके घर में स्मार्ट फोन है, डिजिटल टीवी है, वह बाइक से मजदूरी करने जा रहा है। दिवाली, होली, नवरात्र धूम से मना रहा है पर पांच किलो राशन न मिले तो शायद उन्हें भूखा रहना पड़े, सरकारी आवास न मिले तो वे बेघर हो जाए। आखिर यह कैसा विकास है? दहेज एक बड़ी चुनौती है। हमारे देश में पूर्वी भारत के ज्यादातर गरीब इसी दल दल में फंसे हुए है। आज एक पिता को अपनी बेटी ब्याहने के लिए कम से कम एक बाइक की व्यवस्था करनी पड़ती है जिसे इस समाज में एक साधारण बात मानकर स्वीकार कर लिया गया है। मैं दावे के साथ कहता हू कामगार परिवारों में 80 प्रतिशत बाइक दहेज़ की है।**

**डॉ. संजीव कुमार**

लोग क्या कहेंगे,इसी मानसिकता के इर्द गिर्द आधे भारतीय जीते हैं और अपनी पूरी जिंदगी बर्बाद कर लेते हैं। लोग याद रखेंगे, लोग तारीफ करेंगे, लोग मेरे दरवाजे पर बैठेंगे इत्यादि सोच के साथ ही हम भारतीय अपने जीवन की गाढ़ी कमाई उजुल फजूल में खर्च कर देते हैं। वे ये खर्च एक दिन करते हैं और सालों चुकाते रहते हैं। हमारे पड़ोस में ही एक किसान है उनके दो बेटे हैं दोनों ने भारतीय शिक्षा पद्धति के अंतर्गत न्यूनतम शिक्षा हासिल कर रखी हैं। दोनों की शादियां हो चुकी हैं। शादी से लेकर के दोनों के दो पुत्र होने तक इन्होंने समाज में हर प्रकार के खूब आयोजन किए दिखावे के लिए। इन लोगों ने अपनी कमाई से चार गुना खर्च किया और यह सारा खर्च फाइनेंस कंपनियों से एक के बाद एक उठाते हुए किया। आज इनके पिता के पास जो जमीन थी जिससे इनका परिवार हँसी खुशी जीवन गुजारा करता था वह जमीन गिरवी है, अब यह दूसरों की खेती में मजदूरी करते हैं। उनके हालात देखकर के मुझे सवा सेर गेहूं की कहानी याद आती है। आखिर, माइक्रो फाइनेंस कंपनियों से इनका कितना उद्धार हो रहा है?

इस वर्ष मेरे तीन करीबी लोगों की बेटियों की शादी थी। सभी ने माइक्रो फाइनेंस कंपनियों से लाखों कर्ज़ लेकर शादी में अपनी क्षमता से बढ़कर खर्च किया। आज सभी महीने के पंद्रह से बीस हजार किस्त भर रहे हैं जबकि सभी दिहाड़ी मजदूर हैं। इसके अतिरिक्त जो उन्होंने रिश्तेदारों से कर्ज़ लिए सो अलग हैं। भारत में दिहाड़ी मजदूरी कितनी हैं इससे आप सब वाकिफ हैं। परिणामस्वरुप आज तीनों परिवारों के बच्चों को इस वर्ष अपनी शिक्षा रोकनी पड़ी हैं। गरीबों के घर के बच्चे जब शिक्षा छोड़ते हैं तब उन्हें फिर शिक्षा की तरफ मोड़ पाना कितना मुश्किल होता है यह बात एक सामाजिक व्यक्ति अच्छी तरह समझ सकता है। जबकि यह शिक्षा ही गरीबों के जीवन परिवर्तन की आखिरी उम्मीद होती हैं। फिर शुरू होता है मजदूरी का कुचक्र और धीरे धीरे इन परिवारों के बच्चे शिक्षा से विमुख होकर अपने माँ बाप की मदद के लिए उनके काम में मदद करने लगते है। ऐसी परिस्थिति में उनका बहकना स्वाभाविक होता है और किशोरवस्था में मोबाइल अतिक्रमण का शिकार हो चुके होते हैं। ऐसे में वे अपना शौक पूरा करने के लिए फाइनेंस कम्पनियों से मोबाइल फाइनेंस करवाते हैं जो वे इनके माँ के नाम से पास भी कर देते हैं और इस तरह एक गरीब बच्चा उस किस्त को चुकाने के लिए छोटी मोटी मजदूरी या दिहाड़ी करने लगता हैं। इस तरह इन बच्चों को पुनः शिक्षा की तरफ लाना माँ बाप के लिए मुश्किल हो जाता है। आज लाखों अभिभावक इस समस्या से जूझ रहे हैं। एकरिपोर्ट के मुताबिक आज भारत पर 711.8 अरब डालर क़र्ज़ है यानि भारत का प्रत्येक नागरिक लगभग बयालिस हजार के कर्ज में डूबा है। कहने के लिए तो ये कम्पनियां महिलाओं को व्यवसाय के लिए कर्ज़ देती हैं पर आजादी के बाद से भारत सरकार भी ये कार्य करती आ रही हैं और 90 के दशक से ये कम्पनियां भी फिर आखिर गावों से हर दिन सैकड़ों के झुंड में जो लोग मजदूरी करने जाते हैं ये लोग कौन हैं? दिल्ली-मुंबई की ट्रेनों में ठूंस-ठूंस कर जाने वाले और फैक्टरियों में कमाने वाले कौन हैं जब इतने सारे व्यवसाय के लिए लोन बाँटे जा रहे है? आज देश में सैकड़ों फाइनेंस कंपनियां महिलाओं को कर्ज़ बाँट रही हैं और इनका रिकवरी दर 98त्र हैं जबकि सरकारी बैंके उलटे कर्ज़ में हैं ऐसा क्यों? दरअसल ये कम्पनियां लोगों को हर तरह का कर्ज़ देते हैं। एक परिवार को जो जरूरतें हैं वह सब ये किस्त पर बाँटती हैं जैसे टीवी, कूलर,मोबइल, बाइक, गैस सिलिंडर इत्यादि और हर सप्ताह कर्जदारों के घर जाकर वसूलती हैं। यदि किसी दिन कर्ज़दार समय पर अपनी किस्त देने में अक्षम होता हैं उस दिन इनके वसूलीकर्ता कर्ज़दार के घर पर डेरा डाल देता हैं। अंततः मारे शर्म के कर्ज़दार एक कर्ज़ चुकाने के लिए अपने गहने, बर्तन गिरवी रखकर अपना किस्त भरता हैं। देखते ही देखते पूरा परिवार मजदूरी करने लगता है पर कर्ज़ इनका पीछा नहीं छोड़ता। ऐसी स्थिति में कुछ लोग अपना घर छोड़ देते हैं या फिर आत्महत्या कर लेते हैं।दरअसल फाइनेंस कम्पनियों का दावा है कि हम साहूकारी से निजात दिलाने के लिए यह सेवा कर रहे है परन्तु आज देखा जाए तो यदि साहूकारी जहर था तो सामूहिक कर्ज़ मीठा जहर बन चुका है। इन कंपनियों की कामयाबी के पीछे का सबसे बड़ा सच ये है कि इन्होंने जिन्हें अपना कर्मचारी बनाया है यह लोग भी इन्हीं परिवारों के बीच के ही होते हैं। ये युवा बमुश्किल 12 वीं पास या स्नातक होते हैं जो कि 'साहब' बनने का सपना देख रहे होते हैं और ये कंपनियां इन्हें न्यूनतम तनख्वाह पर इनको साहब बनाकर उनके ही लोगों पर वसूली करने के लिए मैदान में छोड़ देती है जहां इनका शारीरिक और मानसिक हर तरह का शोषण होता है। इन कार्यकर्ताओं को कंपनियों की सख्त हिदायत होती है कि यह फील्ड में जब वसूली के लिए निकले तब बिना वसूली किए ऑफिस में वापिस नहीं आएंगे और ये बेचारे सुबह के निकले शाम रात तक वसूली करते रहते हैं। कभी-कभी इन्हें रात भर कर्ज़दारों के घर भी रुकना पड़ जाता है। इन कंपनियों की नीतियों को देखेंगे तो बिल्कुल अंग्रेजी हुकूमत से मेल खाती हुई दिखती है। इनके कार्यों पर सरकार को सख्त नजर रखने की जरूरत है क्योंकि इनके कृत्य अमानवीय और क्रूर होते जा रहे हैं जिस पर आए दिन सोशल मीडिया पर भी वीडियो आपको देखने को मिलते होंगे।

हमारी सरकार बाजार और खरीददारी देखकर देश के विकास का आकलन करती हैं। आज 300 की दिहाड़ी करने वाला अपनी बेटी की शादी में पांच लाख खर्च कर रहा हैं, उसके घर में स्मार्ट फोन हैं, डिजिटल टीवी हैं, वह बाइक से मजदूरी करने जा रहा हैं। दिवाली, होली, नवरात्र धूम से मना रहा हैं पर पांच किलो राशन न मिले तो शायद उन्हें भूखा रहना पड़े, सरकारी आवास न मिले तो वे बेघर हो जाएं। आखिर यह कैसा विकास हैं? दहेज़ एक बड़ी चुनौती हैं। हमारे देश में पूर्वी भारत के ज्यादातर गरीब इसी दल दल में फंसे हुए हैं। आज एक पिता को अपनी बेटी ब्याहने के लिए कम से कम एक बाइक की व्यवस्था करनी पडती हैं जिसे इस समाज में एक साधारण बात मानकर स्वीकार कर लिया गया हैं। मैं दावे के साथ कहता हूं कामगार परिवारों में 80 प्रतिशत बाइक दहेज़ की हैं। जाहिर हैं जब एक व्यक्ति बेटी को बाइक देगा तब बेटे की शादी भी बिना बाइक के नहीं करेगा। फिर टीवी, अलमारी, फ्रिज जो कभी वह अपनी कमाई से नही खरीद सकता वह अपनी जरूरतें ऐसे ही पूरा करता हैं जिसके लिए बाजार हर प्रकार से तैयार खड़ा है। दरअसल, पूरा बाजार, पूरी सरकार इनके दम पर खड़ा है। ये सिर्फ इनके के लिए भीड़ मात्र हैं। इनकी जिंदगी किस्तों में बंट चुकी हैं। एक तरफ सरकार इन्हें राशन की लाइन में खड़ी कर रही हैं, दूसरी तरफ व्यापारी इनके दरवाजे पर किस्तों के लिए खड़े हैं, शिक्षा और विकास का दरवाजा इनके लिए बंद हो रहा हैं। आजादी पश्चात् से लेकर 2013 तक भारत पर 55 लाख करोड़ कर्ज़ थे। 2013 से 2024 तक यह कर्ज़ 255 लाख करोड़ में तब्दील हो चुका है। भूख की वैश्विक सूची में हम अपने पडोसी देशों से भी नीचे हैं। वास्तविक विकास ये हैं और ये तब हैं जब देश की सम्पत्ति बेची जा रही हैं। एक परिवार का हर वह सदस्य जो किशोरवस्था से ऊपर हैं किसी न किसी प्रकार की मजदूरी से जुड़ा हुआ हैं। बाज़ारीकरण ने निम्न वर्ग के लोगों की सोचने समझने की शक्ति छीन ली हैं। शायद ऐसी ही परिस्थितियों के लिए टालस्टाय ने कहा हैं कि 'हम सब कुछ करने को तैयार हैं सिवाय गरीबों के पीठ से उतरने के।'

आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
व्यापार में लाभ बढ़ने के योग बन रहे हैं। प्रेम सम्बन्धों के प्रति समर्पित रहेंगे। परोपकार में आप रुचि लेंगे। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा।

**वृषभ**
दूसरों के कार्यों में अपना मत न रखें। मूर्ख लोगों की सलाह से आपको नुकसान हो सकता है। नियमों के पालन में सावधानी रखें।

**मिथुन**
किसी बड़ी समस्या का निवारण हो सकता है। किसी मित्र के यहाँ से निमन्त्रण प्राप्त होगा। शोध कार्यों के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा।

**कर्क**
आलस्य में अपना समय बर्बाद न करें। नकारात्मक प्रवृत्ति के लोग आपको परेशान कर सकते हैं। नये कार्यों को शुरू करना उचित नहीं है।

**सिंह**
परिवार में अपने दायित्व के प्रति निष्ठावान रहेंगे। युवाओं को करियर की परेशानियों का समाधान मिल सकता है। मित्रों से शुभ समाचार प्राप्त हो सकते हैं।

**कन्या**
सामाजिक क्रियाकलापों में आप भाग लेंगे। कानूनी मामलों में समझौता हो सकता है। अटकी हुयी योजनायें दोबारा शुरू हो सकती है।

**तुला**
आज आप काफी व्यस्त रहेंगे। पिछले काफी समय से चल रही उतार-चढ़ाव की परिस्थितियों में सुधार होगा। प्रभावशाली लोगों के साथ आपके सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे।

**वृश्चिक**
कब्ज और गैस के कारण आपकी दिनचर्या खराब हो सकती है। गरिष्ठ व पैक्ड भोजन आपको नुकसान कर सकता है। मन में खिन्नता का भाव रहेगा।

**धनु**
नौकरीपेशा लोगों की आय में वृद्धि होगी। सन्तान की उन्नति से उत्साहित होंगे। जीवनसाथी के साथ रिश्तों को लेकर प्रेम भाव बढ़ेगा। व्यापार को लेकर यात्रा कर सकते हैं।

**मकर**
जरूरतमन्द लोगों की मदद करनी पड़ेगी। नौकरी में आपको इन्क्रीमेन्ट मिल सकता है। अपनी जिम्मेदारियों को लेकर जागरूक रहें। शुगर के रोगियों को अपनी सेहत का ध्यान रखना पड़ेगा।

**कुंभ**
राजनीति से जुड़े लोगों को शुभ समाचार मिल सकते हैं। घनिष्ठ मित्रों के साथ काफी अच्छा समय बितायेंगे। बच्चों के व्यवहार पर गर्व होगा।

**मीन**
अपने अधिकारों को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे। नये प्रकल्पों में निवेश करने से पहले पूरी जानकारी ले लें। सहकर्मी आपसे कुछ असन्तुष्ट रहेंगे।

# होली में हुड़दंगियों पर रहेगी पुलिस की विशेष नजर

## विधि व्यवस्था को लेकर आयोजित बैठक में डीएम व एसपी ने दिये कई निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शेखपुरा।** मंगलवार को जिला पदाधिकारी आरिफ अहसन एवं पुलिस अधीक्षक बलिराम कुमार चौधरी द्वारा होली पर्व 2025 को लेकर विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु जिला समाहरणालय के मंथन सभागार में सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ समीक्षा बैठक की गई। इसके साथ ही शांति समिति के सदस्यों के साथ भी होली को लेकर बैठक की गई। होली को लेकर जिलें में कुल 115 स्थलों को चिन्हित कर दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ-साथ पर्याप्त संख्या में सुरक्षाबलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। पर्व 13 मार्च से 15 मार्च तक मनाया जाना है तथा 13 मार्च की रात्रि में होलिका दहन किया जायेगा। ऐसे अवसरों पर किसी स्थान पर दो सम्प्रदायों के बीच कोई विवाद उत्पन्न न हो इस हेतु सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को निष्पक्ष एवं न्यायपूर्ण निर्णय लेकर तत्परता से दृढतापूर्वक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

**उपद्रवी तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश**

विधि-व्यवस्था एवं सम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने के लिए यह आवश्यक है कि सभी उपद्रवी तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जायें एवं ऐसे लोगों को चिन्हित कर भानासुसं की धारा 163 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की जाय। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था की दृष्टि से मुस्तैद रहेंगे तथा उन्हें सघन गश्ती करने का निर्देश दिया गया है। बिहार में शराबबंदी को देखते हुये सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं सभी थानाध्यक्षों को इसपर विशेष निगरानी रखने एवं ऐसे लोगों को पर सख्त विधि-सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उत्पाद अधीक्षक को पूर्ण शराबबंदी के तहत विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुरूप सख्त करवाई सीमावती क्षेत्रों में करने को कहा गया है।

**शराब के विरुद्ध विशेष ड्राइव चलाने का निर्देश**

होली पर्व के अवसर पर विधि-व्यवस्था तथा साम्प्रदायिक सौहार्द कायम रखने तथा इस निर्देशों का अनुपालन कराने का दायित्व अनुमंडल पदाधिकारी व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को दी गई है। शांति समिति के सदस्यों ने जनहित में शराब पर रोकथाम, पानी एवं बिजली की निर्बाध आपूर्ति करने, पर्व को देखते हुए अतिक्रमण इत्यादि हटाने के मुद्दे को उठाते हुए जिला प्रशासन को शांतिपूर्ण पर्व के सम्पन्न कराने में सहयोग देने का भरोसा भी दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि प्रतिनियुक्त किए गए पुलिस दंडाधिकारियों के अतिरिक्त क्यूआरटी की टीम भी किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहेगी। उन्होंने सभी शांति समिति के सदस्यों एवं दंडाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहे कि किसी भी तरह की अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पदाधिकारी को दे। आज से 16 मार्च तक लगातार शराब के उत्पादन, बिक्री एवं उपयोग को लेकर विशेष ड्राइव चलाया जा रहा है ।

**डीजे एवं अश्लील गाना पर जिला प्रशासन का जीरो टॉलरेंस**

डीएम ने शान्ति समिति के सदस्यों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने क्षेत्र अंतर्गत वॉलंटियर की सूची भी उपलब्ध कराए, ताकि आवश्यकतानुसार उनका सहयोग लिया जा सके। डीजे एवं अश्लील गाना को लेकर जिला प्रशासन का जीरो टॉलरेंस है। अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा 03 डीजे संचालक के विरुद्ध करवाई करते हुए उनका डीजे भी जब्त किया गया है। आगे भी इस तरह की करवाई जारी रहेगी। जिला प्रशासन के द्वारा सभी होटलों एवम नया जगहों पर शराब एवं फूड सेफ्टी के मद्देनजर जांच अभियान भी चलाया जा रहा है, जो आगे भी जारी रहेगा। संवेदनशील स्थलों पर ड्रोन से निगरानी रखी जाएगी।

**विभिन्न अधिकारियों को मिली जिम्मेवारी**

जिला स्तर पर सूचना एकत्रित करने के लिए अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सरोज पासवान को वरीय प्रभार में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। जहां दूरभाष संख्या-06341-223333 पर किसी भी परिस्थिति में सम्पर्क किया जा सकता है।

**विधि-व्यवस्था के सम्पूर्ण प्रभार में रहेंगे एसडीओ**

होली के अवसर पर विधि-व्यवस्था के सम्पूर्ण प्रभार में अनुमंडल पदाधिकारी राहुल सिन्हा मो-9473191402 अपर पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार रहेंगे। अपर समाहर्ता सियाराम सिंह एवं पुलिस उपाधीक्षक ज्योति कश्यप शेखपुरा जोन के लिए तथा डीडीसी संजय कुमार एवं पुलिस उपाधीक्षक रवि कुमार बरबीघा जोन के विधि व्यवस्था के वरीय प्रभार दिया गया है। उन्हें भ्रमणशील रहकर स्थिति पर सतत निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। उक्त अवसर पर जिला पंचायत राज पदाधिकारी धर्मेश सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी राहुल सिन्हा आदि थे।

# गोरिया कर के श्रृंगार ... होली गीत पर लोग झूमे

**होली मिलन**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**आरा/भोजपुर।** स्थानीय पटेल बस पड़ाव परिसर स्थित भिखारी ठाकुर सांस्कृतिक मंच पर होली मिलन सह मूर्खाधिराज सम्मेलन 2025 का आयोजन मंगलवार को हुआ। अध्यक्षता जेपी सेनानी डॉ जया जैन व संचालन पत्रकार नरेंद्र सिंह ने किया। इस दौरान होली के विभिन्न पदों और उपाधियों से सम्मानित किया गया। सबसे आकर्षण का केंद्र रहा जमीरा स्टेट के वारिस पुष्पेंद्र नारायण सिंह को मूर्खाधिराज पद से नवाजा गया। जहां लोगों ने पारंपरिक होली गीत गाकर स्वागत किया। वही केशव ठाकुर को भोजपुरिया लौंडा, अधिवक्ता देवी दयाल राम को भोजपुरिया नाउ, डॉ जया जैन को मूर्ख भोजपुरिया रानी, व्यास धनजी पांडेय और व्यास कमलेश पासवान को मूर्ख भोजपुरी गायक, अयोध्या प्रसाद उपाध्याय को मूर्ख राजा आदि से सम्मानित किया गया। भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान के बैनर तले आयोजित होली मिलन के दौरान जनार्दन मिश्र, भोजपुरी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ अयोध्या प्रसाद उपाध्याय, कवि जनमेजय ओझा, डॉ किरण कुमारी, डॉ सत्यनारायण उपाध्याय आदि ने अपनी पारंपरिक होली गीत और कविताओं का पाठ किया। मौके पर वक्ताओं ने कहा की होली में पारंपरिक गीतों को सम्मान दे तथा अश्लील गायिकी को दरकिनार करें ताकि समृद्ध भोजपुरी भाषा को मान सम्मान मिले। पारंपरिक होली गीत''गोरिया करीके सिंगार..'' और जोगिरा की प्रस्तुति कर कमलेश व्यास और गायक धनजी पांडेय ने मंचासीन अतिथियों व दर्शको से वाहवाहियां लूटी। कार्यक्रम में शामिल लोगो में कोषाध्यक्ष राम जी प्रसाद, डॉ अरविंद राय, कृष्णेंदु, पत्रकार कमलेश पांडेय, कर्मचारी नेता उमेश कुमार सुमन, अशोक श्रीवास्तव, विनय कुमार श्रीवास्तव, संपत सिन्हा व अन्य मौजूद थे।

# असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटेगा प्रशासन

**शांति समिति**

**सहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** होली के त्योहार को देखते हुए स्थानीय प्रशासन के द्वारा सहार थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के अध्यक्षता अंचलाधिकारी राकेश कुमार शर्मा और संचालन थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने किया। सहार पंचायत के पूर्व मुखिया इरशाद अहमद के आकस्मिक निधन को देखते हुए अंचलाधिकारी के आह्वान पर सभी ने 2 मिनट का मौन रखा। त्योहार को हर्षोल्लास के साथ मनाने के साथ-साथ सामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटने का संदेश प्रशासन ने दिया। प्रशासन की ओर से थाना क्षेत्र के अंतर्गत होली के अवसर पर होने वाली गतिविधियों की जानकारी ली गई और जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। मौके पर पीएसआई बबलू कुमार, एएसआई दीपक कुमार, सहार पंचायत के मुखिया बसंत कुमार राम, सहार के पैक्स अध्यक्ष गोविंद कुमार, सहार सरपंच चंदन कुमार, कौरन डिहरी सरपंच नितेश कुमार, जदयू नेता चांद रिजवी, जदयू नेता गुड्डू प्रसाद, पूर्व उप प्रमुख वकील शाह, विमल मौआर, रविंद्र राय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जन अधिकार पार्टी ने किया होली मिलन समारोह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**संदेश/भोजपुर।** प्रखंड स्थित सुहासत सहदेव प्लस 2 स्कूल के मैदान में जन अधिकार पार्टी के पूर्व युवा नेता डॉ बबन कुमार यादव फैन्स क्लब के नेतृत्व में होली मिलन समारोह हुआ। इस समारोह में भोजपुरी जगत के कलाकार, अभिनेता, व्यास, नर्तकी भी होली गीत संगीत परोसकर अपना जलवा दिखाया। डॉ बबन कुमार यादव ने मौजूद लोगों को रंग गुलाल लगाकर अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। इस होली मिलन समारोह में भोजपुरी जगत के कलाकार विष्णु ओझा, हरिओम यादव, दीपक तिवारी, सोनू सरगम, बबुआ बिनोद, आलोक तिवारी, अखिलेश व्यास, रानी सिंह, रघुपति यादव, राम तपस्या यादव, मुना माइकल, मिथलेश प्रेमी, दीपक तिवारी, हरेंद्र कुमार यादव, आशुतोष टाईगर व्यास व जिले से आये दूर दराज के गणमान्य, प्रखंड के ग्रामीण जनता होली मिलन समारोह में उपस्थित थे।

# प्रेम सौहार्द और भाईचारे का पर्व है होली : अमित पांडेय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**बक्सर।** भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता अमित पांडे के द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह सह जिलाध्यक्ष सम्मान समारोह का आयोजन छोटकी सारीमपुर (काली स्थान) में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाहक राजेंद्र प्रसाद, भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष रामकुमार सिंह, केदार तिवारी, राजवंश सिंह, विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह, राम विनोद चौधरी, बच्चा राय, धनजी पांडे, लक्ष्मण शर्मा, पुनीत सिंह, जगदीश राम, सुमन श्रीवास्तव, उपेंद्र पांडे, शंभू नाथ पांडे, रुकमणी देवी, ज्वाला सैनी, अजय वर्मा, अमित सिंह, प्रकाश राय, सविता चौधरी, जयप्रकाश चौबे, सत्येंद्र लाल, आदि ने सामूहिक रूप से किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित पांडे ने कहा कि होली प्रेम सौहार्द और भाईचारे का पर्व है। यह होली बक्सर एवं बिहार के लोगों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि लाए। आप सभी अभिभावक भाई एवं जनता का आशीर्वाद एवं स्नेह सदैव मिलता रहे। होली कार्यक्रम में हजारों लोग सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में भोजपुरी के प्रसिद्ध कलाकार ऋतु राय, अशोक मिश्रा, विनय मिश्रा, आर्यन बाबू, रोहित प्रधान, अभिनंदन ओझा एवम नीरज मिश्रा ने होली के पारंपरिक गीतों को गाकर काफी वाहवाही बटोरी। वहीं सुप्रसिद्ध नर्तकी माही मनीषा के नृत्य को देख लोग होली के रंग मे झुमते नजर आये। भोजपुरी के प्रसिद्ध उद्घोषक रवि रंजन राय एवं विक्की तिवारी ने मंच का संचालन किया। होली मिलन समारोह में सामाजिक एवं राजनीतिक हस्तियां सम्मिलित हुई, जिसमें मुख्य रूप से औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील सिंह, कतवारू सिंह, रानी चौबे, पूनम रविदास, मीना सिंह कुशवाहा ,दुर्गावती चतुर्वेदी, शीला त्रिवेदी, सुधा गुप्ता, ज्योति भगत, सत्येंद्र सिंह, धनंजय राय, जयप्रकाश राय, सतीश दुबे, अमर जायसवाल, शैलेश राय, मनोज श्रीवास्तव, सुनील मिश्रा, सत्येंद्र चौबे, धनंजय मिश्रा, बंटू चौबे, दीपक पांडे, गोपाल पांडे, विनोद राय, भुटेली तिवारी, अभिनंदन सिंह, निशिकांत पांडे, सौरभ चौबे, विक्की पांडे, विवेक पांडे, अंकित पांडे आदि उपस्थित रहे।

**एक नजर**

## 39 लीटर विदेशी शराब संग तस्कर गिरफ्तार

**संदेश/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** संदेश प्रखंड के बड़ीहा गांव में पुलिस ने छापेमारी कर 39 लीटर विदेशी शराब बरामद किया है। शराब तस्करी में शामिल स्थानीय गांव निवासी रोहित कुमार को गिरफ्तार किया है। वह कल्लू सिंह का पुत्र है। एलटीएफ प्रभारी रणजीत कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली कि बड़ीहा गांव में अंग्रेजी शराब की खरीद बिक्री की जा रही है। वे तत्काल पुलिस बल के साथ चिन्हित स्थल पर पहुचे। देखा की एक आदमी सोया हुआ है। नाम पूछने पर उसने रोहित बताया। पुलिस ने सख्ती से पूछा शराब कहा छिपाकर रखा है। रोहित कुमार ने बताया कि एक आंगनबाड़ी केंद्र में भूसा में छिपा कर रखा हुआ है। पुलिस ने भूसा को टटोला उसमें रखे 8 पीएम के विदेशी शराब व किंग फिसर बियर के बोतल बरामद हुए। पुलिस ने घटना स्थल से बाइक व टेम्पू भी बरामद किया है। रोहित ने पुलिस को अन्य शराब तस्करों का नाम बताया है जो उसके साथ शराब खरीद बिक्री का काम करते है। एफआईआर दर्ज कर जेल भेजा गया।

## जिला उपाध्यक्ष ने बीडीओ की बुके व गमछा देकर किया स्वागत

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लोजपा (रामबिलास) के एक शिष्टमंडल ने मंगलवार को नवपदस्थापित बीडीओ कान्ति कुमार से मुलाकात की। इस शिष्टमंडल का नेतृत्व जिला उपाध्यक्ष संजय पासवान ने किया। बीडीओ का स्वागत बुके और गमछा देकर किया गया। इस मुलाकात के दौरान, जिला उपाध्यक्ष संजय पासवान ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के वैसे पात्र लोग जिनको प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल सका है, उनको चिन्हित कर लाभ दिलाने की दिशा में पहल करने का अनुरोध किया गया। बीडीओ ने त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इस शिष्टमंडल में जिला उपाध्यक्ष संजय पासवान, प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुशवाहा, जिला सचिव संतोष पासवान, प्रखंड उपाध्यक्ष संजय पासवान, पूर्व पंसस रमेश बैठा, दमदम पांडेय शामिल थे।

## अशोकाष्टमी पर होगा मोटर साइकिल जुलूस का आयोजन

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आगामी 5 अप्रैल को अशोकाष्टमी के अवसर पर आरा में एक विशाल मोटरसाइकिल जुलूस एवं शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह शोभायात्रा अनाईठ आरा से शुरू होगी और इसमें बहुजन समाज के लोगों को आमंत्रित किया गया है। इस आयोजन को सफल बनाने में प्रेम मौर्य, अशोक कुशवाहा, दुर्गावती कुमार, भोला महतो, वीरेंद्र शाक्य सहित अन्य लोग लगे हुए हैं।

## डॉ. अशोक को मुंगेर प्रमंडल का सर्वश्रेष्ठ सर्जन का मिला अवार्ड

**शेखपुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मंगलवार को मुंगेर में प्रमंडलीय स्तर पर परिवार नियोजन कार्यक्रम अंतर्गत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में अलग-अलग मानकों पर शेखपुरा जिला को 15 से अधिक अवार्ड दिया गया। जिला के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी अशोक कुमार सिंह को सर्वश्रेष्ठ सर्जन का अवार्ड मिला। जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जिला लेखा प्रबंधक और जिला सामुदायिक उत्प्रेरक को 6 अलग- अलग मानकों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सर्टिफिकेट और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा सामस की सीएचओ ज्योति कुमारी, रमनुबीघा की आशा फैसिलिटेटर मुन्नी देवी, सामस की आशा वीणा भारती और पीसीएल इंडिया के जिला प्रतिनिधि मनीष भारद्वाज को भी सम्मानित किया गया। जिला के सिविल सर्जन डॉ.संजय कुमार ने जिले के इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया और कहा कि शेखपुरा जिला परिवार नियोजन कार्यक्रम में हमेशा अव्वल रहा है, इसके लिए उन्होंने जिला में कार्यरत सभी स्वास्थकर्मियों को बधाई दिया।

## निधन पर शोक

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर के वार्ड संख्या- 18 पठान टोली मुहल्ला निवासी जदयू के वरिष्ठ नेता सह होमियोपैथ चिकित्सक डॉ. इम्तियाज खान के इकलौते पुत्र 25 वर्षीय मो. मोहसिन खान के असामयिक निधन से मुहल्ले सहित नगर में शोक पसर गया है। मोहसिन खान का 2015 में दिल्ली में किडनी ट्रांसप्लांट कराया गया था। दो दिन पूर्व उसकी अचानक तबीयत बिगड़ने पर इलाज के लिए दिल्ली ले जाने के क्रम में रास्ते मे ही तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। तब डॉक्टर के सलाह पर उसे लखनऊ एडमिट कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसका निधन हो गया।

# तनिष्क शोरुम से लूट मामले का पुलिस ने किया खुलासा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**आरा/भोजपुर।** आरा नगर थाना क्षेत्र के गोपाली चौक स्थित तनिष्क शोरूम में पिछले सोमवार सुबह हुए लूटकांड का मंगलवार को पुलिस ने खुलासा कर दिया है। घटना में शामिल 2 अपराधियो को गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी बड़हरा थाना क्षेत्र के आरा-छपरा फोरलेन के बबुरा छोटी पुल के समीप से की गई है। लूटकांड में 10 करोड़ 9 लाख के गहने की लूट होने की बात एसपी मिस्टर राज ने प्रेसवार्ता में बताई है। उन्होंने बताया कि इस लूटकांड में शामिल दो अपराधियों के पास से घटना में उपयोग में लाया गया 2 पिस्टल 5 कारतूस, शोरूम में लूट के दौरान गार्ड से लुटे गए राइफल को भी बरामद किया गया है। एसपी ने बताया कि भाग रहे अपराधियों को जब पुलिस ने पकड़ने का प्रयास किया तो अपराधियों ने पुलिस के ऊपर फायरिंग शुरू कर दी। जिसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षार्थ फायरिंग की जहां गोली लगने से दो लुटेरे जख्मी हो गए। उनका इलाज आरा सदर अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने इन लुटेरों के पास से ज्वेलरी से भरा दो बैग बरामद किया है। एसपी मिस्टर राज ने बताया कि लुटेरे घटना को अंजाम देने के बाद बड़हरा क्षेत्र के आरा-छपरा फोरलेन के रास्ते भाग रहे थे तभी बबुरा छोटी पुल के समीप पुलिस ने घेराबंदी कर उनको रोकने का प्रयास किया। जिसके बाद बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस दो लोगों को गिरफ्तार किया। इस लूटकांड में 6 लोग शामिल थे। इसके अलावे अन्य अज्ञात भी शामिल हैं। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। एसपी ने खुलासा किया कि इस लूटकांड में बाहर के लुटेरे के गैंग के संलिप्त होने की बात सामने आई है। इस बड़े लूटकांड का खुलासा करते हुए बताया गया कि इसमें शामिल दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। करीब आधे से अधिक लूटे गए ज्वेलरी को बरामद किया गया है। इस मामले को लेकर थाने में 10 करोड़ 9 लाख के लूट का मामला दर्ज कराया गया है। शोरूम से तीन झोले में गहने को लेकर अपराधी भाग गए थे। जिसमें दो झोले को बरामद कर लिया गया है। एसपी ने बताया इस मामले को लेकर दो एफआईआर दर्ज किया गया है। एक आरा नगर थाना में और दूसरा बड़हरा थाने में दर्ज किया गया है। इस मामले में छह लोग के शामिल होने की बात बताई जा रही है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है और जैसे-जैसे इस मामले में तथ्य सामने आएंगे उस पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्य सचिव ने की योजनाओं की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**आरा।** मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस में जिला कल्याण पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, डीपीओ, आईसीडीएस, प्रभारी पदाधिकारी आपदा प्रबंधन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी भोजपुर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान कल्याण विभाग, श्रम विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने इन योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं को समय पर पूर्ण किया जाए।

# राजनीतिक दलों के साथ डीएम ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**आरा।** निर्वाचन विभाग, बिहार, पटना द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, तनय सुल्तानिया के निर्देश पर जिला के 192-संदेश, 193-बड़हरा एवं 194-आरा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों द्वारा विधानसभा स्तर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ एक बैठक आहूत की गई। बैठक में संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों द्वारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत निर्वाचकों की विवरणी, लिंगानुपात, मतदान केंद्रों, मतदान केंद्र भवनों आदि के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, सतत अद्यतन अवधि के दौरान निर्वाचक सूची में योग्य नागरिकों के पंजीकरण, विलोपन एवं संशोधन आदि से संबंधित जानकारियां भी साझा की गईं। निर्वाचक सूची में लिंगानुपात में अपेक्षित वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए अहर्ता प्राप्त महिला नागरिकों एवं युवा नागरिकों के विशेष अभियान के तहत किए जा रहे पंजीकरण के बारे में भी जानकारी दी गई। इसके अलावा, सभी मतदान केंद्रों पर बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) की नियुक्ति करने का अनुरोध सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से किया गया। मौके पर निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं अवर निर्वाचन पदाधिकारी, आरा सदर मौजूद थे।

# डीएम ने की एनएच, ग्रामीण कार्य व पथ निर्माण की योजनाओं की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** डीएम तनय सुल्तानिया ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से एनएच-119ए (पटना-आरा-सासाराम) फोरलेन परियोजना, ग्रामीण कार्य विभाग, पथ निर्माण विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान सासाराम और पटना के परियोजना निदेशकों को मार्ग संरेखण के तहत पाइलिंग कार्य को शीघ्र पूरा करने का निर्देश डीएम ने दिया। वही, संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों को पिलरिंग कार्य के सतत अनुश्रवण (निगरानी) को सुनिश्चित करने का आदेश दिया। उन्होंने परियोजना निदेशक, एनएचएआई, सासाराम को मुआवजा प्रक्रिया में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया। डीएम ने कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग (आरा, पीरो) को लंबित परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के लिए भूमि अधिग्रहण की अधियाचना एक सप्ताह के भीतर भू-अर्जन कार्यालय भेजने का निर्देश दिया। साथ ही शाहाबाद पथ प्रमंडल, आरा को संचालित योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने का आदेश दिया। उन्होंने परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करने पर विशेष जोर दिया। बैठक में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, परियोजना निदेशक (एनएचएआई पटना और सासाराम), अनुमंडल पदाधिकारी (सदर आरा, जगदीशपुर, पीरो), उपसमाहर्ता भूमि सुधार (सदर आरा और पीरो), कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग (आरा, पीरो, और जगदीशपुर), कार्यपालक अभियंता शाहाबाद पथ प्रमंडल आरा, अंचलाधिकारी (तरारी, चरपोखरी, गड़हनी, कोईलवर, उदवंतनगर, सहार, संदेश, और बड़हरा) समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

CMYK

# अगर लोन लिया है तो उसे चुकाना होगा: केके पाठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मोतिहारी।** राजस्व परिषद पटना के अध्यक्ष के के पाठक की अध्यक्षता में डॉ राधाकृष्णन सभागार में नीलाम पत्रवाद की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में राजस्व परिषद के सचिव गिरिवर दयाल सिंह, जिलाधिकारी सौरव जोरवाल, अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंहा सहित जिला के जिला स्तरीय सर्टिफिकेट अधिकारी एवं सभी संबंधित बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थेद्यबैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री पाठक ने कहा कि जो लोग भी बैंक से लोन लिए हैं और डिफाल्टर हैं, उन्हें हर हाल में लोन चुकाना होगा। आज की समीक्षा में पाया गया कि जिले में सर्टिफिकेट केश के लगभग 56 हजार मामले लंबित हैं। जिलाधिकारी के द्वारा बताया गया इन सभी मामलों को जिला के 56 अधिकारियों के बीच में डिवाइड कर दिया गया है जो इसे देख रहे हैं। इस पर श्री पाठक ने कहा कि सर्टिफिकेट अधिकारियों की संख्या बढ़ाई जाए ताकि किसी एक पदाधिकारी पर बहुत ज्यादा जिम्मेदारी नहीं रहे और इसकी नियमित समीक्षा हो सके। श्री पाठक ने कहा कि सभी बड़े बकायेदारों को चिन्हित करके अखबार में उनका नाम प्रकाशित कराया जाए एवं कितनी राशि उनके यहां लंबित है इसकी भी सूची जारी की जाए। उन्होंने कहा कि सभी के विरुद्ध नोटिस जारी किया जाए एवं जरूरत के हिसाब से चिन्हित लोगों को बॉडी वारंट जारी किया जाए।

जारी किए गए बॉडी वारंट की सूची पुलिस अधीक्षक को उपलब्ध करा दी जाए ताकि उसके विरुद्ध समुचित कार्रवाई हो सके। श्री के के पाठक ने कहा कि उन गांवों को चिन्हित कर जहां बकायदाओं की संख्या ज्यादा है, वहां लाउडस्पीकर के माध्यम से प्रचार प्रसार कराया जाए ताकि उन लोगों का नाम बकायेदार के रूप में सामने आ सकेद्यआज की बैठक में राजस्व परिषद के अध्यक्ष श्री के के पाठक के द्वारा बैंक के सभी अधिकारियों से फीडबैक प्राप्त किया गया एवं उनकी प्रशासन से क्या अपेक्षा है इस पर विमर्श किया गयाद्य श्री पाठक ने कहा कि नोटिस का तमिला बैंक के माध्यम से भी कराई जा सकती है। बैठक में बताया गया कि नीलम पत्रवाद के मामले में 28 हजार वारंट कोर्ट के द्वारा जारी किए गए हैं। जिला में 2229 बॉडी वारंट भी निर्गत हैं। निर्गत वटी वारंट की थाना वार सूची पुलिस अधीक्षक के कार्यालय को भेजने की बात कही गई।

# मील का पत्थर साबित होगा बीआर हॉस्पिटल : उप राज्यपाल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अरेराज (पूर्वी चम्पारण)।** अरेराज अवस्थित बीरेंद्र राय हॉस्पिटल का जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा लोकार्पण किया। अपने संबोधन में श्री सिंहा ने कहा कि अब मेडिकल तकनीकी से होगी चिकित्सा। ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च स्तर का चिकित्सा सुविधा नहीं है ऐसी स्थिति में यह हॉस्पिटल मील का पत्थर साबित होगा। भारत चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर कर रहा है। यह सत्य है कि चिकित्सकों की कमी है लेकिन मेडिकल कॉलेज के बढ़ने से वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन मानक के अनुरूप चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे। पूर्व से 7 एम्स कार्यरत थे अब 14 एम्स बन चुका है। हेल्थ केयर सेंटर 372 बिलियन के आंकड़े को पार कर चुका है। जिस प्रकार से टेक्नोलॉजी का प्रयोग हो रहा है आने वाले वर्षों में लगभग 35 लाख नए रोजगार के अवसर उपलब्ध होने वाले हैंद्य वही इसके पूर्व श्री सोमेश्वर नाथ महाविद्यालय के प्रांगण में जैसे ही 11:45 पर जम्मू कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा का आगमन हुआद्य अरेराज प्रशासन बिल्कुल अलर्ट मूड में देखा गया द्य अनुमंडल पदाधिकारी अरुण कुमार, डीएसपी रंजन कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी आदित्य नारायण दीक्षित के साथ कुल 52 मजिस्ट्रेटरों की तैनाती की गई थी जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी को हेलीपैड के उत्तर तरफ की जिम्मेदारी दी गई थी, विभा कुमारी अरेराज मंदिर का कमान संभाल रही थी। पूर्ण काम समर्थ अपने ड्यूटी पर पूर्ण रूप से मुस्तैद दिखे गए। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा आज एक निजी नर्सिंग होम के उद्घाटन के लिए अरेराज आए हुए थे। उन्होंने 6 मिनट 50 सेकंड के अपने उद्बोधन में शिव नगरी की चर्चा के साथ मेडिकल के संबंध में लोगों को विस्तृत जानकारियां दी। जैसे ही उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने चनपटिया मज़ाकिया अंदाज में कहा कि कहां बा हो चनपटिया के चिउरा साल से काम ना चली माहौल ठहाके से गूंज उठा। उप विकास आयुक्त शंभू पांडे अरेराज सोमेश्वर नाथ महाविद्यालय के प्रांगण का संपूर्ण रूप से जायजा ले रहे थे। गार्ड ऑफ़ ऑनर के लिए सार्जेंट एक महिला सिपाही 24 के साथ बैंड बाजा के साथ गार्ड ऑफ ऑनर लिया गया गार्ड ऑफ ऑनर के पश्चात अरेराज सोमेश्वर नाथ महाविद्यालय के प्रचार में झा अपनी कुशलता तथा उनके कुशल क्षेम पूछा ठीक 1250 में उपराज्यपाल का विमान उड़ान भर दिया। मौके पर गोविंदगंज विधायक सुनील मणि तिवारी, पूर्व विधायक प्रकाश राय,बीपी सिंह डॉक्टर सीबी सिंह, बीआर हॉस्पिटल के निदेशक व सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. संतोष कुमार राय, राजीव कुमार, डॉ. संजीव राय, डॉ संजीव कुमार, डॉ विभु पराशर, डॉ केके झा, डॉ गौतम भारद्वाज, चन्दन कुमार सहित सैकड़ो की संख्या में गणमान्य लोग व चिकित्सक गण मौजूद थे।

## ओरल हेल्थ की शिक्षा को बढ़ावा दे रहा सेंसोडाइन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** सेंसोडाइन ने भारत में ओरल केयर के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक बहुत बड़ी कामयाब कोशिश की। 24 घंटे में सबसे ज्यादा ऑनलाइन डेंटल स्क्रीनिंग टेस्ट पूरे कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। महाकुंभ 2025 में आयोजित इस पहल में लगभग 27,000 से ज्यादा लोगों ने डेंटल चेकअप कराया। किशले सेठ, कैटेगरी लीड, ओरल हेल्थ, हेलियोन इंडिया सबकॉन्टिनेंट ने बताया कि रिकॉर्ड-ब्रेकिंग इवेंट की सफलता के बाद सेंसोडाइन अब सभी के लिए फ्री डिजिटल डेंटल चेक-अप की सुविधा लाया है, ताकि ज़्यादा से ज़्यादा लोग आसानी से उनकी ओरल हेल्थ की जांच कर सकें। डॉ. अशोक ढोबले, ऑनरेबल सेक्रेटरी जनरल हेड, इंडियन डेंटल एसोसिएशन ने कहा कि है। यह कोशिश न केवल लोगों को बेहतर ओरल हेल्थ की ओर पहला कदम उठाने के लिए प्रेरित करती है, बल्कि समय पर पहचान कर उसके लिए कदम लेने की अहमियत को भी उजागर करता है। आने वाले दिनों में सेंसोडाइन एक विस्तृत मल्टीमीडिया रणनीति शुरू करेगा, जिसमें डिजिटल कैंपेन, इंफ्लुएंसर कोलैबोरेशन, स्पॉटिफाई इंटीग्रेशन और टीवी, रेडियो व प्रिंट पर कवरेज शामिल होंगे। इनका लक्ष्य ज्यादा से ज्यादा भारतीयों को उनकी ओरल हेल्थ के लिए कदम उठा कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। इसके अलावा, ब्रांड पूरे देश में डेंटल वैन लॉन्च करेगा और साथ ही कॉरपोरेट हेल्थ कैंप आयोजित करेगा, जिससे लोगों को ओरल हेल्थकेयर की बेहतर सुविधा मिल सके।

## गोली कांड के अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकड़ीदयाल (पूर्वी चम्पारण)।** पुलिस ने गोली कांड के अभियुक्त परसौनी निवासी मोहन सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह ने बताया कि धनौजी पंचायत के वार्ड नं दो निवासी पूजा कुमारी पति रंजीत साह को गोली मारकर जख्मी कर दिया था। जिसका इलाज अनुमंडल अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया बेहतर ईलाज के लिए मोतिहारी रेफर कर दिया है। वही पीड़िता के पति ने बताया कि महमादा मेला से वापस अपने घर लौट रहा था कि हथिऔल और हरनाथा पुल के पास पहले से घात लगाकर बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग की। घटना का कारण भूमि विवाद बताया जा रहा है।

## ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस ने महिला सम्मान समारोह व होली मिलन कार्यक्रम किया आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**मोतिहारी।** शहर के चांदमारी स्थित वाल्मीकि सदन में ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस द्वारा होली मिलन एवं महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रियरंजन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा बब्बू श्रीवास्तव, कमिशनरी प्रभारी अजय आजाद एवं संगीता चित्रांश ने किया वहीं इस आयोजन में संगीता चित्रांश, सुधा वर्मा एवं मधुबाला वर्मा सहित 10 महिलाओं को सम्मानित किया गया। तत्पश्चात होली मिलन समारोह का कार्यक्रम होली के गाना के साथ अबीर गुलाल लगा कर शुरू हुआ। कार्यक्रम के साथ अबीर गुलाल सभी ने एक दूसरे को लगाया और होली के गाना का आनन्द लेते हुये सभी लोंगो ने मस्ती में झूमें एवं एक दूसरे को शुभकामना दी। अंत में प्रीति भोज एवं ढ़ोल मजीरा, झाल करताल के साथ इस समारोह का समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष संजीव वर्मा उर्फ पोला वर्मा की भागीदारी रहा। मौके पर अजय आजाद, संगीता चित्रांश, सुधा वर्मा, आलोक कुमार, कुमार रत्नेश, नितेश वर्मा, वार्ड पार्षद गुल्लु श्रीवास्तव, संजय कुमार, सुनील कुमार श्रीवास्तव, कुमार नवीन चंद्र, आलोक कुमार श्रीवास्तव, सहित सैकड़ों की संख्या में चित्रांश उपस्थित होकर इस होली मिलन कार्यक्रम का लुत्फ उठाये।

## एक नजर

### टेकौरा गांव पहुंचा मृत मजदूर का शव, मचा कोहराम

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड के टेकौरा गांव में मृत मजदूर का शव पहुंचते ही कोहराम मच गया। मृतक मजदूर के परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे। मृतक मजदूर का नाम राजकुमार यादव बताया जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मजदूर राजकुमार यादव और गौरी शंकर यादव लखीसराय में मजदूरी करने गए थे। वहीं सोमवार को ट्रेन के चपेट में आने से राजकुमार यादव की मौत हो गई थी। इस घटना में गौरी शंकर यादव बुरी तरह घायल हो गए थे। इस बाबत विसुनगंज थानाध्यक्ष फूलचंद कुमार यादव ने बताया कि दोनों मजदूर लखीसराय में कमाने गए थे। जिसमें एक की मौत ट्रेन की चपेट में आने से हो गई है। वही दूसरा बुरी तरह से घायल हो गया है। जिसका इलाज पटना में चल रहा है। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों कोशव पुलिस द्वारा सौंप दिया गया है। इस दौरान मजदूर के पैतृक गांव टेकौरा में शव पहुंचते ही कोहराम मच गया।

### असामाजिक तत्वों ने खलिहान में लगाई आग

**दनियावां (पटना)।** प्रखंड क्षेत्र के मुस्तफापुर गांव में सोमवार की रात किसान संजय सिंह के खलिहान में रखे गए मसूर की फसल में असामाजिक तत्वों ने आग लगा दी।जिससे लगभग दस बीघा में लगाई गई मसूर की फसल जलकर खाक हो गई। घटना लगभग दो बजे रात में हुई। ग्रामीणों के अथक प्रयास के बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका।घटना की सूचना किसान और ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन को दी है।

### क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**दनियावां(पटना)।** प्रखंड के अब्दालचक गांव में अब्दालचक प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसके फाइनल मैच में सोनारू टीम ने एरई इलेवन को पंद्रह ओवरों के मैच में दस ओवर में ही 109 रन बनाकर मैच जीत कर कप पर कब्जा जमा लिया। मैच के आयोजकों की ओर से जॉन यादव था संजीत कुमार और मुखिया रणधीर यादव ने विजेता टीम को नकद सात हजार रुपए और उप विजेता टीम को तीन हजार रुपए पुरस्कार के रूप में प्रदान किया।

### शांति समिति की बैठक

**दनियावां(पटना)।** स्थानीय दनियावां थाना में होली और रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसके अध्यक्षता थानाध्यक्ष अनील प्रसाद ने की। बैठक में स्थानीय मुखिया नवनीत कुमार, जगमोहन यादव, डॉ उमेश कुशवाहा एवं अन्य जन प्रतिनिधि सहित गणमान्य लोग शामिल थे। थानाध्यक्ष ने सभी लोगों से शांति, सौहाद्र और सादगी से त्यौहार मनाने की अपील की वही उन्होंने अवैध धंधेबाजों पर नजर रखने और सूचना देने की अपील किया।

### बेलदारी बिगहा गांव से शराब बरामद

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले की मखदुमपुर थाना क्षेत्र के बेलदारी बिगहा गांव से उमता धरनई थाने की पुलिस ने 16 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। बता दे कि जिले के एसपी अरविंद प्रताप सिंह के निर्देश पर विशेष समकालीन अभियान चलाकर उमता धरनई थाना की पुलिस ने बेलदारी विगहा गांव में छापेमारी कर 16 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि होली पर्व को देखते हुए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें पुलिस ने बेलदारी विगहा गांव से मालो देवी के घर से 16 लीटर महुआ शराब बरामद किया है।

## सरकारी चापाकलों की मरम्मती हेतु सात टीमों को किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के समाहरणालय परिसर में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की ओर से पूरे जिले में आसन्न गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी सरकारी चापाकलों की मरम्मति हेतु सात टीमों को जिले के विभिन्न प्रखंडों के लिए रवाना किया गया। जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय द्वारा हरी झंडी दिखाकर चलंत मरम्मति दल को रवाना किया गया। इस अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि आगामी गर्मी के मौसम के दृष्टिगत तथा गर्मी के मौसम में विशेषकर भूजलस्तर के गिरने के दृष्टिगत वसावटों में पेयजल समस्या न हो इसके लिए चलंत मरम्मति दलों को रवाना किया गया है। वहीं कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी द्वारा आमजनों की सुविधा के लिए जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 9430099051 भी जारी किये गए हैं। जन प्रतिनिधि एवं आम जन इस नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। इस दौरान जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक जिले के सभी प्रखंडों के सुदूरवर्ती इलाकों में सभी चापाकलों की मरम्मती का कार्य पूर्ण नहीं कर लिया जाता है। बताते चलें कि जहानाबाद जिला अंतर्गत वर्तमान में औसत जल स्तर 27 फुट 5 इंच है। ग्रीष्म ऋतु के आगमन उपरांत चापाकल खराब और बंद होने की संभावना बनी रहती है। बंद पड़े चापाकल की मरम्मति हेतु पीएचईडी विभाग के तरफ से तैयारी शुरू कर दी गई है, ताकि पेयजल आपूर्ती की समस्या उत्पन्न न हो। जिला में संचालित होने वाले नियंत्रण कक्ष पूर्वाहन 10:00 बजे से अपराहण 5:00 बजे तक खुला रहेगा।

## पैक्स चुनाव: नाम वापसी के अंतिम दिन अध्यक्ष पद के एक उम्मीदवार ने अपना नाम वापस लिया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सदस्य पद पर तीन उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित**

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड के हराजनुरुल्लाह पुर पंचायत में आयोजित पैक्स चुनाव में नाम वापसी के अंतिम दिन मंगलवार को अध्यक्ष पद के उम्मीदवार पन्नालाल राय ने अपना नाम वापस ले लिया। इसके साथ ही, सदस्य पद के लिए अनुसूचित जाति पुरुष पद पर जय प्रकाश राम, महिला सदस्य पद पर मीना देवी एवं अतिपिछड़ा वर्ग से महिला सदस्य पद पर मरछिया देवी निर्विरोध निर्वाचित हुए।

बीडीओ सह प्रखण्ड निर्वाची पदाधिकारी रामनाथ कुमार ने बताया कि ग्यारह सदस्यीय समिति के विरुद्ध अब सदस्य पद के लिए कुल 21 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों में अमोद कुमार को मोती की माला, अशोक कुमार को ब्लैक बोर्ड, नवल राम को किताब, राकेश कुमार को ईट एवं शम्भू नाथ सिंह को पुल का चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया है। आगामी 18 मार्च को पंचायत में मतदान आयोजित किया जाएगा। मौके पर चुनाव कार्य के लिए प्रतिनियुक्त शिक्षक मुकेश कुमार यादव, अवधेश बैठा, अशोक कुमार पटेल, राम किशोर सिंह, मोहन कुमार सहित अन्य कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

## जल विज्ञान पखवाड़ा पर एसएस कॉलेज में पौधारोपण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के एसएस कॉलेज में आईक्यूएसी के तत्वावधान में जल विज्ञान उत्सव पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस अभियान के दूसरे दिन पौधारोपण कार्य किया गया। भूगोल स्नातक फर्स्ट सेमेस्टर सत्र 2024-28 के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक इस अभियान में भाग लिया। पर्यावरणीय महत्व के इस अभियान में स्नातकोत्तर भूगोल फर्स्ट सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महाविद्यालय के पूर्व प्रभारी प्राचार्य प्रो. (डॉ.) कृष्णानंद ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए उन्हें प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य जहां विद्यार्थियों के बीच हरित चेतना का निर्माण और विकास करना है, वहीं जमीनी स्तर पर पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देकर विभिन्न प्रकार के प्रदुषण से मुक्ति में सहभागी भी बनना है। वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत औषधीय गुणों से भरपूर तेजपत्ता, ऐलोवेरा, हरसिंगार, चंपा आदि का पौधा लगाया गया। इस अवसर पर भूगोल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. स्नेहा स्वरुप ने कहा कि पर्यावरण के संरक्षण के लिए समर्पित यह अभियान ग्लोबल वार्मिंग, भूजल स्तर को ऊपर लाने और प्रदुषण नियंत्रण में कारगर साबित होगा। उन्होंने यह भी बताया कि पौधारोपण का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर डॉ. विनोद कुमार रॉय, प्रो. प्रवीण दीपक, डॉ. अंशु कुमार मल्लिक, डॉ. कमल कुमार, डॉ. सुनीता तिवारी, अनिल कुमार द्विवेदी, नीरज कुमार, प्रेम कुमार आदि शामिल रहे।

## होली: रंगों का त्योहार, प्रेम एवं भाईचारे का प्रतीक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पालीगंज।** पालीगंज थाना परिसर में आज होली के अवसर पर शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पालीगंज के थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने की। बैठक में क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्तियों, बुद्धिजीवियों, समाजसेवकों एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि होली केवल रंग खेलने का पर्व नहीं है, बल्कि यह प्रेम, सौहार्द्र एवं भाईचारे का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि यह पर्व सभी भेदभाव को भुलाकर एक-दूसरे के साथ खुशियां बांटने की प्रेरणा प्रदान करता है। साथ ही, उन्होंने सभी से अपील की कि वे होली के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। राजेश कुमार ने यह भी चेतावनी दी कि यदि कोई अशांत करने वाले तत्व माहौल को बिगाड़ने का प्रयास करता है तो पुलिस को तुरंत सूचित करें, जिससे उन पर कड़ी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने डीजे संचालकों को भी चेतावनी देते हुए कहा कि डीजे पर अश्लील गाने बजाकर अश्लीलता फैलाने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और डीजे उपकरण जब्त किए जाएंगे। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों से आग्रह किया गया कि यदि इलाके में किसी भी अप्रिय घटना की सूचना मिले तो तुरंत पुलिस को अवगत कराएं, ताकि समय रहते नियंत्रण किया जा सके। बैठक में नगर पंचायत की उपाध्यक्ष रजनी देवी, पूर्व मुखिया मीना देवी, सुमेर सिंह, नीरज यादव, कृष्णा गुप्ता, मधेश्वर यादव, मोहन चौधरी समेत कई अन्य प्रतिष्ठित व्यक्ति मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक मोर्चा की बैठक में एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन की सफलता पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)।** आगामी 22 मार्च को बनकटवा प्रखंड के बीजबनी जगिरहा छठ घाट परिसर में आयोजित एनडीए गठबंधन की बैठक को सफल बनाने हेतु, मंगलवार को राष्ट्रीय लोक मोर्चा द्वारा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में बैठक आयोजित की गई। इन बैठकों में कार्यकर्ताओं से अधिक संख्या में जुटने का आग्रह किया गया। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता रामपुकर सिन्हा ने बताया कि मंगलवार को क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं की बैठक नरकटिया विधान सभा के बीजबनी जगिरहा छठ घाट परिसर में भी आयोजित की गई। बैठक में एनडीए गठबंधन के सम्मेलन की सफलता पर विशेष चर्चा की गई और कार्यकर्ताओं से पार्टी उपेंद्र कुशवाहा की सक्रियता बनाए रखने का आह्वान किया गया। बैठक में पार्टी के पूर्व पैक्स अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद, शंकर प्रसाद, सरपंच लालबाबू प्रसाद और सामाजिक कार्यकर्ता मणिभूषण कुमार समेत कई प्रमुख नेता उपस्थित थे।

# मनरेगा कार्यालय में हुई बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**तुरकौलिया (पूर्वी चम्पारण)।** मनरेगा कार्यालय में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी जितेंद्र कुमार की अध्यक्षता में पंचायत रोजगार सेवक, पंचायत तकनिकी सहायकों व मनरेगा कर्मियों के साथ सोमवार को समीक्षा बैठक हुई। जहां बैठक को संबोधित करते हुए मनरेगा पीओ (कार्यक्रम पदाधिकारी) जितेंद्र कुमार ने कहा कि 2024-25 का वित्तीय वर्ष समाप्ति के कगार पर है। इसी के मद्देनजर यह बैठक बहुत महत्वपूर्ण है। तक़रीबन सभी पंचायतों में खेल मैदान का निर्माण कार्य चल रहा है। कुछक पंचायतों में मनरेगा योजना के तहत खेल मैदान बनकर तैयार भी हो चुका है। वही कुछ पंचायतों में खेल मैदान का निर्माण कार्य अभी भी चल रहा है। जिसे इसी वित्तीय वर्ष 31 मार्च तक हर हाल में पुरा करना है। इसी लक्ष्य के साथ कार्यों में तेजी लाने की आवश्यकता है। पीओ ने कर्मियों को निर्देशित करते हुए यह भी कहा कि अधूरे योजनाओं को इसी वित्तीय वर्ष में पूर्ण करना है। गुणवत्ता के साथ किसी तरह का समझौता नही होना चाहिए। साथ ही समय अवधि के भीतर कार्यों को पूर्ण भी करना होगा। कार्यों में किसी तरह की शिथिलता बर्दाश्त नही की जाएगी। श्रम बजट पर भी विशेष चर्चा की गई। मौके पर पंचायत तकनिकी सहायक अभिषेक कुमार, उपेंद्र कुमार, एकाउंटेंट रवि कुमार, पीआरएस गौरव सुमन, संतोष कुमार, राजेश कुमार, पिंकी कुमारी, रविन्द्र कुमार, अरुण कुमार आदि मौजूद थे।

# अफवाह व अश्लील गानों से रहें दूर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रक्सौल/पताही/तुरकौलिया (पूर्वी चम्पारण)।** होली पर्व खुशी का पर्व है इसे प्रेम व सदभाव के साथ मनाएं। उक्त बातें एसडीएम शिवाक्षी दीक्षित ने अनुमंडल शांति समिति की बैठक के दौरान कही। उन्होंने सभी अनुमंडल वासियों से अपील करते हुए कहा कि ये महीना बड़ा ही पावन महीना है क्योंकि इसी महीने में पावन पर्व रमजान चल रहा है साथ होली का भी पर्व है। किसी भी व्यक्ति को उसके इच्छा के बिना रंग या अबीर न लगाएं। सभी भारतीय नागरिक का कर्तव्य बनता है कि इस पावन महीना को प्रेम व सदभाव के साथ खुशी पूर्वक मनाएं वही बैठक में एसडीपीओ धीरेन्द्र कुमार ने रक्सौल अनुमंडल वासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग नशा से दूर रहें और न ही किसी के बहकावे में आएं।अगर कही किसी प्रकार की कोई अफवाह बातें सुनाई देती है तो, किसी प्रकार की कही भी कोई अफवाह में न पड़े, स्थानीय पुलिस प्रशासन को सहयोग करें। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम शिवाक्षी दीक्षित व एसडीपीओ धीरेंद्र कुमार ने संयुक्त रुप से किया। मौके पर बीडीओ जयप्रकाश, सीओ शेखर राज, पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा सहित दर्जनों जनप्रतिनिधि व समाजसेवी मौजूद थे। पताही से हमारे संवाददाता के अनुसार, होली पर्व मनाने और रमजान महीने को लेकर पचपकड़ी थाना परिसर में मंगलवार को शांति समिति की बैठक हुई। थानाध्यक्ष संदीप कुमार ने बाजार की समस्याओं पर चर्चा की। रमजान महीने में सभी मस्जिदों और होली के दौरान संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। शराब बेचने वालों पर करवाई की जाएगी। होली में हुड़दंग करने वाले शराबी व स्पीड वाहन चलाने वाले युवकों पर विशेष नजर रखी जाएगी। होली का पर्व आपसी सौहार्द एवं भाईचारे का पर्व है। भावना से न करें खिलवाड़ लोगों ने कहा कि जिसे रंग से परहेज है उसे जबरदस्ती रंग न डाला जाए। किसी की भावना के साथ खिलवाड़ न किया जाए। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने व अफवाह फैलाई जाती है,तो अविलंब इसकी सूचना थाना या प्रशासनिक पदाधिकारियों को देने की बात कही गई। सोशल मीडिया पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। मौके पर दरोगा रामकिशोर सिंह,दरोगा शशि रंजन कुमार,मुखिया प्रतिनिधि संतोष गुप्ता, सुरेंद्र प्रसाद जवाहर साह, मो सरफराज,विजय कुमार झा पूर्व मुखिया उपस्थित थे। तुरकौलिया से हमारे संवाददाता के अनुसार, थाना परिसर में थानाध्यक्ष सुनील कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुखिया विनोद सिंह, क्यामुद्दीन अंसारी, सरपंच पुनदेव सहनी, मनोज कुमार, पंसस रजनीश राय उर्फ पेटू राय, अशोक यादव, इदमुहम्मद देवान, मुख्तयार आलम, असगर आलम, फिरोज आलम, संदीप कुमार व उपसरपंच अजमल कमाल उर्फ लाल आदि मौजूद थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# होली सुरक्षा: प्रशासन व पुलिस के कड़े निर्देश





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** आज जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री व पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय के योजना भवन के सभागार में होली पर्व के दृष्टिगत जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा उपस्थित जिला शांति समिति के सभी सदस्यों, पदाधिकारियों को होली पर्व भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने का निदेश दिया गया।

जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि हम लोग पहले भी बहुत अच्छे तरीके से शांतिपूर्ण एव सौहार्द पूर्ण वातावरण में होली पर्व मनाते आ रहे हैं। होलीका दहन के क्रम में मशाल (लुकवारी) भाँजते हुए शरारती तत्वों द्वारा जान-बूझ कर पूर्व विवाद को लेकर दूसरों के फूस की झोपडियों/ फसल / जलावन आदि में आग भी लगा दी जाती है तथा दूसरे की सीवाना में लुकवारी फ़ेक देते हैं जिससे विवाद उत्पन्न होत है। इस पर विशेष नजर रखने की आवश्यकता है। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से अपील किया कि होलिका दहन के क्रम में आसपास पानी एवं बालू अवश्य रखें। जिला पदाधिकारी द्वारा अग्निशमन पदाधिकारी को फायर ब्रिगेड की गाड़ी पूरी तरह तैयार रखने का निर्देश दिया गया। उनके द्वारा बताया गया कि हमारे सभी थानों में अग्निशमन की छोटी गाड़ियां उपलब्ध है। जिला पदाधिकारी द्वारा होली और रमजान पर्व एक दिन होने के कारण मिल जुलकर त्योहार मनाने का अपील किये। उन्होंने होली के दिन दोनों समुदायों के बीच इफ्तेहार पार्टी के पकवान में एक साथ शामिल होने का अपील की। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों को प्रत्येक थाना स्तर या अन्य स्थल पर इफ्तेहार पार्टी के पकवान में दोनों समुदायों को एक साथ बैठकर त्योहार मनाने का निर्देश दिया।

जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि डीजे पर पूर्णत प्रतिबंध लगाया गया है। सभी थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया कि सभी डीजे संचालक को बॉन्ड पेपर भरवाएं एवं अश्लील गाना बजाने वालों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। जिला पदाधिकारी के द्वारा रात 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर का प्रयोग करने वालों के विरुद्ध करी से कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश सभी थाना प्रभारी को दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा पंचायत स्तर पर संवेदनशील स्थलों को चिन्हित करने का निर्देश के दिए। उन्होंने कहा कि जहां भी मस्जिद है जुम्मा का नवाज अदा किया जाना है उसे आवश्यकता अनुसार संवेदनशील स्थल पर बैरिकेडिंग करने का निर्देश सभी थाना प्रभारी एवं नगर निकाय के पदाधिकारी को दिए। इसके अतिरिक्त जिला पदाधिकारी द्वारा सभी अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं थानाध्यक्ष झुमटा जुलूस के लिए यह सुनिश्चित करेंगे की ऐसी कोई झांकी अथवा दृश्य नहीं होगा जिससे किसी सम्प्रदाय, जाति वर्ग अथवा समूदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचे या किसी प्रकार की वैमनस्यता उत्पन्न होनी की संभावना ना हो। इसके उल्लंघन की अवस्था में व्यक्तियों के विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी इसका सख्ती से अनुपालन करना सुनिश्चत करेंगे।

पुलिस अधीक्षक द्वारा शांति समिति के सदस्यों को निर्देश दिया गया कि होली मिलन समारोह, झूमटा, मटका आदि का रूट और समय पहले से निर्धारित कर लें, इसके अलावा कम से कम 20 लोगों को वालंटियर के रूप में आधार कार्ड के साथ झूमटा के लिए लाइसेंस के लिए आवेदन देंगे। अश्लील गाना एवं डीजे पर मुख्य सचिव एवं डीजीपी के द्वारा पूरी तरह पर प्रतिबंध किया गया है। पुलिस अधीक्षक के द्वारा बताया गया कि किसी भी तरह को अफवाह पर भरोसा ना करें। किसी भी तरह का सूचना हमारे पास भेजें हमारे द्वारा अथवा औरंगाबाद पुलिस के सोशल मीडिया अकाउंट पर अफवाहों को तुरंत खंडन किया जाएगा। हमारे द्वारा सभी पंचायत स्तर तक मोटरसाइकिल टीम एक्टिव रहेंगी जो 5 से 10 मिनट के अंदर विवादित स्थल पर पहुंच जाएगी।

पुलिस अधीक्षक द्वारा त्यौहार को त्यौहार जैसा मनाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देश दिया गया जहां-जहां संदिग्ध इलाका है वहां होलिका के समय अपने चौकीदारों को तैनाती करें।

इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के द्वारा बताया गया कि यद्यपि बिहार राज्य में पूर्णतः शराबंदी है तथापि किसी अन्य तरीके से मद्यपान कर अथवा गांजा, भांग जैसे मादक द्रव्यों का सेवन नशा करने वालों के द्वारा हंगामा किया जा सकता है। कुछ युवाओं के द्वारा नशे का सेवन कर तेजी व लापरवाही से दुपहिया तथा चारपहिया वाहन सडक पर चलाया जाता है जिससे दुघर्टना की संभावना रहती है। बिहार राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में पडोसी राज्यों से चोरी-छिपे शराब लागकर उसका सेवन तथा उसकी बिक्रि की संभावना होली में रहेगी। इस संबंध में अनुमण्डल पदाधिकारी, औरंगाबाद एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, मु-2 के द्वारा सभी अंचल अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं थानाध्यक्षों को यह भी निदेश दिया गया कि शराब तस्करों एवं शराब का सेवन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई करना सुनिशिचित करेंगे। चेक नाका/ चेक पोस्ट पर सघन चेकिन एवं छापेमारी का कार्य करेंगे। साथ ही अभियान चलाकर वाहन जॉच करेंगे।

इस बैठक में उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह, अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, अपर समाहर्ता लोक शिकायत निवारण जयप्रकाश नारायण, अपर समाहर्ता आपदा उमेश पंडित, सदर एवं दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी, बंदोबस्त पदाधिकारी शैलेश कुमार दास, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तिखार अहमद, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव एवं मेराज जमील, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, नगर परिषद के अध्यक्ष, सभी सीओ एवं बीडीओ, सभी थानाध्यक्ष, जिला शांति समिति के सदस्य समेत जिला के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बाइक को बचाने में पलटा सवारियों से भरा ऑटो, नौ घायल



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बाइक को बचाने के कारण तेज रफ़्तार एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें ऑटो सवार चालक समेत नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के एनएच - 19 पर कनबेहरी मोड़ के समीप की हैं। घायलों में नवीनगर प्रखंड के माली थाना क्षेत्र के माली बाजार निवासी चूल्हन राम, सुकुल राम, झरहा गांव निवासी स्व बाल्केश्वर राम की पत्नी बिगनी देवी, मंटु राम की पत्नी ममता देवी, शंकर राम, शंकर राम की पत्नी अमला देवी, भरथउल गांव निवासी मैनेजर पासवान उर्फ पीटर पासवान एवं उसकी पत्नी मोतीराजो देवी शामिल है। घटना मंगलवार की सुबह की है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल चूल्हन राम ने बताया कि कुछ दिन पूर्व उक्त सभी लोगों ने अपने आंख का निशुल्क जांच करवाया था। इसके बाद चिकित्सक द्वारा आंख का ऑपरेशन कराने के लिए सभी लोगों को बोधगया बुलाया गया था। मंगलवार की सुबह सभी लोग अपने घर से एक ऑटो रिजर्व कर उस पर सवार बोधगया आंख बनवाने के लिए जा रहे थे। इस दौरान चालक ऑटो को काफी तेज गति में चल रहा था। जैसे ही उस जगह पहुंचा, तभी अचानक सामने से एक बाइक सवार आ गया। बाइक सवार को बचाने के कारण ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे ऑटो सवार सभी लोग घायल हो गए। गनीमत रही कि जिस लेने में यह दुर्घटना हुई, उसे लेन से कोई वाहन नहीं आ रही थी। अन्यथा बहुत बड़ी घटना घट सकती थी। इसके बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। इस दौरान मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति रही। स्थानीय लोगों ने तत्काल घटना की सूचना स्थानीय पुलिसकर्मियों को दी। सूचना पर मुफस्सिल थाना की पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के चिकित्सकों ने उपचार किया। इधर घटना के बाद सभी घायलों के परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और सभी का हाल जाना. वहीं आगे की इलाज की प्रक्रिया में जुट गए।

## विद्युत चोरी मामले में 13 लोग धराए

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मदनपुर। विधुत विभाग द्वारा मदनपुर थाना क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ चलाएं जा रहे विशेष अभियान के फलस्वारूप 13 लोगों को पकड़ा गया हैं। इनके विरुद्ध 127816 रूपये जुर्माना लगाया गया है। छापेमारी दल का नेतृत्व कर रहे विधुत सहायक अभियंता शिवरतन लाल और कनीय अभियंता राकेश कुमार राम ने बताया कि बिजली चोरी पर लगाम लगाने के लिए गावों का भ्रमण कर जांच किया जा रहा है। इस दौरान बिना कनेक्शन लिए और मीटर बाईपास कर बिजली उपयोग करते 13 लोग पकड़े गए हैं जिनमें दक्षिणी उमगा पंचायत के लालटेनगंज निवासी मोती यादव बिना कनेक्शन लिए बिजली चोरी से जलाते पाए गए। वहीं कमलेश पासवान मीटर बाईपास कर बिजली उपयोग करते पकड़े गए। यमुना पासवान बिना कनेक्शन के बिजली जलाते पाए गए। नन्हकु पासवान बिना कनेक्शन लिए बिजली उपयोग करते पकड़े गए। ललिता देवी मीटर बाईपास कर बिजली उपयोग करते पकड़े गए। इसके अलावा विन्देश्वरी पासवान, कामेश्वर यादव , पप्पू यादव, बिना कनेक्शन लिए बिजली जलाते पकड़े जाने पर मामला दर्ज किया गया है। मैन बिगहा निवासी सुदर्शन रिकियासन, सुदय भुईयां, तेतर भुईयां, रामदेव भुईयां तथा तपसी नगर निवासी संजू देवी मीटर बाईपास कर बिजली चोरी कर उपयोग करते पकड़े गए हैं। जेई राकेश कुमार राम ने बताया कि बिजली चोरी कर उपयोग करने के मामले थाना में एफआईआर दर्ज कराया गया है। छापेमारी दल में सारणी पुरुष सुबोध कुमार सिंह, कनीय सारणी पुरुष रंजीत कुमार, चितरंजन कुमार सिन्हा,अरुण कुमार शामिल थे।


**पूर्व रेलवे**

**संक्षिप्त ई-निविदा संख्या 04-डीसीई-कॉन-आरओबी-एसडीएएच-24-25 दिनांक: 10.03.2025।** उप मुख्य अभियंता/कॉन/आरओबी/पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, आरएमएस बिल्डिंग, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा संख्या 04-डीसीई-कॉन-आरओबी-एसडीएएच-24-25: कार्य का नाम:** (नैहाटी और रानाघाट के बीच प्रस्तावित तीसरी लाइन के संबंध में कांचरापाड़ा वर्कशॉप गेट स्टेशन के एल.सी. गेट संख्या 39 के पास प्रस्तावित ट्रैक्शन सब स्टेशन (टीएसएस) के लिए रिटेनिंग वॉल और कंट्रोल बिल्डिंग का निर्माण); **अनुमानित मूल्य:** 1.45 करोड़ (लगभग); **निविदा दस्तावेजों की लागत (रु.):** शून्य; **बयाना राशि (रु.):** 2,22,500.00; **पूर्ण होने की अवधि:** 09 (नौ महीने); **खुलने की तिथि:** 01.04.2025 को 15.00 बजे। निविदा दस्तावेज और अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के माध्यम से जमा की जानी है। इस निविदा के लिए मैनुअल ऑफ़र की अनुमति नहीं है और यदि मैनुअल ऑफ़र प्राप्त होता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा और संक्षेप में अस्वीकार कर दिया जाएगा।

(CON-92/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.ireps.gov.in/ www.er.indianrailways.gov.in/ पर भी उपलब्ध हैं।

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## एक नजर

### शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

**अंबा (औरंगाबाद)।** सिमरा थाना की पुलिस ने सोमवार की रात्रि रिसियप - सिमरा पथ पर नहर के समीप से शराब लेकर जा रहे दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान रफीगंज थाना क्षेत्र के बादेपुर गांव निवासी अभिषेक कुमार और अनुकल्प कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष आकाश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवक अलग-अलग दो बाइक पर सवार होकर उक्त रास्ते से जा रहे थे। इसी क्रम में गश्ती दल ने संदेह के आधार पर दोनों बाइक की तलाशी ली। तलाशी के दौरान दोनों युवक के पास से साढ़े तीन लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई। उन्होंने बताया कि संशोधित मध निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उक्त दोनों लोगों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### रहेगा मौसम शुष्क बढेगा तापमान

**समस्तीपुर।** जिले के पूसा स्थित डॉ राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय के ग्रामीण कृषि मौसम सेवा एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जलवायू परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केन्द्र द्वारा जारी 12-16 मार्च, 2025 तक के मौसम पूर्वानुमान के अनुसार उत्तर बिहार के जिलो में 14-15 मार्च के आसपास आसमान में हल्के बादल बन सकते है। हालांकि मौसम के शुष्क रहने का अनुमान है। इस अवधि में अधिकतम तापमान 33 से 35 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 17 से 22 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। पूर्वानुमानित अवधि में औसतन 5 से 7 कि0मी0 प्रति घंटा की रफ्तार से पछिया हवा चलने का सम्भावना है। सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 80 से 85 प्रतिशत तथा दोपहर में 30 से 35 प्रतिशत रहने की संभावना है।

### शराब के साथ चार गिरफ्तार, दो बाइकें जब्त

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह पुलिस ने थाना मुख्यालय स्थित पुनदौल से 8 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ चार युवक को गिरफ्तार किया है साथ ही दो बाइक भी जब्त किया गया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष सुदीश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पर थाना मुख्यालय स्थित पुनदौल से 375 एमएल के कुल 8 बोतल शराब के साथ चार युवक को गिरफ्तार किया गया, मौके से दो बाइक जब्त किया गया है। गिरफ्तार युवकों में थाना क्षेत्र के जाजापुर गांव निवासी प्रेम कुमार, बन्देया थाना क्षेत्र के चपरा गांव निवासी शुभम कुमार व निकेश कुमार उक्त थाना क्षेत्र के ही पंचान विगहा निवासी नीतीश कुमार शामिल है। सभी को कागजी प्रक्रिया पूरी कर मंगलवार को न्यायालय भेज दिया गया है।

### शराब की बड़ी खेप के साथ दो गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** बारुण थाना अंतर्गत ग्राम घोरहा के पास सड़क से एक टेंपो में ले जा रहे शराब की बड़ी खेप जब्त किया गया हैं। इस दौरान ऑटो चालक एवं एक बाइक सवार को गिरफ्तार किया गया हैं जिनकी पहचान ओबरा थाना क्षेत्र के कागजी मोहल्ला निवासी सुधीर कुमार एवं बारुण थाना क्षेत्र के सिमरा निवासी धीरेंद्र कुमार के रूप में की गई हैं। पूछताछ में दोनों ने बताया कि झारखंड से शराब लाया जा रहा है। डिमांड के अनुसार पूर्ति करना हैं। इनके पास से देसी-विदेश करीब 530 लीटर शराब बरामद किया गया हैं। थानाध्यक्ष राम इकबाल यादव ने बताया कि इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे उनके विरुद्ध न सिर्फ सख्त कार्रवाई की जाएगी बल्कि उनकी संपत्ति भी जब्त की जाएगी। मामले में पकड़े गए दोनों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।

### ठगी के दो आरोपित गिरफ्तार

**औरंगाबाद।** उद्योग विभाग से लोन दिलाने के नाम पर ठगी के दो आरोपितों को देव पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। पकड़े गए आरोपियों की पहचान थाना क्षेत्र के दोसमा गांव निवासी विनोद रजक एवं मदनपुर थाना क्षेत्र के राजाराम के रूप में की है। दरअसल, इन पर आरोप हैं कि उद्योग विभाग से लोन दिलाने के नाम पर कई लोगों से लाखों रुपयों की ठगी की हैं, जबकि उद्योग विभाग से इनका कोई लेना-देना नहीं हैं। थानाध्यक्ष कुमार सौरभ ने बताया कि उद्योग विभाग से लोन दिलाने को लेकर इन दोनों आरोपितों ने करीब 15 लोगों से क़रीब 15 लाख रुपयों की ठगी की हैं। जबकि उन्हें विभाग से लोन नहीं दिला सके। मामले में प्राप्त शिकायत के आधार पर जांच पड़ताल की गई जिसमें आरोप की पुष्टि की गई। पूछताछ में अभियुक्तों ने अपना अपराध स्वीकार किया हैं। संदर्भ में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत दोनों को जेल भेज दिया गया।

## सड़क दुर्घटना में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत, सड़क जाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोह (औरंगाबाद)।** सोमवार की संध्या सड़क दुर्घटना में एक घायल महिला की इलाज के क्रम में मंगलवार को मौत हो गई। घटना गोह थाना क्षेत्र के दरधा गांव की है। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के दरधा गांव निवासी शिवनंदन यादव की 52 वर्षीय पत्नी चिंता देवी सड़क पार कर अपने घर जा रही थी। इसी बीच गोह की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार बाइक ने महिला में जोरदार टक्कर मार दिया।जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी। ग्रामीणों ने घायल महिला को पीएचसी गोह में भर्ती कराया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया। मेडिकल में इलाज के दौरान देर रात महिला की मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मंगलवार की दोपहर घर शव पहुंचते ही ग्रामीण आक्रोशित हो गए। वहीं आक्रोशितों ने गया दाउदनगर मुख्य पथ पर शव रखकर सड़क को दो घंटों तक जाम रखा। घटना सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से आक्रोशितों को समझा बुझाकर जाम को हटाया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल औरंगाबाद भेजकर परिजनों को सौंप दिया है। घटनास्थल स्थल पर पहुंची आपातकालीन सेवा वाहन 112 की पुलिस ने बाइक जब्त कर थाना लाया है। थानाध्यक्ष सुदीश कुमार ने बताया कि आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## भाग-दौड़ की जिन्दगी में नयी उर्जा भर देते हैं पर्व-त्यौहार : डॉ नवीन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** नेत्र रोग निवारण के क्षेत्र में बिहार की शान जिले का गौरव मुसरीघरारी स्थित मिथिला आंख हॉस्पीटल में चहुंओर एक अलग ही समां था। हर तरफ खासी चहल-पहल और उत्साह व उमंग का आलम था। अवसर था हॉस्पीटल द्वारा आयोजित होली मिलन महोत्सव का। इस महोत्सव में भाग लेने केलिए हॉस्पीटल की सभी शाखाओं से चिकित्सक व कर्मी पधारे थे। मिथिला आंख हॉस्पीटल के निदेशक सह मुख्य चिकित्सक डॉ नवीन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में क्या मरीज, क्या चिकित्सक, क्या कर्मी सभी होली की उमंग में सराबोर दिखे। इस अवसर पर डॉ झा ने कहा कि काम को लेकर जद्दोजहद और भाग दौर के तनाव भरे जीवन में समय-समय पर इस तरह के आयोजन जीवन में नयी ताजगी, उर्जा और उमंग का संचार कर देते हैं। मौके पर डॉ सोमा, डॉ मुकेश कुमार, डॉ शिल्पी, अमन कुमार जन्दाहा, रोहित निराला, अजय कुमार मदुदाबाद, अनुपम कुमार सकरी, रणधीर कुमार खगड़िया, रोबिन कुमार खगड़िया, अविनाश कुमार रोसड़ा, रवीन्द्र कुमार रोसड़ा, संजीत कुमार मुसरीघरारी, पांडव कुमार मुसरीघरारी, ललन कुमार मुसरीघरारी, एवं दिन जी मुसरीघरारी मौजूद थे।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्या: टीआरएस/एचडब्ल्यूएच/10/ओटी/155, दिनांक: 10.03.2025।** वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टीआरएस), पूर्व रेलवे, इलेक्ट्रिक लोको शेड, बामनगाछी, हावड़ा-711106 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** 'ईएलएस/एचडब्ल्यूएच में डब्ल्यूएपी-7 लोकोमोटिव के 7775 केवीए ट्रांसफार्मर की रिवाइंडिंग/मरम्मत'; **बोली का प्रकार:** सामान्य निविदा; **निविदा प्रकार:** खुली; **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट प्रणाली; **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 01.04.2025 को 15:00 बजे; **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** 06.03.2025 को 17:20 बजे; **विज्ञापित मूल्य:** रु. 2,31,44,992.00; **बयाना राशि (रु.):** 2,65,700.00; **प्रस्ताव की वैधता (दिन):** 60; **निविदा दस्तावेज़ लागत (रु.):** 0.00; **पूर्ण होने की अवधि:** 36 महीने; **अनुबंध प्रकार:** कार्य सामान्य; **अनुबंध श्रेणी:** व्यय; **बोली शुरू होने की तिथि:** 18.03.2025; **बोलियों के लिए रैंकिंग क्रम:** निम्नतम से उच्चतम; **व्यय प्रकार:** पूंजी (आरएसपी)। ई-निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। इच्छुक/पात्र फर्मों से अनुरोध है कि वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, तो दी गई वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया जाएगा। कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(HWH-663/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.ireps.gov.in/ www.er.indianrailways.gov.in/ पर भी उपलब्ध हैं।

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना (खुली ई-निविदा) निविदा संख्या एफ-वैगन BOXNRRehab-25-आर दिनांक 06.03.2025।** उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (वैगन), पूर्व रेलवे, जमालपुर, जिला-मुंगेर, बिहार, पिन-811214 द्वारा **कार्य का नाम:** 'लोकोमोटिव वर्कशॉप, जमालपुर में कार्य अनुसूची के अनुसार 200 नग BOXN वैगनों का BOXNR वैगनों में उन्नयन और पुनर्वास' कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **मात्रा 200 नग वैगन; कार्य स्थल:** लोकोमोटिव वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, जमालपुर है, **निविदा मूल्य रु.:** 21,98,21,830.00; **निविदा दस्तावेजों का मूल्य रु.:** 0.00; **प्रस्ताव की वैधता:** 90 दिन; बोली शुरू होने की तिथि: 15.03.2025; **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 29.03.2025 को 11:00 बजे; **कार्य पूरा करने की अवधि:** 24 महीने; विवरण **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

(Misc-376/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.ireps.gov.in/ www.er.indianrailways.gov.in/ पर भी उपलब्ध हैं।

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## सफेद गेंद के हर प्रारूप में हम नंबर वन : भानू



फोटो- भानू प्रताप सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

ओईनी । भारतीय टीम ने टी 20 विश्व कप के बाद चैम्पियन ट्राफी में भी अविजित रहते हुए ट्राफी पर कब्जा जमा कर साबित कर दिया कि सफ़ेद गेंद के हर प्रारूप में वह सर्वश्रेष्ठ है। क्रिकेट जगत में समस्तीपुर की नयी सनसनी पूसा प्रखंड के दिगम्बरा निवासी युवा क्रिकेटर भानू प्रताप सिंह ने चैंपियन्स ट्राफी में भारतीय टीम की जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि पूरे टूर्नामेंट में भारतीय टीम का प्रदर्शन लाजवाब रहा। इस केलिए मैदान में खेल रहे खिलाड़ियों के साथ कोच सहित सपोर्टिंग स्टाफ सभी बधाई के हकदार हैं। भानू ने कहा कि कोच गौतम गंभीर और कप्तान रोहित शर्मा की योजना और टीम संयोजन पूरे टूर्नामेंट में लाजवाब रही। सबसे खास रहा कोच-कप्तान की योजना को मैदान में उतारने केलिए सभी खिलाडियों का अपना शत-प्रतिशत झोंक देना। जिसे भी मौका मिला उसने जान लगा दी। यह पूरे टीम की जीत है। भानू ने कहा हमारी बेंच स्ट्रेंथ भी दुनियाभर में नंबर वन है।


बिहार सरकार

**कार्यालय नगर परिषद, दाउदगनर (औरंगाबाद)**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–07/2024–25**

**सैंरात की बन्दोबस्ती वर्ष 2025–26 हेतु**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद, दाउदनगर के विभिन्न सैंरातों के वित्तीय वर्ष–2025–26 के लिए बन्दोबस्ती हेतु सशक्त स्थायी समिति की बैठक दिनांक–24.02.2025 के प्रस्ताव सं0–05 द्वारा सर्वसम्मत किये गये सुरक्षित जमा निर्धारण उपरान्त निम्नलिखित सैरातों की बन्दोबस्ती हेतु दिनांक–27.03.2025, 28.03.2025 एवं 29.03.2025 को निर्धारित की जाती है। उक्त तिथि को डाक बन्दोबस्ती, कार्यालय नगर परिषद् दाउदनगर के सभा–भवन में की जाएगी।

**इच्छुक व्यक्ति निम्नलिखित शर्त का पालन करते हुए डाक में भाग ले सकते हैं :–**

| क्र0 सं0 | सैंरातों का नाम | दिनांक | वसूली का प्रकार | वसूली हेतु निर्धारित दर | सूरक्षित जमा राशि | अग्रधन की राशि | निर्धारित समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शहर में परिचालित व्यवसायिक ट्रैक्टर डल्ला/बस/ट्रक/छोटी गाड़ी/टाटा मैक्सी | 27.03.2025<br>28.03.2025<br>29.03.2025 | व्यवसायिक ट्रैक्टर डल्ला<br>बस /ट्रक<br>छोटी गाड़ी/टाटा मैक्सी | 30 रू0 प्रतिदिन<br>40 रू0 प्रतिदिन<br>30 रू0 प्रतिदिन | 1201600.00 | 120200.00 | 12:00 बजे अपराह्न |
| 2 | शहर में परिचालित टेम्पू तीन चक्का पेट्रौल/तीन चक्का डिजल टेम्पू/चार चक्का डिजल टेम्पू ई– रिक्शा | 27.03.2025<br>28.03.2025<br>29.03.2025 | टेम्पू तीन चक्का पेट्रॉल<br>तीन चक्का डिजल टेम्पू<br>चार चक्का डिजल टेम्पू<br>ई–रिक्शा | 05 रू0 प्रतिदिन<br>12 रू0 प्रतिदिन<br>20 रू0 प्रतिदिन<br>10 रू0 प्रतिदिन | 1154000.00 | 115400.00 | 12:30 बजे अपराह्न |
| 3 | रोड साईड गुदड़ी, मछली मार्केट की वसूली, ठेला | 27.03.2025<br>28.03.2025<br>29.03.2025 | प्रति ठेला | 10 रू0 प्रतिदिनि | 551400.00 | 55200.00 | 01:00 बजे अपराह्न |
| 4 | स्लाटर हाउस | 27.03.2025<br>28.03.2025<br>29.03.2025 | प्रति भैंसा | 30 रू0 प्रति जानवर | 131600.00 | 13200.00 | 01:30 बजे अपराह्न |
| 5 | होर्डिंग | 27.03.2025<br>28.03.2025<br>29.03.2025 | – | – | 101700.00 | 10200.00 | 02:00 बजे अपराह्न |

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR- 21538 ( B & C ) 2024-25

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

मुख्य पार्षद,
नगर परिषद, दाउदनगर।

# सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले पर रहेगी नजर : डीएम

## सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान देने की कही गई बात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** शहर के कारगिल विजय सभा भवन में डीएम तुषार सिंगला की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं शांति समिति के सदस्यों द्वारा होली पर्व के मद्देनजर शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु एनएच पर, चौक चौराहों पर, ट्रिपल लोडिंग, नशा करने वाले लोगों पर विशेष ध्यान देने की अपील की गई। बैठक में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों की बातों को विस्तार पूर्वक सुना एवं बताये गये सुझावों पर संबंधित पदाधिकारियों को कार्रवाई करने की हेतु निदेशित किया गया। जिला अंतर्गत जिन-जिन स्थानो पर होलिका दहन होती है। वैसे स्थानों की सूची तैयार किया जाय। साथ ही अग्निशामक विभाग के पदाधिकारियों को भी अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया। ताकि कहीं भी अगर अप्रिय घटना की संभावना हो गया तो तुरंत कार्रवाई की जा सकें। नगर आयुक्त नगर निगम को शहरों में साफ-सफाई की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया तथा मद निषेध विभाग के पदाधिकारियों को अवैध शराब को लेकर समिति बनाकर लगातार छापेमारी करने का निर्देश दिया गया। सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान देने की बात सभी जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनित पदाधिकारियों से की। सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले को चिन्हित कर कार्रवाई करने का निर्देश भी सभी अनुसार पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक मनीष, नगर आयुक्त, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,प्रभारी पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा, जनप्रतिनिधिगण, समाजसेवी सहित शांति समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# होली में अश्लील गाना एवं डीजे बजाने पर रहेगा प्रतिबंध : एसडीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेनीपुर (दरभंगा)।** शांति समिति की बैठक मंगलवार को बहेड़ा थाना पर एसडीएम शंभूनाथ झा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में रंगों का त्योहार होली एवं रमजान के जुम्मा नमाज़ सौहाद्रपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। एसडीएम ने कहा अश्लील गाना एवं डीजे बजाने पर पूर्णतः प्रतिबंध है। इसका उल्लंघन करने वाले के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। होलिका दहन शांतिपूर्ण तरीके से करने तथा 14 मार्च को रमजान के जुम्मे के नमाज होने से सौहाद्रपूर्ण वातावरण में एक दूसरे को सहयोग करने की बात कही गई।
बैठक में कई सदस्यों ने कहा कि होली के दौरान कई जगहों पर शराब कारोबारी नुका-छुपा कर शराब बेच रहे हैं। इस पर कार्रवाई होनी चाहिए एसडीएम ने कहा कि शराब बेचने वाले की गुप्त सूचना उपलब्ध करावे ताकि उनके विरुद्ध कार्रवाई की जा सके। शराबियों पर पैनी नजर रखने तथा शरारती तत्वों को चिन्हित कर उनको गिरफ्तार करने के लिए भी बात कही गई। होलिका दहन के दौरान सरकारी संपत्ति को नष्ट करने वाले पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।
एसडीपीओ में कहा कि होली पर्व में शराब बेचने वाले एवं नशेरी तथा असमाजिक तत्वों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी।
बैठक में बीडीओ प्रवीण कुमार शो चंद्रकांत गौरी भाजपा नेता पिंटू झा, सीपीआई रामधनी झा, शंकर पूर्व, पूर्व उप प्रमुख प्रेम कुमार झा, मो. इजहार, मो. गौड़े, मो. रवानी आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

### अगलगी में तीन घर राख

**बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के राटन पंचायत वार्ड नंबर दो बगरश आग लगी में तीन घर जलकर राख हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि सोमवार की रात्रि अचानक गाय के घर में आग की चिंगारी उठी स्थानीय लोग कुछ कर पाते तब तक आग की लपेट तेज हो गई। जब तक दमकल की तीन और लोगों ने आग बुझाते तब तक तीन घर दो गाय और तीन बकरी झुलस गई। जिससे दो गाय और तीन बकरी की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोग और दमकल की टीम के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। शंभू महतो, सुखदेव राम, राजा राम मोची के घरों में आग लगने के कारण लाखों की क्षति हुई है। मंगलवार की सुबह जिला परिषद सदस्य अमित कुमार देव घटना स्थल पर पहुंच कर घटना का जायजा लिए। इस दुःख के घड़ी में सभी पीड़ित परिवार को निजी कोष से पांच-पांच हजार रूपये की आर्थिक मदद किए और सरकारी उचित लाभ दिलाने का भी आश्वासन दिया। इस दुःख की घड़ी में वार्ड सदस्य प्रतिनिधि भूषण महतो, विक्रांत कुमार, अनिल ठाकुर, राजेश कुमार प्रिंस, कुमार सिंह अन्य लोग मौजूद रहे तथा हर संभव मदद करने की भरोसा दिए।

### हुड़दंगियों पर हुई कार्रवाई

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थानाध्यक्ष ने होली में हुड़दंगिओं पर नकेल कसने हेतु 95 व्यक्तियों पर भादवि के धारा 107 के तहत कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि एसडीएम मंझौल के न्यायालय में 44 तथा एसडीएम बखरी के न्यायालय में 51 व्यक्तियों पर उक्त अधिनियम के तहत कार्रवाई करने की अनुशंसा की गई है। सभी आरोपित ने बेल बांड भरकर जमानत ली है तथा शांति व्यवस्था कायम रखने में प्रशासन कासहयोग का भरोसा दिया है।

### मां अन्नपूर्णा के हवन व नामधुन से भक्तिमय हुआ परिसर

**दरभंगा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** श्री श्री 108 मां अन्नपूर्णा नामधुन अष्टयाम महायज्ञ के दूसरे दिन माँ अन्नपुर्णा के हवन एवं माता के नामधुन से पुरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। विभिन्न मंडलियो के कलाकारों ने शास्त्रीय तथा लोक गीतों के तर्ज एवं विभिन्न रागों पर बीज मंत्र ''जय अन्नपुर्णा माई अन्नपुर्णा माय अन्नपुर्णा माई जय अन्नपुर्णा माई'' के नामधुन से उपस्थित भक्तो को झुमा दिया। विभिन्न जगहो से आये मंडलियो के कलाकार चन्देश्वर सिंह, गणेश, सतीश सिंह, टुनटुन, अशोक कुमार सिंह, राधेश्याम सिंह, मणिकांत एवं ठक्कन समेत अन्य लोगों की टीम के नेतृत्व में एक दर्जन से अधिक कलाकार नामधुन में भाग ले रहे हैं। वही आचार्य प्रकाश झा के सान्निध्य मे पं0 शिवम कुमार मिश्र, आशिष झा, त्रिलोक झा, कन्हैया झा अनवरत हवन कुण्ड में आहुति दे रहे है। जो भी भक्त वहाँ जा रहे हैं उन्हें भाव विभोर कर दिया है। अन्नपूर्णा माई के भक्त परिवार के लोग यज्ञ को सफल बनाने मे लगे है। इसमें काफी संख्या में और बहुत दूर-दूर से भक्त का आगमन हो रहा है।

### 'खुशियों के संग विकास के रंग' नाटक का मंचन

**बरौनी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड बरौनी द्वारा द फैक्ट आर्ट एंड कल्चरल सोसाइटी द्वारा नाटक खुशियों के संग विकास के रंग का सफलता पूर्वक मंचन किया गया। चर्चित रंगकर्मी प्रवीण कुमार गुंजन द्वारा लिखित व चन्दन कुमार वत्स निर्देशित नुक्कड़ नाटक खुशियों के संग विकास के रंग की प्रस्तुति की गयी। सुरक्षा जागरुकता व विकास के लिए नुक्कड़ नाटक का सफल मंचन चकिया, हिन्दुस्तान उर्वरक व रसायन लिमिटेड प्लांट, महना काली स्थान, चांदनी चौक दक्ष सेल्स के पास सहित शहर के प्रमुख स्थलों पर नाटकों की प्रस्तुति की गयी। अभिनय के माध्यम से सुरक्षा, आत्मनिर्भरता व विकास की राह पर चलने के लिए प्रेरित करते हुए लोगों को सुंदर संदेश दिया। नाटक के माध्यम से कलाकार मूल रूप से ये कहना चाह रहे थे कि सुरक्षा जागरूकता और सावधानी हर कदम पर जरूरी है, पहले सुरक्षा फिर उत्पादन। जीवन के लिए व तरक्की के लिए सुरक्षा बहुत जरुरी है। सुरक्षा बहुत जरूरी है सुरक्षा बहुत जरूरी, जीवन के लिए तरक्की के लिए अपना यूरिया सोना उगले बेगूसराय हो हरा भरा जैसे गीतों को गाते हुए कलाकार सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। कला जब समाज को सन्देश देने के लिए कार्य करती है तो असल मायने कला अपना दायित्व निभाती है। हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड द्वारा आयोजित खुशहाली नाटक को इतनी रोचकता से प्रस्तुत किया गया कि दर्शक सहज होकर संदेश ग्रहण कर रहे थे। अभिनेताओं में कंचन कुमारी, चन्दन कुमार वत्स, लाल बाबू, संतोष कुमार राही, चन्दन वत्स, सृष्टि कुमारी ने सफलता पूर्वक अभिनय किया। संगीत पर रविकांत कुमार, राम कुमार आदि थे।

# महिला स्वरोजगार में पूर्व विधायक ने की पहल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** वीरपुर प्रखंड के पकड़ी गांव में कांग्रेस की पूर्व विधायक सेनेटरी पैड उत्पादन एवं भेंडिंग मशीन लगाया। जिसका दोहरा लाभ स्थानीय स्तर पर सैकड़ो लोगों खासकर महिलाओं को मिलेगा। आज इस सन्दर्भ में मशीन को चलाने और उत्पादन की प्रक्रिया के लिये दर्जनों महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया। अमिता भूषण की इस पहल के दो पक्ष हैं। एक तो इसके संचालन और पैड निर्माण की प्रक्रिया शुरूहोने से सैकड़ो महिलाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। दुसरी इससे स्थानीय स्तर पर महिलाओं के स्वास्थ्य, उनकी गरिमा और गोपनीयता की सुरक्षा होगी। अमिता भूषण की इस पहल को मजबूत साथ महिला कांग्रेस और उसकी राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लाम्बा का। जिन्होंने अमिता भूषण की इस अनूठी पहल पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए हर स्तर पर सहयोग किया। महिला कांग्रेस की यह पहल स्थानीय स्तर पर कुटीर उद्योग और स्वरोजगार के क्षेत्र में क्रान्तिकारी कदम साबित हो सकता है। बातचीत के दौरान श्रीमती भूषण ने बताया कि मेरी ओर से इस प्रयास की शुरुआत हुई है। अगले कुछ दिनों में इस प्रयास की सफलता का आकलन करते हुए अन्य जगहों पर भी ऐसे प्रयास किये जाएंगे।

# कोशी तटबंध पर होगा सड़क का चौड़ीकरण : सांसद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**दरभंगा।** मधुबनी दरभंगा तथा सहरसा तक तीन जिलों को जोड़नेवाली भारतमाला परियोजना के तहत उच्चैठ भगवती स्थान से सहरसा उग्रतारा महिषी तक सड़क के भेजा से एसएच 17 बिरौल सहरसा को जोड़ने वाली सड़क में कीरतपुर प्रखंड के नीमा से गंडौल तक 25 किलोमीटर की लंबाई में दो सौ करोड़ रुपए की लागत से पश्चिमी कोशी तटबंध पर बने सड़क का चौड़ीकरण ऊंचीकरण तथा सुदृढ़ीकरण किया जाएगा जिससे तीनों जिलों के बीच आवागमन की बेहतर कनेक्टिविटी मजबूत होगी तथा आनेवाले समय में कोशी जैसे विध्वंशकारी नदी से आनेवाले बाढ़ की समस्या का भी स्थाई रूप से निदान संभव होगा।
स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने पश्चिमी कोशी तटबंध पर बनने वाले सड़क की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि विगत वर्ष 2024 के अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह में आए प्रलयनकारी बाढ़ से पश्चिमी कोशी तटबंध कीरतपुर के भुभौल के पास टूट गया था जिसके कारण लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था जबकि वे 22 अक्टूबर 2024 को केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री सीआर पाटिल से भेंट कर इस संबंध में पहल करने का आग्रह किया था। जिसके जवाब में 20 जनवरी 2025 को इसकी सभी औपचारिकताओं को पूरा कर लिए जाने की सूचना दी गई थी। इसके साथ ही बिहार के सीएम नीतीश कुमार जी के दरभंगा में सम्पन्न प्रगति यात्रा के दौरान समीक्षा बैठक में पश्चिमी कोशी तटबंध के चौड़ीकरण ऊंचीकरण तथा सुदृढ़ीकरण के लिए ज्ञापन देकर आग्रह किया था। इस तटबंध के नव निर्माण के लिए अपने अनवरत प्रयत्नों तथा प्रयासों को साझा करते हुए कहा कि दो सौ करोड़ रुपए की लागत से 25 किलोमीटर में साढ़े पांच मीटर चौड़ी सड़क के निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बाद एक तरफ जहां बाढ़ की संभावनाओ पर विराम लगेगा वहीं बेहतर तथा मजबूत सड़क कनेक्टिविटी के माध्यम से सरल सुगम तथा सुरक्षित रूप से आवागमन की सुविधा भी उपलब्ध हो जाएगी।

# बेनीपुर विधायक द्वारा दान दी गई भूमि पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने की अधिसूचना जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने राजनीतिक सहकर्मी महान शिक्षाविद स्वर्गीय प्रो उमाकांत चौधरी के पैतृक गांव हायाघाट प्रखंड के विशनपुर गांव में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निर्माण की स्वीकृति दी है।
साथ ही उक्त अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का नामकरण स्वर्गीय प्रो उमाकांत चौधरी-तारावती चौधरी अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिशनपुर रखने का अधिसूचना जारी कर दिया गया है। ज्ञात हो कि बेनीपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रो विनय कुमार चौधरी ने अपने पैतृक गांव बिशनपुर में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने के लिए अपना एक एकड़ निजी भूमि राज्यपाल के नाम दान दी थी।उक्त भूमि पर जिला संचालन समिति के अनुशंसा पर राज्य स्तरीय स्वास्थ्य समिति द्वारा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने की स्वीकृत प्रदान दी थी ।जिस अनुरूप अधिसूचना 290(10) दिनांक 10 मार्च को जारी कर दिया गया है जिसका निर्माण जल्द ही स्वास्थ्य विभाग के शासी निर्माण इकाई बी एम एस आई सी एल पटना के द्वारा मॉडल प्राक्कलन के अनुसार किया जाएगा। अधिसूचना संख्या 291(10) दिनांक 10 मार्च 2025 में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि दानकर्ता द्वारा सुझाए गए नामकरण के अनुसार ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का नामकरण किया जाएगा। उक्त आलोक में सरकार ने उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का नामकरण प्रो उमा कांत चौधरी-तारावती चौधरी अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिसनपुर रखने का अधिसूचना जारी की है।
उक्त आलोक में जल्द ही राशि आवंटन एवं निर्माण कार्य प्रारंभ होने की प्रबल संभावना है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्माण की स्वीकृत दिए जाने को लेकर बिशनपुर गांव एवं हायाघाट प्रखंड क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। स्थानीय ग्रामीण शंभूनाथ झा, शैलेंद्र चौधरी, प्रभात झा, संजीव कुमार झा, कृष्णकांत चौधरी, विमल कुमार चौधरी सहित दर्जनों लोगों ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और स्वास्थ मंत्री मंगल पांडेय के प्रति आभार प्रकट करते हुए बेनीपुर विधायक प्रो बिनय कुमार चौधरी को बधाई दी है।

# केवटी विधायक ने जनहित मुद्दों की ओर सरकार का ध्यान कराया आकृष्ट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** केवटी विधायक डॉ मुरारी मोहन झा ने बिहार विधानसभा के बजट सत्र में मंगलवार को तारांकित, शून्यकाल एवं निवेदन प्रश्नों के माध्यम से अपने विधानसभा क्षेत्र के कई जनहित मुद्दों को लेकर सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। तारांकित प्रश्न के माध्यम से दरभंगा जिलांतर्गत केवटी विधानसभा क्षेत्र के प्रखण्ड केवटी के पंचायत शेखपुर दानी स्थित प्राथमिक विद्यालय का जर्जर अर्धनिर्मित भवन को तोड़ कर नया भवन निर्माण करने हेतु सदन के माध्यम से सरकार से मांग की और तारांकित प्रश्न के माध्यम से ही केवटी एवं सिंहवाड़ा प्रखण्ड के छात्र, छात्रा 10वीं और 12वीं करने के बाद तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के लिए 50 किमी की दूरी तय कर शहर जाते हैं जिसके लिए बच्चे को अत्याधिक रूपये का व्यय करना पड़ता हैं सदन के माध्यम से पॉलीटेक्निक या आईटीआई कॉलेज स्थापना करने की सरकार से मांग की। शून्यकाल के माध्यम से दरभंगा जिलांतर्गत प्रखण्ड मनिगाछी स्थित सिद्धपीठ मां बाणेश्वरी स्थान में चोरों के द्वारा 21.02.2025 को 5 लाख से ऊपर का आभूषण सहित लाखों का समान की चोरी कर ली गई जिसमें मनिगाछी थाना कांड स0 26/25 दर्ज किया गया। घटना की सारी एक्टिविटी सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रहा हैं लेकिन प्रशासन के द्वारा अभी तक घटना में संलिप्त अपराधी को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। सदन के माध्यम से घटना में संलिप्त फरार अपराधी को अतिशीघ्र गिरफ्तार कर एवं दोषी पदाधिकारी के ऊपर सख्त करवाई करने की सरकार से मांग की, और निवेदन के माध्यम से राज्य सरकार के द्वारा शहर की तरह ग्रामीण इलाकों के सड़कों में भी ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा नाला निर्माण करवाने की मांग किया। जिससे ग्रामीण इलाके की सड़कों में बरसात के मौसम में अत्याधिक वर्षा होने से सड़क के किनारे नाला नहीं रहने के कारण जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो जाती जिससे पानी लोगों को घर में घुस जाता हैं और सड़क पर चलना मुश्किल हो जाता हैं और सड़क क्षतिग्रस्त हो जाता हैं। सदन के माध्यम से अगले निविदा से जितनी भी सारी सड़क की निविदा हो ग्रामीण कार्य विभाग या अन्य विभाग के द्वारा उसमें सड़क के साथ-साथ नाला का भी निर्माण कराने की मांग की।

# कबीर अंत्येष्टि लाभ देने में बेगूसराय जिला अव्वल

## 4273 लाभार्थियों की ई-सुविधा पोर्टल पर कराई गई है इंट्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिला में कबीर अंत्येष्टि योजना अंतर्गत कुल 4273 लाभार्थियों का ई-सुविधा पोर्टल पर इंट्री कराया गया। जिसमें से कुल 3737 आवेदन को प्रखंड स्तर से सत्यापित कर जिला लगिन में फरवर्ड किया गया।
जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा 3030 आवेदन का सत्यापन किया गया। भुगतान हेतु लक कर विभाग को फावर्ड किया गया है। जिसकी भुगतान विभाग द्वारा किया गया है। जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा प्रखंड से सत्यापित कर फावर्ड किए गए आवेदनों की जाँच के दौरान पाए गए त्रुटिपूर्ण आवेदनों को प्रखंड के लगिन में वापस किया गया है। ताकि संबंधित प्रखंड सुधार करके त्रुटिरहित आवेदन पुनः जिला को फावर्ड कर सके जिसके उपरांत जिला स्तर से अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी। ज्ञात हो की जिला में कुल 18 प्रखंड एवं 217 पंचायत है। इसमें से बछवाड़ा प्रखंड से कुल 258, बखरी से 143, बलिया से 91, बरौनी से 139, बेगूसराय से 335, भगवानपुर से 73, वीरपुर से 56, चेरियाबरियारपुर से 271, छौड़ाही से 770, डंडारी से 163, गढ़पुरा से 110, खोदावंदपुर से 87, मंसूरचक से 65, मटिहानी से 102, नावकोठी से 120, साहेबपुर कमाल से 109, शाम्हो अकहा कुरहा से 32, तेघड़ा से 106 लोगों को लाभ दिया जा चुका है। योजना का लाभ देने में छौड़ाही प्रखंड 770 लाभार्थियों को लाभ देकर प्रथम स्थान पर रहा। वही बेगूसराय सदर 335 लाभार्थियों को लाभ देकर दूसरे स्थान पर रहे। चेरीया बरियारपूर प्रखंड 271 आवेदनों लाभार्थियों को लाभ देकर तीसरे स्थान पर रहा। विभाग द्वारा सभी वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए जिला अंतर्गत कुल 2422 लाभुक को अच्छादित करने का लक्ष्य दिया गया था। जिसे बेगूसराय जिला ने पूरा कर लिया है। लक्ष्य से अधिक लोगों को कुल 3030 लोगों को अब तक इस योजना अंतर्गत लाभ दिया जा चुका है। एवं आगे एंट्री किए गए आवेदनों को सत्यापित करने की प्रक्रिया जारी है। ज्ञात हो कि कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना में जिला 2023-24 में बिहार राज्य में तीसरे स्थान पर था। जिसकी लगातार समीक्षा एवं प्रखंड स्तर पर किये गये व्यापक प्रचार-प्रसार के कारण 2024-25 में कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना अंतर्गत बेगूसराय जिला बिहार राज्य में प्रथम स्थान पर है। जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एव नगर निकाय के पदाधिकारियों से लगातार इसकी समीक्षा करने तथा ई-सुविधा पोर्टल पर इंट्री करने के संबंध में समीक्षा करने का निर्देश दिया गया है। ताकि लगातार बेगूसराय जिला कबीर अंत्येष्टि अनुदान योजना अंतर्गत बिहार राज्य में प्रथम स्थान पर बना रहें।

# अपहरण कर हत्या मामले में अभियुक्त को आजीवन कारावास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंचल कुमार तिवारी ने अपहरण एवं हत्या के मामले में सुनवाई करते हुए साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जिसमे शामिल अभियुक्त तेघड़ा थाना के दुलारपुर निवासी रामनिवास चौधरी, अमरेश सिंह, निगम सिंह, रंजीत सिंह एवं मुन्ना सिंह को दोषी करार दिया है। जबकि अभियुक्त अमित को निर्दोष करार दिया है। ज्ञात हो की तेघड़ा थाना क्षेत्र के पिढ़ोली निवासी रामशोभित राय ने उपरोक्त अभियुक्तों के खिलाफ भारतीय दण्ड संहिता के धारा 302, 34, 120(बी), 364-34 के अंतर्गत तेघड़ा थाना काण्ड संख्या 94-2022 दर्ज करवायी थी। अभियुक्तों पर आरोप था कि 13 अप्रैल 2022 को संध्या 4:30 बजे को सूचक के लड़का निकेश राय एवं छोटू राय गेहूं कटवाने पिढ़ोली ढाला गया था। जहां से ड्राइवर सूचना दिया की आठ दस संख्या में हथियारबन्द अपराधी दोनों लड़का को उठा कर ले गया। 14 अप्रैल को सुबह एक लड़का छोटू राय घर वापस आया और दूसरा लड़का वापस नही आया। जिसकी हत्या कर दी गयी। न्यायालय में अपर लोक अभियोजक दिलीप कुमार ने सात गवाहों की गवाही करवायी। जिसके आधार पर न्यायालय ने अभियुक्तों को दोषी पाकर सजा के बिन्दु पर सुनवायी करते हुए भारतीय दण्ड संहिता की धारा 302-34 में आजीवन कारावास की सजा एवं तीन हजार अर्थ दण्ड की सजा अर्थ दण्ड की राशि जमा नही करने पर तीन महीने की अतिरिक्त सजा एवं भादवि की धारा 364 में दस साल की सजा एवं एक हजार अर्थ दण्ड की सजा एवं अर्थ दण्ड की राशि जमा नही करने पर एक माह की अतिरिक्त सजा सुनायी। इस काण्ड के अभियुक्त अमित सिंह को साक्ष्य के अभाव में रिहा करने का आदेश न्यायालय ने दिया।

# जेलेस ने मनाई फणीश्वरनाथ 'रेणु' की जयंती

## सेमिनार सह कवि सम्मेलन का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जनवादी लेखक संघ जिला इकाई के तत्त्वाधान में हिंदी के सुप्रसिद्ध कथाकार एवं उपन्यासकार फणीश्वरनाथ 'रेणु' की जयंती नगर निगम के वार्ड संख्या पांच के कमरुद्दीनपुर में उत्साहपूर्वक मनायी गयी।
इस अवसर पर 'ग्रामांचल के महान कथाशिल्पी रेणु' विषय-केन्द्रित सेमिनार-सह कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। साहित्यकारों द्वारा दीप-प्रज्ज्वलन एवं नरेश जन जागृति नाट्य कला मंच के प्रमोद कुमार, रामू ठाकुर शम्भू चौधरी तथा उनके सहयोगी संस्कृतिकर्मियों द्वारा जनवादी गीत और स्वागत-गान के साथ कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। बेगूसराय नगर निगम वार्ड नंबर 5 के पार्षद सुरेश यादव ने अपने संबोधन से आगत साहित्यकारों का स्वागत किया। जलेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिनन्दन झा ने रेणु की कहानी पर बनी फिल्म 'तीसरी कसम' के दो गाने का सस्वर गायन पेश किया। बेगूसराय के पूर्व विधायक राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने का कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि रेणु जी बिहार के गौरव थे। उनकी रचनाओं में न केवल कोशी अपितु बिहार के गाँवों की माटी की सोंधी सुगंध महसूस होती है। उद्घाटन वक्तव्य के बाद 'ग्रामांचल के महान कथा शिल्पी रेणु' विषय केन्द्रित सेमिनार शुरू किया गया। जिसमें जे के इंटर कॉलेज की हिंदी व्याख्याता डा ललिता कुमारी ने विषय- प्रवेश कराया। अभिलाषा कुमारी ने परिचय-पाठ किया। जलेस के उपाध्यक्ष डा. चन्द्रशेखर चौरसिया ने रेणु जी की कहानियों और उपन्यासों के पुनर्पाठ की जरूरत पर बल दिया। सेमिनार के बाद हुए कवि सम्मेलन में दीनानाथ सुमित्र, कुमार विनीताभ, राजेश कुमार, भुवनेश्वर सिंह, ड प्रभा कुमारी, ड निरंजन कुमार, पुष्कर सिंह, मुकेश कुमार, भवेश कुमार, फुलेना रजक समेत कई कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मुग्ध किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष डा. राजेन्द्र साह ने की। जबकि सचिव राजेश कुमार ने संचालन किया। इस मौके पर जिला के वरिष्ठ कम्युनिस्ट उचित यादव, सीपीआई (एम) जिला सचिव रत्नेश झा पूर्व उप प्रमुख सूर्यनारायण रजक, नवनीता कुमारी, अजय यादव, रमेश यादव, अंकित यादव, रणजीत यादव, सुरेन्द्र साह, दीपक कुमार, दीपक यादव, मनोज कुमार, देव कुमार, रणधीर यादव, रणवीर यादव, रणजीत यादव समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में बेगूसराय के मशहूर चिकित्सक बालमुकुंद झा की सड़क दुर्घटना में हुई मौत पर शोक व्यक्त किया गया।

# चापाकल मरम्मति दल को किया गया रवाना

## हरी झंडी दिखाकर अधिकारियों ने किया रवाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बेगूसराय।** जिले के 18 प्रखंडों में चापाकल मरम्मति दल को उप विकास आयुक्त द्वारा गांधी स्टेडियम बेगूसराय से हरी झंडी दिखाकर द्वारा रवाना किया गया। आगामी ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर जिलावासियों को पेयजल की सुगम व्यवस्था मुहैया कराने हेतु जिला प्रशासन द्वारा खराब पड़े चापाकलों को सुचारू करने हेतु कार्रवाई प्रारंभ की गई है। प्रत्येक मरम्मति दल के साथ एक मिस्त्री एवं दो हेल्पर आवश्यक संसाधनों के साथ उपलब्ध है, जो प्रत्येक प्रखंड के प्रत्येक पंचायतों में दो दिनों तक भ्रमणशील रहकर मरम्मति का कार्य करेंगे। सभी कनीय अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल को सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर अकार्यरत पड़े चापाकलों की सूची तैयार करने साथ ही अनुसूचित जाति-जनजाति बसावटों, विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अकार्यरत चापाकलों की मरम्मति पर विशेष ध्यान देने की बात कहीं। साथ ही कार्यापालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल बेगूसराय एवं तेघड़ा को लगातार क्षेत्रभ्रमण कर किये जा रहे कार्य की समीक्षा करने का भी निर्देश दिया गया। ज्ञात हो कि जिले में कुल 20776 चापाकल है। लोक स्वास्थ्य प्रमंडल बेगूसराय अंतर्गत 252 एवं लोक स्वास्थ्य प्रमंडल तेघड़ा अंतर्गत 267अतः जिला अंतर्गत 519 चापाकलों की मरम्मति एक माह के अंदर किये जाने का लक्ष्य है।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### दो बाइक की टक्कर में तीन युवक घायल

**गुठनी /सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुठनी दरौली मुख्य मार्ग पर बौड़ी गाँव के समीप दो बाइक की सीधी टक्कर में बाइक चालक व सवार तीनों लोग घायल हो गये। घायलों को गुठनी सामुदायिक स्वास्थ केंद्र लाया गया जहां से प्राथमिक इलाज के बाद सिवान सदर रेफर कर दिया गया।



घायलों की पहचान हुसैनगंज निवासी बीरेंद्र मांझी के पुत्र बबलू कुमार(23 वर्ष) हुसैनगंज के खैराटी गांव निवासी राजेश्वर यादव के पुत्र राजा कुमार(18 वर्ष) तथा यूपी के बलिया जिला के खरीद गांव निवासी राजन प्रसाद के पुत्र रंजीत कुमार( 30 वर्ष) के रूप में हुई है। चिकित्सक नीरज कुमार ने तीनों घायलों की पहचान करवाने के बाद उनके परिजनों को सूचित करवा दिया। घायल तीनों लोगों के संबंधी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुच कर बेहतर इलाज के लिये हायर सेंटर लेकर चले गये। गुठनी पुलिस दोनों बाइक को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल कर रही है।

### युवती ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मानपुर थाना क्षेत्र कमलानगर मे एक युवती द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने डेड बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेतिया भेज दिया। मृतक की पहचान सूरज राम की पत्नी प्रतिमा कुमारी 27 बतायी जाती है। थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया की ननकार मोतीहारी निवासी मृतक की मां के आवेदन पर पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### होली मिलन समारोह का आयोजन

**मैनाटाड़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इनरवा बाजार में मंगलवार को ई अभिनंदन कुमार की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के प्रबुद्ध लोग शामिल रहें। मौके पर उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। वहीं ई अभिनंदन कुमार ने कहा कि होली पर्व आपस में प्रेम और भाईचारा बढ़ाता है।हम सबों को एक दूसरे के धर्म का आदर करना चाहिए। होली पर्व एक दूसरे को अच्छे ढंग से रहने की सिख देता है। मौके पर भुटानी साह, डॉ अमर सिंह, अनिल कुमार,रामबाबू कुमार,भुलाई यादव,गौरव विशाल कुमार, मुकेश कुमार सहित दर्जनाधिक प्रबुद्ध लोग मौजूद रहें।

### सदन में उठा आवारा पशुओं के आतंक का मामला

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर में आवारा पशुओं एवं उससे आमजन को होने वाली परेशानी को देखते हुए नरकटियागंज विधायक रश्मि वर्मा ने सदन में आधुनिक पशुशाला निर्माण की माग उठायी है। विधायक ने सदन में कहा है कि नरकटियागंज में आवारा पशुओं के आतंक से शहर के लोगो का जीना दूभर हो गया है। उन्होंने आधुनिक पशुशाला का निर्माण कर आवारा पशुओं को रखने की मांग की है। विधायक ने कहा कि सरकार की ओर से सकारात्मक आश्वासन दिया गया है। उम्मीद है कि नरकटियागंज के लोगो को जल्द आवारा पशुओं के आतंक से निजात मिलेगी।

### नाबालिग का अपहरण, मां ने पुलिस से लगाई गुहार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से एक नाबालिग का अपहरण कर लिये जाने का मामला सामने आया है। मामले में नाबालिग की मां ने शिकारपुर थाना में प्रथमिकी दर्ज कराई है। एफआईआर में नाबालिग की मां ने बताया है कि 9 मार्च की दोपहर उसकी बेटी स्वेटर बुनने की बात कह घर से निकली। उसके बाद घर नही आई है। काफी खोज बिन करने के बाद भी उसका कोई सुराग नही मिल सका है। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि मामले में प्रथमिकी दर्जकर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### मैनाटांड़ पुलिस के हत्थे चढ़ा दो गांजा तस्कर

**मैनाटांड़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मैनाटांड पुलिस ने थाना क्षेत्र में अलग अलग जगहों पर छापेमारी कर गांजा के दो धंधेबाजों को धर दबोचा है। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि मंगलवार की सुबह गश्ती के दौरान रामपुरवा गांव से सटे बेलवाडीह के पास एक संदिग्ध व्यक्ति जो पिपरपाती की ओर से आ रहा था। उसे संदिग्ध हालत में देख कर उसे रोक कर जांच की गयी तो उसके पास से 520 ग्राम गांजा जब्त हुआ। गांजा के साथ पकड़ा गया व्यक्ति थाना क्षेत्र के मैनाटाड़ निवासी कन्हैया महतो है। उससे जब सघन पूछताछ की गई तो उसने पिपरपाती गांव से गांजा खरीदने की बात बताया। उससे पुछताछ करने के बाद पिपरपाती के रजमुद्दीन मियां के घर में छापेमारी कर साढ़े सात किलो गांजा के साथ रजमुद्दीन मियां को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि उक्त दोनों धंधेबाजों को जेल भेज दिया गया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि रजमुद्दीन मियां के खिलाफ पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के तहत मैनाटांड़ थाने में कांड 107/17 केस भी दर्ज हुआ है।



### दो फेरों में चलेगी डिब्रूगढ़-गोरखपुर-डिब्रूगढ़ होली त्यौहार स्पेशल ट्रेन

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रेलवे प्रशासन द्वारा होली त्यौहार के अवसर पर यात्रियों की सुविधा हेतु 05978/05977 डिब्रूगढ़-गोरखपुर-डिब्रूगढ़ होली विशेष गाड़ी का संचलन डिब्रूगढ़ से 12 एवं 19 मार्च दिन बुधवार को तथा गोरखपुर से 13 एवं 20 मार्च, 2025 दिन बृहस्पतिवार को 02 फेरों के लिये किया जायेगा. 05978 डिब्रूगढ़-गोरखपुर होली विशेष गाड़ी 12 एवं 19 मार्च, 2025 दिन बुधवार को डिब्रूगढ़ से सुबह 09.10 बजे प्रस्थान कर गुवाहाटी से रात्रि 07.55 बजे दूसरे दिन न्यू जलपाईगुड़ी से सुबह 04.15 बजे, कटिहार से सुबह 08.05 बजे, समस्तीपुर से सुबह 11.45 बजे, मुजफ्फरपुर से दोपहर 12.50 बजे, हाजीपुर से दोपहर 01.42 बजे, छपरा से अपराह्न 03.45 बजे तथा सीवान से शाम 04.40 बजे छूटकर गोरखपुर 19.00 बजे पहुंचेगी.वापसी यात्रा में 05977 गोरखपुर-डिब्रूगढ़ होली विशेष गाड़ी 13 एवं 20 मार्च दिन बृहस्पतिवार को गोरखपुर से रात्रि 09.30 बजे प्रस्थान कर देवरिया सदर से रात्रि 10.36 बजे, सीवान से रात्रि 11.57 बजे, दूसरे दिन छपरा से रात्रि 01.35 बजे, हाजीपुर से रात्रि 02.45 बजे, सुबह मुजफ्फरपुर से 03.40 बजे, न्यू जलपाईगुड़ी से अपराह्न 03.00 बजे तथा गुवाहाटी से रात्रि 10.40 बजे छूटकर तीसरे दिन डिब्रूगढ़ सुबह 10.30 बजे पहुंचेगी.

# सांसद ने जल-जमाव भूमि को मछली पालन के लिए विकसित करने का मामला उठाया

**महाराजगंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल ने लोकसभा में नियम-377 के अधीन सुचना के अंतर्गत मामला सदन के पटल पर रखा. सांसद ने कहा कि मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत सारण व सीवान जिला के लगभग तीन हजार हेक्टयर भूभाग वाला एक बहियारा व धुरदह चवर है. इसके साथ ही मेरे संसदीय क्षेत्र का हिस्सा महाराजगंज, गोरियाकोठी, एकमा, मांझी, बनियापुर व तरैया विधानसभा क्षेत्र में हजारों एकड़ ऐसे जमीन है. जहां बारहों मास जल जमाव रहता है. मत्स्य विकास परियोजना के तहत इस चवर में बड़े-बड़े तालाबों का निर्माण करके इसे मछली पालन का हब



बनाया जा सकता है.इस चवर को मछली पालन के हब के रूप में विकसित करने के लिए पूर्व में मत्स्य पालन की पंचवर्षीय परियोजना की शुरूआत 2018 में की गई थी , लेकिन यह परियोजना पूर्ण रूप से मूर्तरूप नहीं ले सका. इसलिए इस परियोजना को पूर्णरूप दिया जाए. जलीय कृषि से भी संबंधित परियोजना का शुरूआत कराये जाने की मांग अध्यक्ष के माध्यम से संबंधित मंत्री से की है. कहा है कि मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ,कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के मंत्री से चवर का विकास करने के लिए शीघ्र आवश्यक कदम उठाने का मांग किया. ताकि महाराजगंज संसदीय क्षेत्र के किसानों एवं मत्स्य पालकों के लिए रोजगार का अधिक से अधिक श्रृजन होने के साथ आर्थिक सुदृढ़ीकरण भी हो सके.

# 10 हजार रिश्वत लेते भैरोगंज का दारोगा गिरफ्तार

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बगहा पुलिस जिला अंतर्गत मंगलवार को भैरोगंज थाना में पदस्थापित एस आई ओमप्रकाश गौतम को निगरानी टीम ने 10 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।और निगरानी टीम ने कागजी प्रक्रिया पूरी करते हुए ओमप्रकाश गौतम को अपने साथ ले गई ।उक्त जानकारी देते हुए निगरानी विभाग के डीएसपी ने दी । निगरानी डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार एस आई ओमप्रकाश गौतम के विरुद्ध निगरानी विभाग पटना में भैरोगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत परसौनी गांव निवासी शैलेश सिंह ने लिखित शिकायत दर्ज कराया था की भैरोगंज कांड संख्या 4 /25 व कांड संख्या 5 /25 भूमि विवाद मामला दर्ज हैं जिसमें केश के अनुसंधानकर्ता ओमप्रकाश गौतम द्वारा मेरे पिता का केश से नाम हटाने के साथ केश से बरी करने के नाम पर 10 हजार रुपए रिश्वत की मांग किया जा रहा है।जिस पर निगरानी विभाग द्वारा गंभीरता से लेते हुए जांच कर कार्यवाई के लिए टीम गठित किया गया था। निगरानी विभाग के डीएसपी ने बताया कि सात सदस्यीय टीम ने भैरवगंज थाना पहुंचे और निगरानी टीम के द्वारा एस आई ओमप्रकाश गौतम के क्वाटर पहुंच पूछताछ जांच पड़ताल के दौरान उसके बेड पर तकिया के नीचे छुपा कर रखें 10 हजार रुपए रिश्वत को रंगे हाथों बरामद किया।निगरानी डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार एस आई ओमप्रकाश गौतम के बारे में वरीय पुलिस पदाधिकारी को सूचना दे दी गई है। और गिरफ्तार एस आई को पटना ले जाया जा रहा है। इसके बाद मुजफ्फरपुर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

# मठिया से जुड़ा साइबर क्राइम का तार

## पुलिस कर रही युवक की तलाश

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** साइबर क्राइम का तार लौरिया के मठिया गांव से जुड़ने की खबर से थाना क्षेत्र में सनसनी फैल गई है तो लोगों में इसकी चर्चा जोरो पर है वहीं सूत्रों की माने तो स्थानीय पुलिस हर एंगल से इसकी जांच करने में जुट गई है। बताया जाता है कि पुलिस दो तीन युवक और उसके परिजनों को थाना लाकर मामले को खंगाल रही है। परंतु अभी कुछ भी बताने से गुरेज कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात्रि पुलिस दल मठिया गांव पहुंच कई संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी कर कुछ युवक और उसके परिजनों को थाना लाकर पूछ ताछ कर रही है। इधर साइबर क्राइम का शिकार हुए ग्रामीण चंदन पासवान पिता शुकदेव पासवान ने स्थानीय थाना में आवेदन देकर गुहार लगाया है कि उसके ग्रामीण रवि कुमार उर्फ मंटू मस्ताना पिता हरिशंकर प्रसाद ने माह नवंबर 24 में इनसे मुलाकात कर एसबीआई बैंक में खाता खोलने को बोला तथा बताया कि खाता खुलते ही खाता में पांच हजार रुपया चला आएगा। जिसके बाद खाता खुलवाने और अप का सिम लेने के बाद उक्त रवि कुमार पासबुक रख लिया और देने में आनाकानी करने लगा।

पीड़ित ने आगे बताया कि बाद में पता चला कि ऐसी बात कई लोगों को बोलकर उनका भी पासबुक रख लिया है और करोड़ों रुपए अर्जित कर आलीशान घर का निर्माण करा रहा है तो केश मुकदमा का भय दिखा अपना पास बुक वापस लिया है । जिसके विरुद्ध कानूनी करवाई करने हेतु आवेदन दिया है। वही हर तरफ चचाओं का बाजार गर्म है।

# 30 लोगों को लौटाया गया ऑपरेशन मुस्कान के तहत मोबाइल

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत मंगलवार को पुलिस अधीक्षक डा. शौर्य सुमन ने मोबाईल के वास्तविक स्वामियों को पुलिस कार्यालय में सौंपा। एसपी डा. शौर्य सुमन ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत इस कार्य को अंजाम दिया गया है। मोबाईल की अनुमानित लागत 3 लाख से अधिक है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत अबतक कई लोगो को उनके खोये हुए मोबाईल को बरामद या ढुढते हुए पुलिस ने वास्तविक स्वामियों को खोज उन्हें सौंप दिया है। और आगे भी पुलिस लगातार मोबाईल को बरामद कर लोगो को सौंपते रहेगी। यह अभियान लगातार चलता रहेगा। इसके लिए पुलिस कार्यालय में तैनात डीआईओ की टीम सुबह में इसी कार्य को करती रही है। उन्होंने बताया कि विगत 15 फरवरी को हीं जिले के 33 मोबाईल स्वामियों को उनके मोबाईल को बरामद करते हुए सौंपा गया था। इस बार फिर 30 मोबाईल फोन बरामद करते हुए उनके वास्तविक स्वामियों को लौटाया गया है। अपने कार्यालय में पुलिस अधीक्षक डा. शौर्य सुमन ने लोगों को उनका गुम हुआ मोबाइल फोन सौंपा। लंबे अरसे से गायब मोबाइल को फिर से प्राप्त कर लोगों के



चेहरे पर खुशी लौट गई। विभिन्न थाना क्षेत्रों में ये मोबाइल फोन चोरी या गुम हुए थे। लोगों ने इसकी शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत के आलोक में मोबाइल फोन ढूंढ कर उन्हें वापस किया गया है। गुम होने के बाद फिर से मोबाइल प्राप्त करने वाले लोगों ने कहा कि मोबाइल फोन गुम हो जाने के बाद इसके मिलने की उम्मीद छोड़ दिए थे। काफी दिन बीत जाने के बाद अब यह जेहन से निकल गया था। अचानक पुलिस ने सूचना दी कि उनका मोबाइल मिल गया है आकर ले जाए। यह सुनकर काफी खुशी हुई। अपना मोबाइल फोन पाकर काफी अच्छा लग रहा है।

# बाबू कुंवर सिंह तेगवा बहादुर बांग्ला में उड़ेला अबीर

**छपरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सारण्य की सभ्यता संस्कृति को अक्षुण्ण बनाएँ रखने व संस्कृति को संरक्षित करने हेतु सारण्य महोत्सव द्वारा होलिकोत्सव 2025 का आयोजन छपरा के नगर निगम चौक राजेन्द्र स्मारक पर सारण्य महोत्सव के बैनर तले होलीकोत्सव का रंगारंग आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ स्वस्ति वाचन, भोजपुरी संस्कार गीत और बटोहिया गीत से हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक जितेन्द्र राय, मेयर लक्ष्मी नारायण गुप्ता, सारण्य महोत्सव के संरक्षक रामदयाल शर्मा, डॉक्टर कामेश्वर प्रसाद सिंह, डॉ हरेंद्र सिंह, अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश राज, महासचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, कुमार कुमार सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया। गाई के गोबर महादेव संस्कार गीत से प्रारंभ समारोह में भोजपुरी के राष्ट्रीय गीत सुनदर सुभुमी भईया भारत के देशवा हो के साथ हीं कई होली गीतों की प्रस्तुति स्थानीय कलाकारों ने दीं। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रियन्का कुमारी, सोनम मिश्रा, डाली सिंह, सुनील कुमार सिंह, शुभम कुमार ने होली गीत गाकर सबको झुमने पर



मजबूर कर दिया। बाबू कुंवर सिंह तेगबहादुर बंगला में उड़ेला गुलाल, होली खेले रघुवीरा अवध में, रंग बरसे भींगे चुनर वाली रंग बरसे, पनिया लाले लाल ऐ गौरा हमरो के चाही सहित दर्जनो होली गीत पर श्रोता झूम उठे। मंच के टंच कलाकार हास्य सम्राट सत्येन्द्र दूरदर्शी ने हँसा हँसा कर सभी के पेट में दर्द करा दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्र प्रकाश राज ने किया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव श्याम बिहारी अग्रवाल ने किया। आगत अतिथियों का स्वागत सीए अमित कुमार ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर सम्पूर्णा नन्द सिंह ने किया। होलिकोत्सव पर सभी अतिथियों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ज्योतिष पाण्डेय, कृष्ण मेनन, डॉक्टर देवेश कुमार सिंह, सुभाष ओझा, आमोद सहाय, मणी कान्त सिंह, विनोद सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, ज्ञानेश वर्मा आदि ने सराहनीय सहयोग किया।

# 60 सीटों पर चुनाव लड़ेगी वीआइपी

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राज्य में पार्टी के साथ आठ से दस प्रतिशत वोट हैं। बिहार में वीआईपी पार्टी 150 सीटों पर निर्णायक भूमिका में है। इन सीटों पर वह परिणाम प्रभावित करने की ताकत रखते हैं। विधानसभा चुनाव में हमारी पार्टी 60 सीट पर चुनाव लड़ेगी। शेष सीटो पर सहयोगियों के लिए छोड़ेंगे। उक्त बातें विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के सुप्रीमो मुकेश सहनी ने कहा। वे मंगलवार को वाल्मिकीनगर से आयोजित दो दिवसीय प्रदेश और राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम टिकट मांगने वाले नहीं, बांटने वाले हैं। हम 243 सीटों पर चुनाव लड़ सकते हैं, लेकिन हम चाहते हैं कि समझौता हो। हमारे लिए गठबंधन जरूरी है। उन्होंने सहयोगियों को भरोसा देते हुए कहा कि जहां पर हमारे सहयोगी लड़ेंगे,वहां हम उन्हें जीताने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में चार नहीं, 40 विधायक बनाना है। उन्होंने कहा कि जब 60 सीट पर चुनाव लड़ेंगे और 40 से 50 सीट पर चुनाव जीतकर जरूर आएंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आज से ही सभी सीटों पर चुनाव की तैयारी में जुट जाने की अपील की।श्री सहनी ने यह भी कहा कि 50 प्रतिशत सीट हम पिछड़ा, अति पिछड़ा और एससी के लिए सुरक्षित करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनने पर वीआईपी का उप मुख्यमंत्री होगा। इस बैठक में अन्य और कई प्रस्ताव स्वीकृत किये गये। बैठक के अंत में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया और सभी लोगों ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

# होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुमंडल पदाधिकारी, बगहा की अध्यक्षता में होली एवं रमजान से संबंधित शांति समिति की बैठक की गई। जिसमें अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बगहा, कार्यपालक अभियंता विद्युत, जिला समादेष्टा बगहा, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद बगहा एवं रामनगर प्रखंड विकास पदाधिकारी, बगहा एक एवं बगहा दोअंचल अधिकारी बगहा कार्यक्रम पदाधिकारी बगह, एवं रामनगर, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी बगहा एवं रामनगर तथा अन्य सभी शांति समिति के सदस्यगण बैठक में भाग लिये, जिसमें होली एवं रमजान को आपसी भाईचारा एवं सौहार्द पूर्वक मानाने का निर्णय लिया गया। साथ ही एक-दूसरे के धार्मिक रीत-रिवाजों और परंपराओं का सम्मान करते हुए हिंसा एवं भेदभाव से बचने का अनुरोध किया गया।

# शिक्षाविद् व भाजपा नेता डॉ राहुल राज के नेतृत्व में हुआ होली मिलन समारोह का आयोजन

## शिक्षकों की समस्याओं के समाधान को मिली पहली प्राथमिकता

**छपरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिक्षाविद् व भाजपा नेता सह रिविलगंज प्रखंड प्रमुख डॉ राहुल राज की अध्यक्षता में सारण जिले के सैकड़ों की संख्या में उपस्थित शिक्षक/ शिक्षिकाओं/ वरीय शिक्षकों/ प्रभारियों के बीच छपरा शहर के भगवान बाजार में स्थित शिलशिला विवाह भवन के प्रांगण में पूरे धूम-धाम से होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी शिक्षाविद् व भाजपा नेता सह रिविलगंज प्रखंड प्रमुख डॉ राहुल राज के करकमलों द्वारा किया गया। इसके अंतर्गत मंच संचालन का कार्य सुजीत कुमार सिंह के द्वारा बखूबी किया गया जिन्होंने अपनी बातों से सभी उपस्थित लोगों को अत्यधिक प्रभावित किया। कार्यक्रम के आयोजन के दौरान उपस्थित सभी शिक्षकों ने पूर्ण हर्षोल्लास के साथ एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाते हुए गले लगाकर बधाईयां एवं शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि डॉ राहुल



राज ने समस्त शिक्षक/शिक्षिकाओं को होली पर्व की शुभकामना के साथ संबोधित करते हुए कहा कि विगत कई वर्षो से शिक्षक/शिक्षिका तमाम समस्याओं को लेकर चक्कर काट रहे हैं, फिर भी उन्हें संतुष्टिप्रद समाधान प्राप्त नहीं हो पा रहा है। डॉ राहुल राज ने सभी शिक्षकों को आश्वस्त करते हुए कहा कि अब उनकी यह समस्या केवल उनकी समस्या नहीं है बल्कि समस्त निवार्चन क्षेत्र के शिक्षकों की समस्या है, हमारी समस्या है और अब यह समस्या समस्या तक ही नहीं रहेगी बल्कि शीघ्र ही इसका पूर्ण समाधान होकर रहेगा। आवश्यक है तो बस एकजुट रहने की। उपस्थित सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के तमाम शिक्षक बंधुओं ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराते हुए एक नई सोच, एक नया विश्वास, एक नई आशा और एक नए बदलाव के साथ शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी व शिक्षाविद् डॉ राहुल राज का समर्थन करते हुए उत्साह प्रकट किया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन का कार्य डॉ पंकज के द्वारा किया गया। इस समारोह के दौरान पुनीत रंजन, योगेंद्र राम, जयशंकर गुप्ता, पंकज कश्यप, राजकुमार पाल, अशोक यादव, मकसूद आलम अंसारी, राजेश कुमार सिंह, विजेंद्र साह, सफदर अली, देवेंद्र सिंह, रवीना कुमारी, जुली कुमारी, रचिता तिवारी, सलोना ओझा, ममता सिंह समेत सैकड़ों की संख्या शिक्षक/शिक्षिकागण उपस्थित लोगों में उत्साह देखने को मिला।

# 34 लोगों को मिला जनवितरण प्रणाली का लाइसेंस

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लंबे अरसे से इंतजार कर रहे बेतिया अनुमंडल के 34 आवेदको के खुशी का ठिकाना नही रहा। मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में चयनित अभ्यर्थियों को जनवितरण प्रणाली का अनुज्ञापत्र प्रदान किया गया। यह अनुज्ञापत्र अनुमंडल पदाधिकारी डा. विनोद कुमार ने दिया। मौके पर अजीत कुमार झा, अनुमंडल आपूर्ति पदाधिकारी भी मौजूद थे। एसडीएम डा. विनोद कुमार ने अनुज्ञापत्र देने के बाद संबंधित जनवितरण प्रणाली दुकानदारों को कहा कि लाईसेंस देते हुए मुझे खुशी है। आप सब भी अपने कार्य को ईमानदारी और नियमानुकूल करें। एसडीएम ने बताया कि सदर अनुमंडल के चार प्रखंडों में 34 नए जनवितरण दुकानों के लिए लाइसेंस दिए गए। इन सभी का चयन समिति



ने किया था। चयन समिति की अनुशंसा के बाद चयनित अभ्यर्थियों को अनुज्ञप्ति दी गई। गौरतलब है कि मंगलवार को जिस प्रखंडों के लिए जनवितरण प्रणाली की दुकान की अनुज्ञप्ति दी गई उनमें मझौलिया प्रखंड में 12 लोगों को अनुज्ञप्ति दी गई, जिसमे विनीता कुमारी, खुशबू कुमारी, अब्दुल गफ्फार, वीरेंद्र कुमार यादव, रंजना कुमारी, धनीलाल पंडित, शत्रुघ्न कुमार, आरती कुमारी, मधु कुमारी, मृत्युंजय शाही को मिला। इसी तरह चनपटिया प्रखंड में कुल 9 लोगों को अनुज्ञप्ति मिली। जिनमे अजय कुमार, आंचल पांडेय, प्रेम प्रसाद कुशवाहा, उमा कुमार, संजीव कुमार, रंजू देवी, सरिता देवी और खुशबू सिंह शामिल हैं। इसी तरह नौतन प्रखंड में 10 लोगों को अनुज्ञप्ति मिला, जिनमे रूबी कुमारी, सुरेश प्रसाद, प्रकाश कुमार, नीतू कुमार, संजय पासवान, सेतुबंध राम, शिवजी प्रसाद, रंजन कुमार द्विवेदी, अंगिरा कुमारी, रानी कुमारी शामिल है। जबकि बैरिया प्रखंड में 3 लोगों को अनुज्ञप्ति दी गई। जिनमे प्रदीप कुमार, प्रियंका कुमारी और बलिराम कुमार शर्मा शामिल हैं।

# स्कूल में मोबाइल ले जाने पर छात्र की बेरहमी से पिटाई

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मोबाइल लेकर स्कूल जाने पर शिक्षक ने एक छात्र की बेरहमी से पिटाई कर दी है। मामला नरकटियागंज के चानकी पिपरा गांव का है।मामले में चानकी पिपरा गांव निवासी छात्र के मामा महताब आलम ने शिकारपुर थाना में आवेदन दिया है। पुलिस को दिए आवेदन में उसने बताया है कि उसका भांजा परवेज आलम चानकी पिपरा स्कूल में पढ़ता है। वह मोबाइल लेकर स्कूल चला गया। स्कूल में मोबाइल देखकर शिक्षक मो रेयाज भड़क गए और उसके भांजे की बेरहमी से पिटाई कर दी। बेसुध हालात में छात्र घर पहुँचा और पिटाई की जानकारी परिजनों को दी। वही स्कूल जाने पर उक्त शिक्षक द्वारा परिजनों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया और स्कूल का दरवाजा तक नही खोला गया। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि मामले में जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# सभी को एक रंग में रंग देता है होली का त्यौहार

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के भगवान पैलेस में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सोनी गुप्ता के अध्यक्षता में होली मिलन समारोह आयोजित हुआ. कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पार्षद अनिता देवी कुशवाहा एवं नगर पार्षद गायत्री देवी शामिल हुई.




इस अवसर पर उपस्थित सभी महिलाओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर आपस में प्रेम बांटा एवं पारिवारिक होली की मिठाई पुडकिया, नारियल, छुहाड़ा, फल इत्यादि खिलाएं.इस अवसर जिला अध्यक्ष सोनी गुप्ता ने कहा यह होली त्योहार सभी को एक रंग में रंग देता है. क्या बूढ़े, क्या युवा, क्या बच्चे और महिलाएं भी इसमें पीछे नहीं रहती. यह उल्लास एवं उमंग वाला त्योहार है. इस त्योहार का लोग सालों इंतजार करते हैं और यह त्योहार सप्ताह तक मनाया जाने वाला त्योहार है. इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष आशा रंजन,जिला महामंत्री अर्चना सिंह, जिला मिडिया प्रभारी प्रेम पालंक सिन्हा, रूपल आनन्द, प्रेक्षा श्रीवास्तव, तारा देवी, शर्मिला देवी, शिल्पी वर्णवाल, प्रिती अग्रवाल, अनामिका सिंह, कविता यादव,प्रतिमा साहू,मंगला देवी,पूर्व पंचायत समिति सदस्य इंद्रावती देवी कुशवाहा, गुड़िया देवी, रूपा कुमारी, मधु देवी,पूजा कुमारी,हिरामुनी देवी इत्यादि महिलाएं होली के उमंग में शामिल हुई.

# सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मंगलवार को भी औरंगाबाद के अलग-अलग स्थानों पर हुई दो सड़क दुर्घटनाओं में एक पुरूष एवं एक महिला की मौत हो गई। पहली घटना जिले के फेसर थाना क्षेत्र के ममका मोड़ के पास हुई, जहां बाइक पर सवार 22 वर्षीय सुदर्शन सिंह की मौत हो गई, वहीं उनकी 50 वर्षीया घायल पत्नी रीता देवी की हालत गंभीर बतायी जा रही है। दूसरी घटना रफीगंज-गोह पथ के मखदुमपुर गोवर्धन बिगहा के पास घटित हुई, जिसमें 40 वर्षीया नीलम कुमार का निधन हो गया, वहीं उनके 18 वर्षीय पुत्र शुभम इलाजरत हैं।

**औरंगाबाद ब्यूरो के अनुसार**

एक अज्ञात कार ने बाइक सवार दंपत्ति को टक्कर मार दी जिसमें पति की मौके पर मौत हो गईं जबकि पत्नी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। घटना फेसर थाना क्षेत्र के ममका मोड़ की है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के कर्जा गांव निवासी 55 वर्षीय सुदर्शन सिंह के रूप में की गई है। जबकि उनकी 50 वर्षीया पत्नी रीता देवी इलाजरत है। जानकारी के अनुसार सुदर्शन सिंह अपनी पत्नी रीता देवी को लेकर करमा रोड स्थित एक निजी अस्पताल जा रहे थे। ममका मोड़ के पास पहुंचते ही हादसा हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रीता देवी बाइक से गिर पड़ीं। सुदर्शन सिंह को कार कुछ दूर तक घसीटती हुई ले गई। इस दौरान मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों को सदर अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने सुदर्शन सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं रीता देवी की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें गोपाल नारायण सिंह मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल जमुहार रेफर कर दिया गया। परिजनों ने जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजे की मांग की है। इधर घटना के बाद भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मितेंद्र कुमार सिंह, परसडीह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अमरेश सिंह, अनिल सिंह, कामता सिंह समेत अन्य लोगों ने शोक प्रकट किया है।



रफीगंज स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में प्रशासन एवं परिजन

**रफीगंज संवाददाता के अनुसार**

रफीगंज-गोह पथ के मखदुमपुर गोवर्धन बिगहा के पास एक बाइक को अज्ञात ट्रैक्टर ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें बाईक सवार महिला की मौत हो गयी एवं चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतका की पहचान रफीगंज के औरवां गांव निवासी विनोद चंद्रवंशी की 40 वर्षीया पत्नी नीलम कुमारी एवं घायल चालक इनके पुत्र 18 वर्षीय शुभम कुमार के रूप में हुई है। इससे पहले राहगीर सुधीर कुमार, छोटु कुमार, पूर्व मुखिया शहजादा शाही, फहद शाही एवं डायल 112 की पुलिस टीम ने दोनों को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां चिकित्सकों ने नीलम को मृत घोषित कर दिया तथा शुभम को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। मृतका के पति विनोद चंद्रवंशी पंजाब के लुधियाना में मजदूरी का कार्य करते हैं। घटना की जानकारी मिलते ही एसआई किशो कुमार, एएसआई गोविंद मिश्रा, पीटीसी जेपी दुबे सहित अन्य लोग समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में जुट गए।

# सभी मतभेद भुलाकर मनाएं होली



- भोजपुरी कलाकारों ने दी शानदार प्रस्तुति
- जमकर थिरके लोग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर से सटे रतनुआ में भाजपा नेता सतीश कुमार सिंह एवं को-ऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन संतोष कुमार सिंह के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया किया। इस कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य दिलीप सिंह, नबीनगर विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह, पूर्व सांसद बीरेंद्र कुमार सिंह सहित कई अन्य प्रमुख रूप से मौजूद रहे। सभी विशिष्ट अतिथियों का पारंपरिक पगड़ी तथा पुष्पगुच्छ द्वारा सम्मानपूर्वक अभिनंदन किया गया। इस समारोह में भोजपुरी कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में लोकगीत, नृत्य, हास्य व्यंग्य एवं कविता पाठ जैसी रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोहा। मुख्य वक्ताओं ने समाज की एकता, संस्कृति व परंपराओं के महत्व पर अपने विचार साझा किए। सभी ने कहा कि होली प्रेम व भाईचारे को बढ़ाने का त्योहार है। होली बुराइयों को जलाने और प्रेम भाईचारे को बढ़ाने का पर्व है। होली प्रकृति के निकट आने का पर्व है। होली पर विशेष रूप से पर्यावरण की रक्षा होनी चाहिए। इस त्योहार को सभी तरह के मतभेद भुलाकर मनाते हैं जिससे आपसी भाईचारा व सौहार्द के साथ समरसता का बयार बहता है। होली मिलन समारोह में शामिल सभी आगुंतकों को भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सतीश कुमार सिंह ने अबीर-गुलाल लगाकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# माधवी सिंह बनी कटिहार की मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** हाईकोर्ट पटना के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी माधवी सिंह का तबादला मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कटिहार कर दिया है। न्यायधीश माधवी सिंह औरंगाबाद में दूसरी महिला न्यायाधीश है जो प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी के रूप योगदान दी। वे 20 दिसंबर 2020 से यहां हैं, जो 30 जनवरी 2021 से एनआई ऐक्ट के स्पेशल जज बनी। 17 सितंबर 2021 में पदोन्नति के बाद एसीजेएम सह सबजज बनी। 01 जुलाई 2024 से मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पद सुशोभित कर रही है। पटना हाईकोर्ट के अधिसूचना के अनुसार व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी न्यायधीश लाल बिहारी पासवान होंगे। न्यायधीश लाल बिहारी पासवान व्यवहार न्यायालय मुंगेर में सीजेएम थे। इससे पूर्व मुंगेर में मई 2022 में प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी और मई 2023 से एसीजेएम थे।

● **मदनपुर (औरंगाबाद)।** बैंक लेनदारों द्वारा बकाया राशि जमा नहीं करने पर वे जेल जा सकतें हैं। इस संबध में बीडीओ अवतुल्य कुमार आर्य ने बताया कि 190 मामलों में एसबीआई के द्वारा दायर निलाम पत्र वाद में नोटिस निर्गत किया गया था। पुनः नियम 53 के तहत प्री बोर्डी वारंट जारी किया गया था। कई लेनदारों के द्वारा एसबीआई में अपने लेनदारी राशि जमा कर सुनवाई के समय एनओसी प्रस्तुत किया गया था जिसके वाद की कार्रवाई समाप्त कर दी गई थी।

# होली की थाप पर जमकर झूमीं विदेशी महिलाएं

- दिव्यांग बच्चों संग मनाया होली मिलन समारोह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** होली के अवसर पर अटमोस्ट पुर्नवास स्वास्थ्य एवं शिक्षा केंद्र में अटमोस्ट सर्वे फाउंडेशन, दाउदनगर द्वारा दिव्यांग बच्चों के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस खास मौके पर ऑस्ट्रेलिया की विदेशी महिला अतिथि भी शामिल हुईं और बच्चों के साथ रंगों का उत्सव मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ थाना एएसआई जय प्रकाश बाजपेयी एवं विदेशी मेहमानों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक कुमार ने की, जिन्होंने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों और अत्यंत गरीब परिवारों के लोगों के बीच खुशियां बांटना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। कार्यक्रम में मगध सम्राट ग्रुप के प्रसिद्ध गायक अखिलेश कुमार यादव ने अपनी मधुर आवाज में होली गीत प्रस्तुत कर माहौल को संगीतमय बना दिया। उनकी प्रस्तुति ने न केवल दिव्यांग बच्चों बल्कि वहां मौजूद सभी लोगों का मन मोह लिया। इस समारोह में शामिल विदेशी महिला एंजेल नाइट, लियोनेई कैस्कोइगिरे, कोर्टनी टकर, फेलिसिटी ओडिया और बेथ सीमर ने बच्चों के साथ होली खेली और उनके बीच उपहार भी वितरित किए। उन्होंने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि भारत की समृद्ध संस्कृति और समाज के प्रति यह संवेदनशीलता अतुलनीय है। संस्था के सचिव सुनील कुमार दीप ने बताया कि अटमोस्ट सर्वे फाउंडेशन दिव्यांग और जरूरतमंद बच्चों के लिए समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहा है। उन्होंने कहा कि संस्था न केवल दिव्यांग बच्चों की देखभाल करती है, बल्कि उनके समग्र विकास और आत्मनिर्भरता पर भी जोर देती है। इस अवसर पर राजेश कुमार, मनोज कुमार मधुकर, डीके कुमार, सनी कुमार, सुभाष कुमार, राजेश कुमार समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने दिव्यांग बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और समाज में समावेशिता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। यह आयोजन न केवल दिव्यांग बच्चों के उत्साह और आत्मविश्वास को बढ़ाने का माध्यम बना, बल्कि विदेशी मेहमानों को भारतीय संस्कृति और सामाजिक सरोकारों से जोड़ने का भी जरिया बना। ऐसे आयोजन समाज में समानता और सहिष्णुता का संदेश देने के साथ-साथ जरूरतमंदों के प्रति सहयोग और संवेदना बढ़ाने का कार्य करते हैं।




# मारपीट की घटना में तीन जख्मी, एक रेफर

- थानाध्यक्ष ने कहा, आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज की जा रही कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** जिले के रफीगंज प्रखंड क्षेत्र के जाखिम रेलवे गुमटी के पास मारपीट की घटना में तीन लोग घायल हो गए हैं।द घायलों का इलाज रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया जिसमें दीपक कुमार की स्थिति काफी नाजुक देख डॉक्टरों ने मगध मेडिकल कॉलेज गया रेफर कर दिया। इस संबंध में टुन्नु चौधरी ग्राम पचारिया निवासी ने थाना में आवेदन देते हुए उल्लेख किया है कि मैं और मेरा साथी दीपक कुमार पिता राजबलम चौधरी, दिलीप कुमार पिता सीताराम चौधरी जाखीम गुमटी पर नाश्ता कर रहे थे तभी कपूर यादव, रामध्यान यादव, राकेश कुमार, रोहित कुमार, रंजीत कुमार एवं छोटू कुमार आए और गाली गलौज कर लाठी डंडे एवं रॉड से मारपीट करने लगे जिसमें दीपक कुमार बुरी तरह से जख्मी हो गया। उनको बचाने के लिए गए टुन्नू चौधरी और दिलीप कुमार गए तो इनको भी मारपीट कर घायल कर दिया एवं रंजीत कुमार और उसके साथी ने 15000 छीन लिया और जान से मारने की धमकी दिया। थाना अध्यक्ष शंभू कुमार ने कहा कि आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# डीजीएम की हत्या के विरोध में निकाला कैंडल मार्च



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** झारखंड में एनटीपीसी केरेडारी कोयला परियोजना के डीजीएम कुमार गौरव की अपराधियों द्वारा किए गए हत्या के विरोध में मंगलवार को एनटीपीसी नबीनगर में कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। वहीं डीजीएम के हत्यारों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की बात कही। कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कमल शंकर उपाध्याय ने कहा कि डीजीएम की हत्या एनटीपीसी परियोजना के लिए एक महत्वपूर्ण क्षति है। हम एनटीपीसी कर्मी केंद्र सरकार को विद्युत उत्पादन कर विद्युत देने का कार्य करते हैं और अगर हम सुरक्षित नहीं होंगे तो किस प्रकार से देश को रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी भारत की ऐसी संस्था है जिसने विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया है लेकिन एनटीपीसी अधिकारी के साथ घटी यह घटना अधिकारियों में असुरक्षा की भावना पैदा करती है। ऐसे में भारत सरकार इसमें सख्त कदम उठाए और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के साथ ही पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा प्रदान करें क्योंकि ऐसी घटना एनटीपीसी के 50 वर्षों में पहली बार हुई है। मौके पर एनटीपीसी के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

# शिक्षक लापता, प्राथमिकी

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** बीते तीन दिनों से एक शिक्षक लापता हैं। वे झारखंड के पलामू जिले के कन्या उच्च विद्यालय पांडु में पदस्थापित है। वैसे शिक्षक मूलरूप से उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के रहने वाले हैं। उनकी पत्नी औरंगाबाद जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय कठौतिया में पदस्थापित हैं। इस संबध में शिक्षक की पत्नी गरिमा यादव ने आज नगर थाना में आवेदन समर्पित कर अपने 34 वर्षीय पति नागेंद्र यादव के खोजबीन की मांग की है। उन्होंने बताया कि उनके पति बिन बताए आठ मार्च से घर से निकले हैं। लेकिन आज तक घर वापस नहीं लौटे हैं। अपना फोन भी घर पर छोड़ कर चले गए हैं। दंपत्ति फिलहाल नगर थाना क्षेत्र के क्षत्रिय नगर में किराए के मकान में रहते हैं।

# शिविर से गायब दिखे पदाधिकारी, निराश लौटे लोग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** जिला प्रशासन ने प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ एवं संवेदनशील बनाने के निमित्त पंचायतवार अनुसूचित जाति- जनजाति टोलों में विकास हेतु मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के मद्देनजर शिविर का आयोजन कर पंचायत स्तर पर निष्पादित किए जाने वाले कार्यों का निरीक्षण एवं अनुश्रवण करने का आदेश जारी किया है। पंचायतवार शिविर के लिए लिए 7 से 11 मार्च तक की तिथि निर्धारित की गई है। जिसमें जन्म पंजीकरण, आधार कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में नाम शामिल करने, शौचालय एवं सामुदायिक शौचालय के निर्माण, पेयजल की व्यवस्था, राशन कार्ड का केवाईसी तथा नया राशन कार्ड निर्गत करने का निर्देश दिया गया है। परन्तु कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र में जिला प्रशासन का आदेश सिफर साबित हो रहा है। मंगलवार को महाराजगंज पंचायत के हनेयां गांव में शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में सैकड़ो लोग अपनी मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए पहुंचे परंतु शिविर से पदाधिकारी गायब दिखें। राजन कुमार चौधरी, घंटों इंतजार करने के पश्चात निराश होकर लोग वापस अपने घर लौट गए। हनेया गांव निवासी राजू कुमार ठाकुर ने बताया कि राशन कार्ड में उनका नाम नहीं जुड़ा है और उन्हें आवास योजना का भी लाभ नहीं मिल पाया है। वे दैनिक मजदूर हैं, अपना काम छोड़कर शिविर में भाग लेने पहुंचे थे। पदाधिकारीयों के अनुपस्थित रहने के कारण उनका समय बर्बाद चला गया। वहीं मौके पर मौजूद विजय साव, दिनेश ठाकुर और शंभू मेहता ने बताया कि गांव में दर्जनों लोग ऐसे हैं जिन्हें सरकार द्वारा पंचायत स्तर पर दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाया हैं। उन्होंने अधिकारियों पर आरोप लगाया है कि अनुसूचित जाति- जनजाति टोलों में शिविर होने के कारण पदाधिकारी शिविर को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। उन्होंने पुनः शिविर का आयोजन कर समस्याओं के निष्पादन की मांग की है। शिविर में विकास मित्र सोनाली प्रिया, डीलर अरविंद कुमार भारती, डीलर राजेश्वर राम तथा सीएलटीएस राजन कुमार चौधरी समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# शराब विनष्टीकरण के दौरान दो मजदूर झुलसे

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के उद्योग विभाग के समीप शराब विनष्टीकरण के दौरान आग की चपेट में आने से उत्पाद विभाग के एक कर्मी समेत दो लोग गंभीर रूप से झुलस गए। जख्मियों में जम्होर थाना क्षेत्र के कुरह्मा टोले बुधन बिगहा गांव निवासी अखिलेश नोनिया के पुत्र कुंदन कुमार व उत्पाद विभाग के एमटीएस रामलला शामिल है। घटना मंगलवार दोपहर की है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मी के साथ रहे अन्य मजदूरों ने बताया कि गांव के ही एक युवक द्वारा शराब विनष्टीकरण करने के लिए उत्पाद विभाग द्वारा बुलाया गया था। पूर्व में भी उक्त लोगों द्वारा ही शराब विनष्टीकरण किया जाता था। इसके बदले के उन्हें मजदूरी दिया जाता था। मंगलवार को वह उद्योग विभाग के समीप शराब विनष्टीकरण कर रहा था। सभी शराब का विनष्टीकरण किया जा चुका था। शराब की कुछ गैलन पहले से ही जल रहा था। इसी दौरान कुंदन स्प्रिट उठाकर जलते आग में डालने का प्रयास किया तभी कुंदन और रामलला दोनों आग की चपेट में आ गए। आग की लपटें इतनी तेज थी कि देखते देखते कुंदन के पूरे शरीर में आग पकड़ लिया। किसी तरह उत्पाद विभाग के अन्य कर्मियों ने आग पर काबू पाया और दोनों जख्मियों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। इस दौरान सदर अस्पताल में अफरा-तफरी की स्थिति रही। सूचना पर उत्पाद अधीक्षक अनिल आजाद, इंस्पेक्टर चंदन कुमार दल बल के साथ सदर अस्पताल पहुंचे और जख्मियों का हाल जाना। इधर कुंदन की स्थिति गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं रामलला की स्थिति खतरें से बाहर होने के कारण वह सदर अस्पताल में ही इलाजरत है। इधर पुलिस की अभिरक्षा में जख्मी कुंदन को बेहतर इलाज हेतु मगध मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल गया भेज दिया गया। कुंदन का पूरा शरीर झुलस जाने के कारण उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है।

बिहार सरकार
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग

पशुपालन ज्ञान
पशुपालक कल्याण

## पशुओं पर क्रूरता से संबंधित आवश्यक बातें



- बुरी तरह से रख–रखाव करना जैसे ज्यादा बोझ डालना, बीमार या कम उम्र के पशुओं से काम लेना।
- पशुओं के कुछ सामान्य अधिकार (Animal Rights)
  - सभी प्राणियों के प्रति करूणा / सहानुभूति रखना। किसी पशु को मारना या घायल नहीं करना। किसी पशु को लावारिश नहीं छोड़ना।
  - गर्भवती एवं बीमार पशु का वध नहीं करना। पशुओं को पर्याप्त भोजन, पानी, स्थान, व्यायाम आदि से वंचित नहीं करना।
  - आवश्यकता से कम जगह पर अत्यधिक पशुओं को बांधकर नहीं रखना या ढुलाई करना। पशु बलि गैर कानूनी है। पशुओं / पक्षियों को जबरन आपस में नहीं लड़ाना। पक्षियों के घोंसला नहीं तोड़ना या अंडों को बर्बाद नहीं करना एवं पेड़ की उन शाखाओं को नहीं काटना जिनपर घोंसले हों।
- कोई व्यक्ति राज्य से बाहर गाय, भैंस, बाछा–बाछी, पाड़ा–पाड़ी, भैंसा, साँढ़ एवं बैल का निर्यात नहीं करेगा। इस उपबन्ध के उल्लंघन करने वाले को छः माह का कारावास या 1000 / – रू. का जुर्माना या दोनों के दंड का प्रावधान है।
- राज्य के प्रत्येक जिला में सोसायटी के द्वारा तस्करी के रूप में पकड़े गये पशुओं को निकटवर्ती गोशलाओं / कांजी हाउस में अस्थायी रूप से रखा जायेगा एवं वहीं पर उनका रख–रखाव, चारा–दाना एवं दवा की व्यवस्था जिला पशुपालन पदाधिकारी के द्वारा की जायेगी।
- The Cattle Trespass Act, 1871 एवं Prevention to Cruelty to (Animal Care and Maintenance of Care Property Animal) Rules 2017 के आलोक में उक्त पशुओं की विमुक्ति के लिए कार्रवाई की जायेगी।
- राज्य के प्रत्येक जिला में जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में पशु क्रूरता निवारण समिति गठित है जिसके सचिव जिला पशुपालन पदाधिकारी होते हैं। जिला पशु क्रूरता निवारण समिति का कार्यकाल 5 वर्षों का है जिसमें सरकारी पदाधिकारियों के अलावा चार गैर सरकारी सदस्य भी होते हैं। पशुओं पर क्रूरता पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है तथा भारत के संविधान की धारा–48 48(a) एवं 51 A (g) की भावनाओं के प्रतिकूल है। पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960, पशु परिवहन नियमावली 1978 एवं संशोधित परिवहन नियमावली 2009 का पालन किया जाना है जो निम्न प्रकार है।

**भिन्न–भिन्न प्रकार के पशुओं को रखने हेतु स्थान की अनुमान्यता :**

| | |
|---|---|
| 200 किलोग्राम के गो जाति हेतु | 1 वर्गमीटर |
| 200–300 किलोग्राम के गो जाति हेतु | 1.20 वर्गमीटर |
| 300–400 किलोग्राम के गो जाति हेतु | 1.40 वर्गमीटर |
| 400 किलोग्राम भार के ज्यादा के गो जाति हेतु | 2.0 वर्गमीटर |

**वाहन द्वारा पशुओं की ढुलाई हेतु स्थान की अनुमान्यता : गो जाति हेतु**

| वाहन का आकार लम्बाई × चौड़ाई (मीटर) | वाहन का फर्श क्षेत्रफल (वर्गमीटर) | गो जाति की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 200 कि.ग्रा. वजन वाले गो जाति के पशु | 200–300 कि.ग्रा. वजन वाले गो जाति के पशु | 300–400 कि.ग्रा. वजन वाले गो जाति के पशु | 400 कि.ग्रा. वजन से अधिक वाले गो जाति के पशु |
| 6.9 × 2.4 | 16.56 | 16 | 14 | 12 | 8 |
| 5.6 × 2.3 | 12.88 | 12 | 10 | 8 | 6 |
| 4.16 × 1.9 | 7.904 | 8 | 6 | 6 | 4 |
| 2.9 × 1.89 | 5.481 | 5 | 4 | 4 | 2 |

**घोड़ा जाति हेतु**

| घोड़ा | ढुलाई हेतु स्थान (वर्गमीटर) |
|---|---|
| वयस्क घोड़ा | 2.25 |
| घोड़ी (गर्भवती सहित) | 2 |
| छोटा घोड़ा/घोड़ी | 1.5 |
| घोड़ी का बच्चा (6 माह से 12 माह) | 1.4 |
| घोड़ी का बच्चा (12 माह से 18 माह) | 1.6 |
| घोड़ी का बच्चा (18 माह से उपर 2 वर्ष तक) | 2 |
| घोड़ी बच्चा सहित (6 माह तक) | 2.25 |

**भेड़ एवं बकरी जाति हेतु**

| वजन | ढुलाई हेतु स्थान (वर्गमीटर) | |
|---|---|---|
| | ऊन वाला | बिना ऊन वाला |
| 20 किलोग्राम से अधिक नहीं | 0.17 | 0.16 |
| 20 किलोग्राम से 25 किलेग्राम तक | 0.19 | 0.18 |
| 25 किलोग्राम से 30 किलोग्राम तक | 0.23 | 0.22 |
| 30 किलोग्राम से 40 किलोग्राम तक | 0.27 | 0.25 |
| 40 किलोग्राम से अधिक | 0.32 | 0.29 |



PR No.- 021232 (Animal)D. 2024-25

पशु क्रूरता से संबंधित शिकायत, संबंधित थाना/पुलिस अधीक्षक/ जिला पशुपालन पदाधिकारी/जिला पदाधिकारी से की जा सकती है

पशुपालन निदेशालय, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना द्वारा जनहित में प्रचारित

CMYK